CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18° C
न्यूनतम : 07° C

मुरादाबाद, शनिवार 31 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 167 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 11 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में नगर निगम कर्मी बनेंगे 'आपदा मित्र', मिलेगा 12 दिवसीय प्रशिक्षण पेज 2



ईशारानी बरुआ थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में खेल टाइम्स



क्या उप्र के मुसलमान एआईएमआईएम के राजनीतिक नारों का समर्थन करेंगे सम्पादकीय



ट्रम्प को ईरान का अल्टीमेटम, हमारे 1000 ड्रोन तैयार पेज 12

# यूपी के मंत्री अब 50 करोड़ तक कर सकेंगे खर्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक तेज, सरल और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब विभागीय मंत्री स्तर पर 50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति दी जा सकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में राज्य की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, डिजिटल वित्तीय सुधार, कोषागार और पेंशन प्रणाली सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को वित्त मंत्री की मंजूरी मिलेगी, जबकि 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य होगी। इससे विकास परियोजनाओं को समय पर मंजूरी मिल सकेगी और कार्यों की गति तेज होगी। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना हर हाल में 15 अप्रैल तक स्वीकृत करा लें। समय सीमा का पालन न करने वाले विभागों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी परियोजना की लागत में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होती है, तो संबंधित विभाग को कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को -शेष पृष्ठ दो पर

**150 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य होगी**

**आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय का हर माह तय तिथि पर भुगतान सुनिश्चित हो: सीएम**



## पूर्व विधायक इरफान सोलंकी पर चलेगा गैंगस्टर का मुकदमा

**प्रयागराज।** कानपुर के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। गैंगस्टर के तहत दर्ज मुकदमे की कार्रवाई रद्द करने की मांग को लेकर दायर अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जनवरी को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ ने दिया है। जाजमऊ थाने में दिसम्बर 2022 को इरफान पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन आदेश सहित पूरी कार्रवाई को रद्द करने की मांग में इरफान ने हाईकोर्ट में अर्जी दायर की थी।

# सोना और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट दिखी है। खासकर चांदी तो एक ही दिन में करीब 66 हजार रुपये सस्ती हो गई, जो अब तक का इतिहास है। सोना भी 1100 रुपये टूटा, इतिहास की बड़ी गिरावट दिख रही है।

सोने-चांदी की आसमान छूती कीमतें शुक्रवार को अचानक जमीन पर लैंड कर गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शुक्रवार को चांदी का वायदा भाव करीब 66 हजार रुपये सस्ता हो गया। एक समय 4 लाख के पार जाती दिख रही चांदी की कीमत अचानक 3.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच गई। एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोने की कीमत भी करीब 7 फीसदी टूटकर 1.58 लाख रुपये के आसपास पहुंच गई है। एमसीएक्स पर एक दिन पहले ही चांदी 4 लाख के बेहद करीब पहुंच गई थी, लेकिन शुक्रवार सुबह से ही सोने और चांदी की कीमत पर दबाव दिख रहा था।

**■ चांदी 66000 व सोना भी 11000 रुपये टूटा**

## संक्षिप्त समाचार

### भारत व बांग्लादेश ने 151 मछुआरों को भेजा वापस

**नई दिल्ली/ढाका।** भारत और बांग्लादेश ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को अनजाने में पार कर चुके मछुआरों की पारस्परिक रिहाई और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया पूरी की। अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्ष इसे समुद्री सीमा संबंधी लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों के मानवीय समाधान के रूप में देखते हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बांग्लादेश के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए गए कुल 23 भारतीय मछुआरों और भारत में हिरासत में लिए गए 128 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा कर उनके चालू मछली पकड़ने वाले जहाजों के साथ उनके संबंधित देशों में वापस भेज दिया गया।

### पराक्रम दिवस पर नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड्गे के साथ-साथ कई संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संसद भवन में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में महान स्वतंत्रता सेनानी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस पर शुक्रवार को उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### रंजीत ने राज्य और राष्ट्रीय पुरस्कारों पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता पी- रंजीत ने तमिलनाडु सरकार द्वारा हाल ही में राज्य फिल्म पुरस्कार और राज्य टेलीविजन पुरस्कारों की घोषणा के बाद पुरस्कार देने वाली राष्ट्रीय और राज्य स्तर की संस्थाओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि क्या सच में वे भेदभाव से मुक्त होती हैं? श्री रंजीत ने सोशल मीडिया पर पुरस्कार प्रणालियों की ईमानदारी पर चिंता जताते हुए पूछा कि तमिलनाडु सरकार द्वारा फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के बाद मेरा आपसे एक सवाल है, क्या तमिलनाडु और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर सरकारी और निजी पुरस्कार संगठन सच में ईमानदारी से काम करते हैं? साल 2016 से 2022 तक के तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार, साथ ही 2014 से 2022 तक के राज्य टेलीविजन पुरस्कारों की घोषणा गुरुवार को की गई।

# स्कूलों में मुफ्त मिले सैनेटरी पैड

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: स्कूलों में लड़के-लड़कियों के अलग-अलग टॉयलेट हों

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ आदेश न मानने पर स्कूल की मान्यता रद्द होगी**

**■ दिव्यांगों के अनुकूल डिसेबल फ्रेंडली टॉयलेट बनाएं सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश: शीर्ष अदालत**

**■ सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से चल रही थी सुनवाई**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी।

इसके साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएं। केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने शुक्रवार को सिर्फ फैसला सुनाया है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में एक जनहित याचिका लगाई थी। उनकी मांग थी कि मेन्स्ट्रुयल हाइजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट ने कहा कि अगर स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर लड़कियों को सैनेटरी पैड नहीं मिलते तो वे लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई और गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) का हिस्सा है। अगर लड़कियों को उचित सुविधा नहीं मिलती, तो उनकी गरिमा और निजता प्रभावित होती है। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है, जहां लड़कियां मदद मांगने में झिझकती हैं। यह उन टीचर्स के लिए है, जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बंधे हुए हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो शायद यह नहीं समझ पाते कि उनकी चुप्पी का क्या असर पड़ता है। यह समाज के लिए भी है, ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम अपने सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। हम हर उस बच्ची तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं, जो स्कूल में अनुपस्थिति की शिकार बनी, क्योंकि उसके शरीर को बोझ की तरह देखा गया, जबकि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई थी। याचिका में बताया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं होते। उन दिनों (मासिक धर्म के दिनों में) कपड़ा यूज करके स्कूल जाना परेशानी का कारण बनता है। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए फ्री पैड की सुविधा नहीं है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं, स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोजल करने की सुविधा भी नहीं है, इस वजह से भी लड़कियां पीरियड्स में स्कूल नहीं जा पातीं।

# लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, सवार थे 275 यात्री

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ सऊदी जाते वक्त तकनीकी खराबी आई, मुंबई में उतरने की परमिशन नहीं मिली, तो वापस लौटा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई। इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी।

हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया। करीब 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। खराबी दूर होने पर विमान जेद्दा के लिए रवाना हो गया। यह विमान सऊदिया अरबिया एयरलाइंस का था। फ्लाइट नंबर एसवी-891 जेद्दा जा रही थी। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट और 6 क्रू मेंबर सवार हैं। जानकारी के मुताबिक, विमान का तय समय दोपहर 12:05 बजे था, लेकिन यह 12:23 बजे उड़ान भर सका। दोपहर -शेष पृष्ठ दो पर

### कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो विमान को बम से उड़ाने की धमकी, अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग

**अहमदाबाद।** बीते कुछ वक्त से विमानों को धमकी भरे संदेश लगातार मिल रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को अब कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो के विमान को बम से उड़ाने और हाईजैक करने की धमकी दी गई, जिसके बाद सतर्कता बरतते हुए विमान की अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जानकारी के मुताबिक एक टिशू पेपर पर लिखे नोट में प्लेन को हाईजैक करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिसके बाद सभी 180 यात्रियों और उनके सामान की अच्छी तरह से जांच की गई और हर यात्री की पहचान की पुष्टि की जा रही है। इधर, विमान की सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग कराई गई है। धमकी भरा नोट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां फौरन सक्रिय हो गई हैं। फिलहाल हवाई अड्डे के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अभी तक किसी भी तरह की संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के अनुसार बम निरोधक दस्ते ने विमान की पूरी तरह से जांच की है।

## एआई अनुसंधान पर फोकस के लिए आईएआईआरओ की स्थापना

**■ डा. अमित शेठ को पहला निदेशक नियुक्त किया गया**

**नई दिल्ली।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए शुक्रवार को भारतीय एआई अनुसंधान संगठन (आईएआईआरओ) का शुभारंभ किया गया।

यह संगठन देश की मूल चुनौतियों और प्राथमिकताओं के अनुरूप बुनियादी तथा एप्लाइड एआई अनुसंधान के लिए समर्पित है। रणनीति-निर्माण से संप्रभुता तथा प्रोटोटाइप और बौद्धिक संपदा (आईपी) से लेकर वैश्विक उत्पादों तक सुव्यवस्थित क्रियान्वयन को गति देने के लिए इसकी स्थापना की गई है। डा. अमित शेठ को इसका पहला निदेशक नियुक्त किया गया है।

## कश्मीर के सोनमर्ग में पारा -11.2 डिग्री

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण भीषण सर्दी पड़ रही है। अधिकांश जगहों पर गुरुवार रात में न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री से नीचे चला गया।

सोनमर्ग सबसे ठंडी जगह रही। यहां पारा माइनस 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गुलमर्ग में -9 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में -3.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इधर, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। एमपी के ग्वालियर में भिंड रोड हाईवे पर कोहरे के कारण एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार सवार सभी 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 महिलाएं और 2 पुरुष थे। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में नेशनल हाईवे- 58 पर 5 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 6 से ज्यादा लोग घायल हैं।

### दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में ठंड जारी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को ठंडा मौसम रहा तथा सुबह आसमान में बादल छाए रहे एवं हल्की से मध्यम धुंध छाई रही। मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार का अधिकतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद थी और सुबह का न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। गुरुग्राम में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।

# राहुल ने शहीद दिवस पर गांधीजी को दी श्रद्धांजलि




शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं: कांग्रेस**

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने शहीद दिवस पर शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके शहीद स्थल 30 जनवरी मार्ग जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आज शहीद दिवस पर 30 जनवरी मार्ग पर महात्मा गांधी जी के जीवन और बलिदान को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। सत्य, साहस और करुणा की उनकी विरासत हमारा मार्गदर्शन करती है और हमें उनके सपनों के न्यायसंगत, सामंजस्यपूर्ण और एकजुट बनाने भारत की प्रेरणा देता है जिसके लिए हमें प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने लिखा कि महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं - वह सोच जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी एक नफ़रत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की। मगर राष्ट्रपिता ने हमें आजादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताकत से बड़ी सत्य की शक्ति होती है और हिंसा एवं भय से बड़े अहिंसा और साहस। यह सोच मिट नहीं सकती, क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं।

# अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा होंगी महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम

मुंबई/पुणे, वार्ता



**■ सीएम फडनवीस ने जताई सहमति**

**■ एनसीपी नेता फडनवीस से मिले, विभाग भी मांगे**

**अजित पवार** की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बन सकती हैं। पार्टी के नेता छगन भुजबल ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी के विधायक दल की बैठक शनिवार को (आज) होगी।

सुनेत्रा के नाम पर चर्चा हो रही है। सूत्रों के अनुसार सीएम फडनवीस ने इस पर सहमति जताई है। अगर शनिवार को कोई फैसला होता है, तो शपथ ग्रहण समारोह कल ही होगा। अजित की प्लेन क्रैश में मौत के बाद उप मुख्यमंत्री पद खाली हो गया है। यह पद पत्नी को दिए जाने, एनसीपी के दोनों गुट के विलय और विभागों के बंटवारे को लेकर अटकलें जारी हैं। इन्हीं मांगों को लेकर शुक्रवार को एनसीपी के नेता सीएम देवेंद्र फडनवीस से मिलने उनके घर वर्षा बंगले पहुंचे। इसमें प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, सुनील तटकरे शामिल हुए। मीटिंग आधे घंटे तक चली। महाराष्ट्र सरकार में अजित के पास वित्त, आबकारी और खेल विभाग के साथ-साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर का पद भी था। एनसीपी नेताओं में इस बात पर चर्चा चल रही है कि ये विभाग और पार्टी की नेशनल लीडरशिप किसे दी जाए। यह दावा भी किया जा रहा है कि अजित पवार एनसीपी के दोनों गुट के जिस मर्जर पर बातचीत कर रहे थे, उस पर आखिरी फैसला शरद पवार लेंगे। अजित की 28 जनवरी को बारामती में एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। वे जिला परिषद चुनाव के लिए रैली को संबोधित करने जा रहे थे। सीएम देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात के बाद एनसीपी के नेता प्रफुल्ल पटेल ने मीडिया से कहा कि हमने सीएम फडनवीस को साफतौर पर बता दिया है कि जनभावना को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द फैसला लेना जरूरी है। प्रफुल्ल ने कहा कि हमारी मांग है कि अजित के पोर्टफोलियो और एनसीपी से जुड़े फैसलों को लेकर कोई अनिश्चितता नहीं होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि श्रद्धेय 'बापू' का सत्यनिष्ठ आचरण, अहिसा की उनकी अडिग साधना और मानवता के प्रति उनकी अनन्य करुणा न केवल भारत, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए सदैव प्रेरणाोत बनी रहेगी। महात्मा गांधी के विचारों ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और आज भी उनके सिद्धांत समाज को सही मार्ग दिखाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और एक समृद्ध, न्यायपूर्ण व विक. सित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पुलिस को जिंदा जलाने की थी साजिश

**बरेली( ब्यूरो )।** कानपुर के आई लव मोहम्मद पोस्टर की आड़ में मौलाना तौकीर रजा ने बरेली में उपद्रव कराया था। उसके कहने पर आई भीड़ ने पुलिस पर हमला किया। पुलिस का वायरलेस, एंटी राइट गन आदि को भी लूटकर दंगाई फरार हो गए थे। इसके अलावा पुलिस पर पेट्रोल बम के साथ-साथ एसिड की बोतलें भी फेंकी गई। इस बात का खुलासा पुलिस ने करते हुए बताया कि पुलिस को जिंदा जलाने की साजिश रची गई थी। फारेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) में भी इसकी पुष्टि हो चुकी है। श्यामगंज में हुए बवाल के दौरान फेंकी गई बोतलों को जब लैब भेजा गया, तो उसमें एसिड पाया गया। पुलिस इस रिपोर्ट को अपनी विवेचना में शामिल करेगी।

## नगर निगम कर्मी बनेंगे 'आपदा मित्र' मिलेगा 12 दिवसीय प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नोयडा में एक इंजीनियर की गड्ढे में डूबने से हुई मौत के बाद राज्य आपदा प्रबन्धन पर बड़े सवाल खड़े हुए थे। इस बीच अब सरकार ने इसको लेकर बड़ा कदम उठाया है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में आपदा से होने वाले नुकसान को कम करने और त्वरित राहत सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम कर्मियों को 'आपदा मित्र' के रूप में प्रशिक्षित करेगा। अधिकारियों के अनुसार यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर दिया जाएगा, जिससे शहरी क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की क्षमता मजबूत हो सके। प्रदेश के राहत आयुक्त ऋषिकेश भास्कर ने बताया कि नगर निगम कर्मियों को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित कर आपदा प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियों के कुशल संच. ालन में लगाया जाएगा। प्रशिक्षित कर्मी किसी भी आपातकाल या आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पॉन्डर के तौर पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराएंगे और शहरी समुदाय को आपदा प्रबंधन के प्रति सशक्त बनाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन द्वारा 17 नगर निगमों के कुल 1,700 कर्मियों को 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक नगर निगम से 100-100 कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है।

## उत्तर प्रदेश में बारिश व ओलावृष्टि ने बढ़ाई ठिठुरन, तापमान गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सरसों-आलू की फसल पर आफत
- किसी बड़े नुकसान की संभावना नहीं: कृषि विभाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में छिटपुट वर्षा और ओलावृष्टि ने ठंड में इजाफा किया है, जबकि बेमौसम वर्षा से सरसों और आलू किसानों की चिता बढ़ा दी ह। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहने और बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

किसानों ने आशंका जताई है कि यदि असमय बारिश का सिल. सिला जारी रहा, तो नुकसान और बढ़ सकता है तथा लागत निक. ालना कठिन हो जाएगा। वहीं कृषि विभाग ने किसी बड़े नुकसान की संभावना से इनकार किया है। मौसम विभाग के अनुसार संभल जिले में सर्वाधिक 32.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। राजधानी लखनऊ में इस दौरान 6.9 मिमी बारिश हुई। अधिकतम तापमान गिरकर 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि की भी सूचना है, जिनमें बरेली शामिल है। दोनों मौसमीय उपखंडों में तेज़ हवाएं चलीं। आगरा में अधिकतम 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में घना कोहरा भी देखा गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार लखनऊ में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाया रह सकता है, जबकि दिन में आसमान मुख्यत: साफ रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 23 और 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है, हालांकि कुछ स्थानों पर घना को. हरा पड़ने की प्रबल संभावना है। प्रदेश में हरदोई का दिन सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि प्रयागराज में रात का तापमान सबसे अधिक 15.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर असमय हुई बारिश से प्रदेश के कई जिलों में किसानों की चिंता बढ़ गई है। सरसों, आलू और मटर की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

### गेहूं की फसल के लिए लाभकारी साबित हुई बारिश

रिपोर्टों के अनुसार मंगलवार रात से रुक-रुक कर हुई बारिश ने फूल अवस्था में खड़ी सरसों की फसल को प्रभावित किया है, जिससे दानों के सही विकास पर असर पड़ने और उत्पादन घटने की आशंका है। अधिक नमी के कारण आलू और मटर की फसल भी प्रभावित हुई है। गेहूं की फसल के लिए यह बारिश लाभकारी साबित हुई है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय मिली नमी से गेहूं की बढ़वार और उत्पादकता में सुधार होगा। कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी ने कहा कि प्रारंभिक आकलन में फसलों को किसी बड़े नुकसान के संकेत नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि ये बारिश व्यापक जरूर रही, लेकिन इतनी तेज नहीं थी कि फसलों को गंभीर नुकसान पहुंचा सके। बल्कि यह गेहूं की फसल के लिए अमृत समान है, जिसे इस समय नमी की आवश्यकता होती है। जिसके कारण गेहूं के फसल के लिए फायदेमंद है।

## शहीद दिवस पर कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम

# सरकार की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे

नई दिल्ली, वार्ता



- पुलिस ने कई नेताओं को हिरासत में लिया 28 फरवरी तक चलेगा संग्राम

कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय से बापू के शहीद स्थल 30 जनवरी मार्ग तक मार्च करते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम (मनरेगा) बचाओ संग्राम के तहत मार्च निकाला जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस ने कहा है कि मनरेगा ग्रामीण भारत की आत्मा में बसा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लाख को. शिशों के बाद भी उसे मिटा नहीं सकती। पार्टी का कहना है कि उसके कार्यकर्ता इसके खिलाफ अपनी पूरी ताकत लगा देंगे और सरकार की इस साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने मनरेगा के समर्थन में हाथों तख्तियां और मनरेगा बचाओ संग्राम लिखे बैनर लेकर प्रदर्शन करते हुए 'मनरेगा चोर-गद्दी छोड़, मनरेगा गर जाएगा बाजार सुस्त हो जाएगा, हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता अजय माकन, जयराम रमेश, राजीव गौड़ा, पवन खेड़ा, उदित राज, देवेंद्र यादव, कर्नल रोहित चौधरी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। बाद में पुलिस ने कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि कांग्रेस हाल ही में बनाए गए नए वीबी जीराम जी अधिनियम को समाप्त कर मनरेगा की बहाली की मांग कर रही है और इसके लिए देशव्यापी विरोध के तहत उसने मनरेगा बचाओ संग्राम शुरु किया है। कांग्रेस का देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम 10 जनवरी से शुरु हुआ और 28 फरवरी तक चलेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा ष्यह दिल्ली में मनरेगा बचाओ संग्राम की झलक है। मोदी सरकार ने बुलडोजर चलाकर मनरेगा अधिनियम को रद्द कर दिया। मनरेगा ऐतिहासिक और क्रांतिकारी अधिनियम था, जो सितम्बर 2005 को सर्वसम्मति से पारित हुआ था। इस अधिनियम को बनाने में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी का महत्वपूर्ण योगदान था। मनरेगा कानून संवैधानिक हक था, लोगों के पास रोजगार की कानूनी गारंटी थी। इस कानून से पंचायतें मजबूत हुईं। हर परिवार को पहली बार प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पैसा पहुंचाया गया। लेकिन ये कानून रद्द कर दिया गया, क्योंकि नरेंद्र मोदी नहीं चाहते हैं कि महात्मा गांधी जी से जुड़ा हुआ ये कानून ज्यादा समय तक चले। वो नहीं चाहते हैं कि लोगों को उनका हक मिले। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मनरेगा की लड़ाई देश के आम गरीब नागरिकों के रोजगार और हक की लड़ाई है, जिसे कांग्रेस पूरे देश में लड़ रही है।

### नाइंसाफ़ी भाजपा सरकार की पहचान बन चुकी है: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा है कि बुलडोज़र अब विकास नहीं, बल्कि नकारात्मक और विध्वंसकारी सोच का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या 'भेदकारी भाजपा' के पास कोई ऐसा बुलडोज़र भी है, जो लोगों के टूटे घर बना दे और उनके मान-सम्मान की छत दोबारा खड़ी कर दे। यादव न शुक्रवार को एक्स पर लिखा सत्ताधीश अपने ऊपर लगे मुकदमे तो हटवा सकते हैं, लेकिन जो अन्याय और पाप किए गए हैं, उनका हिसाब ऊपर वाले की अदालत में लिखा जा रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इतना अन्याय करके कोई चैन की नींद कैसे सो सकता है।

## गोमाता को 40 दिनों में राज्यमाता का दर्जा दें योगी

वाराणसी, वार्ता

- शंकराचार्य ने सीएम से मांगा हिंदू होने का प्रमाण पत्र

ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शुक्रवार को कहा कि योगी सरकार को गोमाता की रक्षा के लिए अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए 40 दिनों का समय दिया जा रहा है। यदि इस अवधि में गोमाता को 'राज्यमाता' का दर्जा नहीं दिया गया और गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो परिणाम गंभीर होंगे।

शंकराचार्य ने कहा कि जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिदू कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। विशेष रूप से उस योगी को तो बिल्कुल नहीं, जो गुरु गोरक्षनाथ की पवित्र गद्दी का महंत होने का दावा करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से कहा कि हमसे आपने हमारा प्रमाण-पत्र मांग लिया था, हमने सहज भाव से दे दिया, क्योंकि सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता। अब समय आपके 'हिंदू' होने का प्रमाण देने का है। सनातनी समाज अब आपसे आपके हिंदू होने का साक्ष्य मांगता है। हिदू होना केवल भाषणों या भगवा वस्त्र तक सीमित नहीं है,इसकी कसौटी गो-सेवा और धर्म-रक्षा है। शंक. राचार्य ने दो स्पष्ट शर्तें रखीं: गोमाता को 'राज्यमाता' का आधिकारिक दर्जा दिया जाए, जैसा महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में देशी गायों के लिए किया है और नेपाल में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा प्राप्त है। इसके अलावा गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का शासनादेश जारी किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी, यदि 40 दिनों में ये मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 10-11 मार्च को लखनऊ की पावन धरा पर संपूर्ण संत समाज का समागम होगा। उसमें सरकार को 'नकली हिंदू' और 'छद्म हिंदू' घोषित किया जाएगा।



सेंसेक्स 82269.78
निफ्टी 25365.65



सोना रु. 158000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 334000
प्रति किलो



## तेजी के बाद गिरावट में बंद हुए बाजार

मुंबई, वार्ता



एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार तीन दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 296.59 अंक (0.36' गिरकर 82,269.78 अंक पर रहा। सुबह 619 अंक नीचे खुलने के बाद सूचकांक पूरे दिन लाल निशान में रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 98.25 अंक टूटकर 25,320.65 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में भी बिकवाली का जोर रहा, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.26 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.32 प्रतिशत मजबूत हुआ। निफ्टी धातु सूचकांक में 5.21 प्रतिशत की जबरदस्त गिरावट रही। आईटी, वित्तीय सेवाओं और निजी बैंकिंग समूहों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। एफएमसीजी, रियलटी, ऑटो, मीडिया, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में भी मजबूती रही। सेंसेक्स में टाटा स्टील का शेयर साढ़े चार प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत नीचे बंद हुआ। पावरग्रिड, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत की गिरावट में रहे। कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, एनटीपीसी, इटरनल, इंडिगो और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सवा फीसदी से अधिक चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी और बीईएल के शेयर एक फीसदी से अधिक मजबूत हुए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 709 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 8.053 अरब डॉलर की बड़ी वृद्धि के साथ 709.413 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। पिछले सप्ताह यह 14.167 अरब डॉलर बढ़ा था। इस तरह दो सप्ताह में ही इसमें 22.22 अरब डॉलर का उछाल आ चुका है। विदेशी मुद्रा भंडार का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितम्बर 2024 को 704.885 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार में 5.635 अरब डॉलर का उछाल आया और यह 123.088 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में लगातार तेजी से स्वर्ण भंडार बढ़ रहा है।

## कानपुर में बसाए जाएंगे बांग्लादेशी हिंदू, मिली मंजूरी

**लखनऊ।** उप्र कैबिनेट ने मेरठ के 99 बांग्लादेशी हिंदू परिवारों को कानपुर में पुनर्वासित करने की मंजूरी दे दी है। ये परिवार 40-50 सालों से मेरठ में रह रहे हैं और अब कानपुर में बसने के लिए एक एकड़ जमीन व रोजगार की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिली है, जिससे उनके भविष्य की नई राह खुलेगी। इस संबंध में विधायक और यूपी सरकार में मंत्री दिनेश खटीक ने सरकार को प्रस्ताव भेजा था। इसमें इन बंगाली परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करने की बात कही गई थी। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई। मेरठ में मवाना के नगला गोसाई में 40-50 सालों से रह रहे इन बंगाली हिंदू परिवार के लोगों ने अपने पुर्नवास के लिए सरकार से कानपुर में एकड़ जमीन की मांग की थी। इसके साथ ही अपने गुजारे के लिए रोजगार की भी मांग की थी। सरकार ने उनकी मांगों पर सहमति जताते हुए इस संबंध में उचित प्रबंधन करने का आश्वासन दिया है। इन बंगाली परिवार के लोगों ने बताया कि उनका बचपन मेरठ के पास हस्तिनापुर में बीता है। वहीं पर वह 40 से 50 सालों से रहते आ रहे हैं। इन बांग्लादेशी हिंदू परिवारों ने सीएम योगी से हस्तिनापुर में ही रहने देने की गुहार की थी। अपनी बसावट के लिए इन परिवारों ने एक एकड़ जमीन की मांग की थी, चूंकि सरकार ने इनका पुर्नवास कानपुर में करने का फरमान सुनाया था।

## केंद्र का राजकोषीय घाटा दिसम्बर तक बजट अनुमान के 55 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में दिसम्बर 2025 तक बजट अनुमान के 55 प्रतिशत पर रहा। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि अप्रैल-दिसम्बर 2025 की अवधि में केंद्र सरकार की कुल राजस्व प्राप्ति 25,25,156 करोड़ रुपये रही, जो बजट अनुमान का 72-2 प्रतिशत है।

इस दौरान कुल व्यय 33,80,998 करोड़ रुपये रहा, जो बजट अनुमान का 66.7 प्रतिशत है। इस प्रकार, राजकोषीय घाटा 8,5,842 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। यह बजट अनुमान का 54.55 प्रतिशत है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में 15,68,936 करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे का अनुमान व्यक्त किया था। कुल प्राप्तियों में 19,39,254 करोड़ रुपये का कर राजस्व, 5,39,855 करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 46,047 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

इस अवधि के दौरान केंद्र द्वारा राज्य सरकारों को करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में 10,38,164 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इस अवधि की तुलना में 1,37,014 करोड़ रुपये अधिक है। कुल व्यय में 25,93,063 करोड़ रुपये राजस्व मद पर और 7,87,935 करोड़ रुपये पूंजी मद पर खर्च किए गए हैं। कुल राजस्व व्यय में 9,11,059 करोड़ रुपये ब्याज भुगतान के मद में और 3,17,490 करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडियों के मद में खर्च हुए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी के मंत्री....** सुदृढ़, पारदर्शी और परिणामोन्मुख वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए सभी विभागों को समयबद्धता, गुणवत्ता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य गारंटी नीति लागू करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे अल्प-वेतनभोगी कर्मियों के मानदेय को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें हर माह तय तिथि पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

केंद्रांश की प्रतीक्षा किए बिना राज्य सरकार अपने स्तर से मानदेय जारी करे, ताकि किसी भी कर्मी को आर्थिक कठिनाई न हो। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश ने 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय किया, जो देश में सर्वाधिक है। कुल व्यय का 9.39 प्रतिशत निवेश पर खर्च कर उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राज्य के राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण- जीएसडीपी अनुपात एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे हैं। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27 प्रतिशत पर आ गई हैं। शासकीय भवनों के अनुरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में पांच वर्ष की भुगतान-आधारित अनुरक्षण व्यवस्था अनिवार्य की जाए। पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क, भवन, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और अन्य सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने वित्तीय अनुशासन, पूंजीगत व्यय और राजस्व वृद्धि में देश में नया मानक स्थापित किया है। अब सरकार का लक्ष्य खर्च की गुणवत्ता और डिजिटल पारदर्शिता को और मजबूत करते हुए प्रदेश को देश का सबसे सक्षम और विश्वसनीय वित्तीय प्रशासन वाला राज्य बनाना है।

**लखनऊ में...** करीब 1:45 बजे विमान को बीच रास्ते से वापस लाना पड़ा। यात्रियों को विमान से उतारा नहीं गया। इंजीनियरों ने तकनीकी खराबी दूर कर दी। विमान शाम 4:20 बजे जेद्दा के लिए रवाना हुआ। विमान में केबिन प्रेशर आर्टिफिशियल एयर प्रेशर है, जिसे हवाई जहाज के अंदर बनाए रखा जाता है। इससे जब विमान 30,000 से 40,000 फीट की ऊंचाई पर होता है, तब भी लोगों को सांस लेने में दिक्कत नहीं होती। केबिन प्रेशर उस ऊंचाई में भी 6,000-8,000 फीट की ऊंचाई के बराबर वाला एयर प्रेशर बनाकर रखता है। इससे यात्री आसानी से सांस लेते रहते हैं। 15 जुलाई, 2025 को सऊदिया अरबिया एयरलाइंस के ही विमान में लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान खराबी आ गई थी। पहियों के पास से चिंगारी निकलने लगी थी। फ्लाइट एसवी-3112 की लैंडिंग के दौरान पहिए से चिंगारी और धुआं निकलने लगा। पायलट ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए विमान को रोक दिया। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना दी। इस दौरान विमान में 242 हजयात्री बैठे हुए थे।

## विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- जनता में पनपे असंतोष का आकलन करने के लिए विधायकों की परफॉर्मेंस पर होगा दूसरा चरण का सर्वे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी विधायकों और संभावित प्रत्याशियों की जमीनी परफॉर्मेंस और मणिकर्णिका घाट, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और यूजीसी बिल के बाद जनता में पनपे असंतोष का आकलन करने के लिए दूसरे चरण का सर्वे जल्द शुरू करने जा रही है।

सूत्रों के अनुसार यह नया सर्वे फरवरी के दूसरे-तीसरे सप्ताह से शुरू होगा। खास बात यह है कि दूसरे चरण का सर्वे पहले से अलग एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा, जबकि पहले चरण की सर्वे रिपोर्ट पहले ही पार्टी नेतृत्व के पास मौजूद है। दोनों एजेंसियों की रिपोर्ट का आपस में मिलान कर निष्कर्ष निकाले जाएंगे, ताकि किसी भी तरह के पक्षपात की गुंजाइश न रहे। इसी उद्देश्य से भाजपा ने 'दोहरा सर्वे मॉडल' अपनाया है। भाजपा इस सर्वे के तहत प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों का आकलन कराएगी। इसके साथ ही सहयोगी दलों की सीटें भी सर्वे में शामिल होंगी। रालोद, सुभासपा, अपना दल (एस) और निषाद पार्टी के प्रभाव वाली विधानसभा सीटों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। सर्वे के दौरान केवल विधायकों तक सीमित न रहकर जिलों में छोटे स्तर के पदाधिकारियों से भी फीडबैक लिया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं से बातचीत, सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता से संवाद और विभिन्न वर्गों से रायशुमारी की जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सर्वे में विधायकों और संभावित उम्मीदवारों की छवि, जनसंपर्क, कार्यशैली और लोकप्रियता का विस्तृत आकलन किया जाएगा। युवा, महिलाएं, व्यापारी, डॉक्टर और शिक्षक जैसे प्रमुख वर्गों से फीडबैक लेकर संगठन और चुनावी रणनीति को और धार देने की तैयारी है। भाजपा नेतृत्व इस सर्वे के जरिये जमीनी हकीकत समझकर समय रहते जरूरी बदलाव करने के मूड में है, ताकि 2027 के चुनाव में पार्टी को मजबूत स्थिति में रखा जा सके। सूत्रों की मानें तो 400 से ज्यादा सर्वे एजेंट विधानसभा चुनावों के लिए काम करेंगे। सर्वे एजेंट में दिल्ली यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस के छात्र, आईआईएम लखनऊ और आईआईटी कानपुर के छात्र शामिल हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने बताया कि प्रोफेशनल्स के ज़रिए सर्वे कराने से उम्मीदवार, इलाके, सामाजिक समीकरण, अंदरूनी विरोध और दूसरे मामलों से जुड़े मुद्दों की गहराई को समझने में मदद मिलती है। पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण के सर्वे के विभिन्न मुद्दों को भी शामिल किया जाएगा। मणिकर्णिका घाट पर हुई कथित तोड़फोड़ को लेकर उठे विवाद, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का सरकार का विरोध और हालिया यूजीसी विवाद को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के खिलाफ़ समान्य वर्ग में पैदा हुए असंतोष की वजह से होने वाले संभावित नुक़सान का आकलन भी किया जाएगा।

### मंत्री के काफिले को विधायक ने रास्ते में रोका, बवाल

**महोबा।** जिले के कई गांवों में पानी नहीं पहुंचा रहा है, बीजेपी विधायक इस मुद्दों को लेकर लंबे समय से नाराज चल रहे हैं। इस बीच जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एक कार्यक्रम में यहां पहुंचे, तो बवाल मचा गया। नाराज विधायक और मंत्री में तीखी नोकझोंक हुई और दोनों के समर्थक आमने-सामने आ गए। महोबा जिले में पानी और सड़क की समस्याओं को लेकर बीजेपी विधायक गुड्डू राजपूत लंबे समय से नाराज थे। शुक्रवार को यूपी के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह यहां एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान विधायक के समर्थकों और मंत्री के समर्थकों के बीच तीखी झड़प हुई और जमकर नारेबाजी की गई, मंत्री और विधायक में भी नोकझोंक हुई। चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत (गुड्डू राजपूत) ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर मंत्री के सामने मुखर हुए। दोनों में काफी देर तक बहस हुई।

# पूर्व प्रधान के घर हत्या

## मृतक के बड़े भाई ने चार पर लगाए आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** नौकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक के बड़े भाई ने पूर्व प्रधान सहित चार पर हत्या का आरोप लगाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार समीपवर्ती ग्राम केहरीपुर जंगल में गुरुवार देर शाम पूर्व प्रधान सरदार मुख्तियार सिंह के घर में काम करने वाले नौकर 45 वर्षीय चिरंजी उर्फ फौजी पुत्र स्वर्गीय उमराव सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके सिर से खून निकल रहा था। मृतक के बड़े भाई ने पूर्व प्रधान सहित चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पूर्व प्रधान सरदार मुख्तियार सिंह ने देर शाम नौकर के परिजनों को चिरंजी उर्फ फौजी के गिरने से घायल होने की सूचना दी थी। जिस पर मृतक का भाई महावीर, भतीजे अनिकेत व सुमित मौके पर पहुंचे। जब उन्होंने जांच की तो चिरंजी उर्फ फौजी की मौत हो चुकी थी और उसका शव पूर्व प्रधान की पशुशाला में पड़ा था। मृतक के परिजनों ने पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर घटना की सूचना दी। जिस पर सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार, थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के परिजनों ने पूर्व प्रधान सहित चार लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है, जबकि पूर्व प्रधान व उसके घर वालों का कहना है कि चिरंजी उर्फ फौजी की गिरने से मौत हुई है। गुरुवार को उत्तराखंड के जसपुर में स्थित एक वेंकटहाल में पूर्व प्रधान सरदार मुख्तियार सिंह के बेटे सतनाम सिंह उर्फ छम्मी का रिश्ता हुआ था। जिसके चलते रात में घर पार्टी रखी गई थी। मृतक चिरंजी उर्फ फौजी पिछले एक महीने से पूर्व प्रधान के घर नौकरी कर रहा था।

शुक्रवार सुबह मृतक का बड़ा भाई महावीर सिंह ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचा और थानाध्यक्ष को तहरीर देकर पूर्व प्रधान सरदार मुख्तियार सिंह पुत्र गुरुचरण सिंह, इनके पुत्र सतनाम उर्फ छम्मी व दो व्यक्तियों पर अपने भाई की षडयंत्र पूर्वक हत्या करने का आरोप लगाया। मृतक चिरंजी उर्फ फौजी के तीन बड़े भाई ओमप्रकाश, मेघराज व महावीर हैं। मृतक विवाहित था। लगभग 15 वर्ष पूर्व उसकी पत्नी बबीता अपने दो पुत्रों सहित उसको छोड़कर चली गई थी। तब से वह अकेला रहता था और मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहा था।

थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

# शराब पार्टी में एक युवक की मौत, तीन की हालत गंभीर





## पुलिस ने मौके से शराब की बोतल व नॉनवेज बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** रेलवे स्टेशन रोड पर रात करीब दस बजे शराब और नॉनवेज के सेवन से एक की मौत हो गई है। इस दौरान तीन अन्य लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चार व्यक्ति एक साथ बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे और नॉनवेज खा रहे थे। इसी दौरान अचानक नौशाद नामक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। घटना के बाद साथ मौजूद अन्य तीन लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने भी घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस टीम को जांच के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने घटनास्थल से बीयर और शराब की बोतलें तथा अन्य संबंधित सामान एकत्र कर जांच के लिए भेजा है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी राहुल सिंह और रेलवे स्टेशन चौकी इंचार्ज एसआई सौरभ कुमार सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

### एक नजर

## माल्टा से पहुंची फहीम की लाश



**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम मानियावाला निवासी फहीम अहमद सिद्दीकी की लाश आज शाम माल्टा से गृह नगर पहुंचने पर ग्राम में हाहाकार मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक फहीम अहमद सिद्दीकी (50 वर्ष) लगभग तीन वर्ष पूर्व अपने परिवार के लिए रोजी रोटी कमाने यूरोप के माल्टा देश जाकर कम्पनी में वाहन चालक के पद पर काम करने लगे थे। दस माह पूर्व वह वतन छुट्टी काटकर पुनः चले गए थे। बीते चार जनवरी रविवार को अचानक ही उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ था।

## छत से गिरकर मौत



**अफजलगढ़।** स्थानीय युवक की दिल्ली में मकान की छत से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक युवक दिल्ली में एक हेयर सैलून पर काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मौहम्मद शादाब सलमानी (26 वर्ष) पुत्र समीर अहमद निवासी मौहल्ला नेजोसराय का पिछले कुछ दिनों से मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। वह काफी मानसिक तनाव में था। परिजनों को मिली सूचना के मुताबिक कल सुबह करीब छह बजे मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण शादाब अचानक दो मंजिला इमारत की छत पर चढ़ गया और वहां से नीचे कूद गया। ऊंचाई से गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें आईं। आनन-फानन में उसे दिल्ली के दीनदयाल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए थे। दिल्ली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## यूजीसी कानून के खिलाफ ज्ञापन



**अफजलगढ़।** यूजीसी कानून के खिलाफ पर्वतीय जन विकास समिति ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक को सौंपा। यूजीसी द्वारा लागू किए गए नए कानून के विरोध में पर्वतीय जन विकास समिति ने कड़ा रुख अपनाते हुए उसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष विनोद काला के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह को सौंपा। समिति अध्यक्ष विनोद काला ने कहा कि दलित और पिछड़े वर्ग के छात्रों के अधिकारों की रक्षा बेहद जरूरी है, लेकिन नियम बनाते समय सामाजिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूजीसी का नया कानून सामान्य वर्ग के उत्पीड़न का माध्यम बन सकता है, जिससे समाज में असंतोष और विभाजन की स्थिति पैदा होगी। उन्होंने कहा कि यूजीसी का मूल उद्देश्य भेदभाव को समाप्त करना होना चाहिए, न कि किसी वर्ग को असुरक्षित महसूस कराना। भारतीय न्याय संहिता में पहले से ही भेदभाव से जुड़े मामलों के लिए स्पष्ट प्रावधान मौजूद हैं, ऐसे में अलग से समता समिति गठित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व प्रधान विनोद कुमार काला, सुनील कुमार धस्माना, बालम सिंह, हरेंद्र सिंह गोसाई, प्रीतम सिंह रोतेला, विनय काला, रघुवीर सिंह बिष्ट, धीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस प्रवक्ता धीरेंद्र नाराज



**कालागढ़।** आंदोलनकारियों की बैठक सात फरवरी को देहरादून बुलाई में बुलाई गई है। राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक और कांग्रेस के प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने इस बात पर नाराजगी जाहिर की है कि डेढ़ महीने से ज्यादा समय हो गया, लेकिन अब तक उत्तराखण्ड सरकार ने आंदोलनकारियों के चिन्हिकरण के लिए नया शासनादेश नहीं निकला है । उन्होंने कहा कि दिल्ली के 300 से ज्यादा आंदोलनकारी इस शासनादेश का इंतजार कर रहे हैं। जबकि उत्तराखंड के हजारों आंदोलनकारी आज भी चिन्हिकरण से वंचित हैं। धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि उन्होंने आज इस संबंध में आंदोलनकारी सम्मान परिषद के अध्यक्ष और राज्य मंत्री सुभाष बर्थवाल से फोन पर बात की और इस बात पर दुख व्यक्त किया कि आंदोलनकारियों के चिन्हिकरण में अभी भी देरी की जा रही है । धीरेंद्र प्रताप ने कहा मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस पर छह महीने का समय दिया था, लेकिन अभी तक शासनादेश जारी नहीं किया गया है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि उन्होंने दिल्ली के आंदोलनकारियों की दो फरवरी को बैठक बुला ली है । जिसमें अगली रणनीति पर विचार होगा। जबकि सात फरवरी को वह देहरादून जाएंगे। देहरादून में तमाम आंदोलनकारी संगठनों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बातचीत करके अगली रणनीति पर विचार करेंगे। उन्होंने यूजीसी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला करते हुए सुप्रीम कोर्ट की प्रतिक्रिया का स्वागत किया है। साथ ही राज्य में मंदिरों में केवल हिंदुओं के प्रवेश के सवाल पर भी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता की कीमत पर मंदिरों पर सवाल उठाकर देश को विभाजन की तरफ ले जाने की नापाक कोशिशें को नाकामयाब कर दिया जाएगा। उन्होंने अंकिता भंडारी मामले में भी सीबीआई जांच की घोषणा के क्रियान्वन में हो रही देरी पर भी नाराजगी व्यक्त की।

## सोशल मीडिया पर अभद्रता का आरोप

**नहटौर।** गांव नकीबपुर निवासी हरमीत सिंह पुत्र राजेश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि नरपेंद्र सिंह सचिन पुत्र हरचरन सिंह, निवासी बिजनौर, उनके साथ आपसी रंजिश रखते हुए उनके सोशल मीडिया फोटो पर अभद्र बातें लिखता है और गलत अफवाहें फैलाता है। जब उसने आरोपी को समझाने की कोशिश की तो नरपेंद्र ने उन्हें कॉल और व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से गंदी गालियां दीं। शिकायत करने पर भुगत लेने की धमकी दी

### एक नजर

## एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**नगीना।** मौहल्ला लाल सराय निवासी सुरेन्द्र सिंह की पुत्री सोनाली सिंह ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह 6 जुलाई 2022 को हरियाणा के गुरुग्राम निवासी भूपेन्द्र कुमार चौहान के पुत्र उदित कुमार चौहान के साथ रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ था। शादी के समय सोनाली के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार काफी दान दहेज, कार व जेवर था घरेलू सामान खरीदने के लिए 6 लाख रूपये उदित की माता मधुवाला के खाते में ट्रांसफर किये थे। सोनाली के ससुराल वाले पति उदित, ससुर भूपेन्द्र, सास मधुवाला व देवर आकाश सोनाली के पिता द्वारा दिये गये दान व गिफ्ट से संतुष्ट नहीं थे। जिस कारण सोनाली के ससुराल वाले सोनाली को कम दहेज लाने के कारण मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। मारपीट व दहेज की मांग से तंग आकर सोनाली दो साल से अपने मायके रह रही थी। सोनाली ने बताया कि 25 जनवरी को दोपहर उसके पति, सास, ससुर व देवर उसके मायके आये और धौंस दी कि बहुत दिन हो गये हैं और यदि सोनाली के मायके वाले दहेज के 24 लाख रूपये नहीं दे रहे तो वे उदित की किसी दूसरी जगह शादी कर देंगे। सोनाली के पिता व सोनाली ने हाथ जोड़कर 24 लाख रूपये देने में असमर्थता जताई तो उसके चारों ससुराली आग बबूला हो गये तथा सोनाली के साथ मारपीट करने लगे। सोनाली के पिता, माता व पडौस के व्यक्तियों रामऔतार, अनुराग, विकुल आदि ने सोनाली को उसके ससुरालियों से छुडाया व बचाया। सोनाली ने बताया कि जाते वक्त चारों ससुराली सोनाली को जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। सोनाली ने बताया कि वह थाने गयी, किन्तु थाने वालों ने उसकी कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही उसका मेडिकल कराया। महिला ने इस संबंध में एसपी अभिषेक झा से शिकायत की। एसपी के आदेश पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## घर में घुसकर दो महिलाओं पर हमला

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटिया कटिया मेमनपुर में एक युवक द्वारा दो महिलाओं पर हमला किए जाने से गांव में हड़कंप मच गया। गांव निवासी पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह की पत्नी 60 वर्षीय रुक्मणी देवी दोपहर के समय अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थीं। इसी दौरान गांव का ही एक युवक अचानक उनके घर में घुस आया। रुक्मणी देवी द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर पास में रहने वाली 70 वर्षीय उषा देवी मौके पर पहुंचीं, लेकिन हमलावर ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। हमले में दोनों महिलाओं को गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा और हंगामा सुनकर गांव के कई लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। ग्राम प्रधान संध्या देवी ने बताया कि रुक्मणी देवी और उषा देवी की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों को पहले स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे और कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष से जानकारी जुटाई। कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## अलीपुर दामोदर में चौपाल कार्यक्रम

**नहटौर।** मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह विकास खंड आंकू के ग्राम अलीपुर दामोदर में आयोजित चौपाल के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी देकर पात्र व्यक्तियों से योजनाओं का लाभ लेने के लिए ब्लॉक कार्यालय को समय से अवगत कराकर योजनाओं का लाभ उठाऐ। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा संचालित जी राम जी योजना के बारे मे विस्तार से प्रकाश डाला तथा योजना के माध्यम से अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजना से जुड़कर योजना का लाभ उठाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत द्वारा कराई गई विकास कार्य का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने बेसिक प्राइमरी विद्यालय में बन रहे आंगनबाड़ी कक्ष को देखा तथा शीघ्र ही निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। प्राइमरी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं से शिक्षा से संबंधित प्रश्न उत्तर किये। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना में बने आवास का भी निरीक्षण किया। साथ ही लाभार्थियों ने बताया कि पूर्व की योजना में आवास योजना का लाभ मिला। मुख्य विकास अधिकारी ने लगे हैंडपंपों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 2 हैंड पंप खराब मिले। ग्राम पंचायत सचिव योगेश कुमार को हैंड पंप ठीक कराने के निर्देश दिए।

# दीनी जलसे में दस्तारबंदी

## मदरसा इस्लामिया फैजल इस्लाम के बीस बच्चों ने किया कुरान हिफ्ज





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर के मदरसा इस्लामिया अरबिया फैजल इस्लाम बाहर वाली मस्जिद मौहल्ला मिर्दगान में हुए जलसे में दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की सरपरस्ती रशीद अहमद खलीफा हजरत अब्दुल मलिक भागलपुरी ने की। जबकि सदारत मदरसा शाही मुरादाबाद के उस्ताद मुफ्ती अब्दुल रहमान खलीफा पीर जुल्फिकार अहमद नकशबंदी ने फरमाई।

कार्यक्रम का संचालन मौलाना इब्न हसन कासमी ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारी हसीबुर्रहमान की तिलावत-ए-कुरान और कारी मौहम्मद सलमान द्वारा प्रस्तुत नातिया कलाम से हुआ। मुख्य अतिथि दारुल उलूम देवबंद के मुबल्लिग मौलाना इरफान उल्लाह ने संबोधित करते हुए कहा कि कुरान करीम अल्लाह की वह किताब है जिसे नबी अकरम (सल्ल.) पर नाजिल किया गया। इसकी हिफाजत का जिम्मा खुद अल्लाह ने लिया है। आज इन छोटे बच्चों के जरिए अल्लाह कुरान के अल्फाज, मानी, तजवीद और तफसीर की हिफाजत फरमा रहा है। कुरान हिफ्ज करने वाले और तजवीज मुकम्मल करने वाले छात्रों को 'दस्तार-ए-फजीलत' (पगड़ी) और प्रमाण पत्र से नवाजा गया। हिफ्ज-ए-कुरान के छात्रः हाफिज मौहम्मद जैद, हाफिज मौहम्मद रेहान, हाफिज मौहम्मद हारून, हाफिज मौहम्मद उजैर, हाफिज मौहम्मद हमजा, हाफिज मौहम्मद ओवैस (सभी बिजनौर), हाफिज मौहम्मद सुहैल (मणिपुर), हाफिज मौहम्मद अयान (पानीपत), हाफिज मौहम्मद अब्दुल्ला (सीकरी बुजुर्ग), हाफिज मौहम्मद उजैर (नगीना), हाफिज मौहम्मद अफशान (खटाई), हाफिज मोहम्मद अबूजर (नूरपुर) और हाफिज मौहम्मद साद (रवाना शिकारपुर) तजवीद-ए-कुरान के छात्रः कारी राफेउद्दीन, कारी मौहम्मद हुजैफा (बिजनौर), कारी मौहम्मद अरबाज (जंदरपुर), कारी मौहम्मद इस्माइल (जसपुर), कारी मौहम्मद साकिब (सुहागपुर), कारी मौहम्मद इरशाद (मुबारकपुर तालन) और कारी मौहम्मद साइब सियालवी (नगला)।

मंच पर मुख्य रूप से कारी अली हसन, हाफिज शौकत अली, मुफ्ती रफेउज्जमा, मौलाना इरफान अहमद, मौलाना शौकत अली, मुफ्ती राशिदुल्लाह, मौलाना अनीसुर्रहमान फैजी, मुफ्ती वकार अहमद, मुफ्ती इफ्तिखार अहमद, कारी मौहम्मद अय्यूब, मौलाना शरीफ अहमद, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, इरशाद इंजीनियर, मुतवल्ली मौहम्मद अहमद, कारी इस्लामउद्दीन और कारी अब्दुल हलीम हसनी आदि मौजूद रहे।

## कान्हा गौशाला में गूंजा गौ-रक्षा का जयघोष

**झालू।** कान्हा गौशाला में राष्ट्रीय गौ रक्षा दल की नगर इकाई द्वारा प्रदेश महामंत्री हितेश चौधरी व जिला सचिव अरुण चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर दोनों नेताओं का अभिनंदन किया गया।

स्वागत समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने गौशाला में मौजूद गौ माताओं को गुड़ व केले खिलाकर गौसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में गौ माता के संरक्षण, संवर्धन और सेवा को लेकर संगठन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके बाद संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में राष्ट्रीय गौ रक्षा दल की झालू नगर टीम द्वारा कई नई पद नियुक्तियां की गईं। पदाधिकारियों ने नव-नियुक्त कार्यकर्ताओं से गौ रक्षा के साथ-साथ समाजहित में भी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस मौके पर विभुकांत शर्मा, दीक्षित शर्मा, विकास तोमर, रितिक शर्मा, अंशुल शर्मा, विश्वजीत चौधरी, मोनू चंद्र, रोबिन, नितिन सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैंक पर गंभीर आरोप, किसान भड़के

## नो-ड्यूज के बाद भी सम्मान निधि जब्त, आंदोलन की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** किसान हितों से जुड़े एक गंभीर मामले ने तूल पकड़ लिया है। भाकियू ग्राम अध्यक्ष अरविंद कुमार ने भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं।

उन्होंने बताया कि उनके भतीजे द्वारा चार वर्ष पूर्व कृषि कार्ड पर लिया गया ऋण लोक अदालत में समझौते के बाद 35 हजार रुपए जमा कर पूरी तरह निस्तारित हो चुका है और नो-ड्यूज प्रमाणपत्र भी जारी किया जा चुका था। इसके बावजूद बैंक कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि खाते से जब्त कर ली और खातेदार को बकायेदार दिखा दिया। मामले को लेकर कई बार बैंक प्रबंधक से संपर्क किया गया, लेकिन हर बार किसानों को बुलाकर टालमटोल व गुमराह किया जाता रहा। आज भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता बैंक पहुंचे और प्रबंधक से सीधी वार्ता की। प्रबंधक ने 31 जनवरी तक समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। जिस पर फिलहाल किसान शांत हुए।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने साफ चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा में समाधान नहीं हुआ, तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसी दौरान बैंक के एक कर्मचारी पर संगठन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप भी लगाया गया, जिससे किसानों में जबर्दस्त आक्रोश देखने को मिला।

मौके पर तहसील अध्यक्ष कोमन सिंह, न्याय पंचायत अध्यक्ष संजीव कुमार (गोपालपुर), ग्राम अध्यक्ष अरविंद कुमार (करौंदी), अमीनुद्दीन, पूर्व युवा जिला सचिव सोहित छिल्लर, डॉ. सोमपाल सिंह सरदार (तहसील उपाध्यक्ष), ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार, मोनू चिकारा सहित बड़ी संख्या में भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाकियू नेताओं ने दो टूक कहा कि किसान की मेहनत और उसके हक के पैसों से कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जरूरत पड़ी, तो आंदोलन और उग्र होगा।

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को लेकर बड़ा यू-टर्न

## धामपुर के दो दर्जन गांवों के बैनामों पर लगी रोक हटी, आदेश वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पानीपत से गोरखपुर तक प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना को लेकर बिजनौर जिले में भूमि अर्जन की प्रक्रिया के बीच एक नया मोड़ सामने आया है। पहले जहां धामपुर रजिस्ट्री कार्यालय से जुड़े दो दर्जन गांवों में जमीन के बैनामों और अनाधिकृत निर्माण पर रोक लगाने की तैयारी की गई थी, वहीं अब जिला प्रशासन ने इस रोक को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है।

जिलाधिकारी बिजनौर की ओर से जारी पत्र के अनुसार ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए जिन गांवों में भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है, वहां गाटा संख्या उपलब्ध न होने और प्रक्रिया पूरी तरह स्पष्ट न होने के कारण फिलहाल बैनामों पर रोक लगाना उचित नहीं माना गया। इसी आधार पर पहले जारी आदेश को निरस्त करते हुए सभी संबंधित रजिस्ट्रार और तहसील कार्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि बैनामा प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रखी जाए।

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पत्र के बाद जिले के 131 गांवों में जमीन की खरीद-फरोख्त और नए निर्माण पर रोक की तैयारी की गई थी। धामपुर तहसील के भी दो दर्जन से अधिक गांव इस सूची में शामिल बताए गए थे। इस खबर के प्रकाशित होते ही ग्रामीणों और जमीन मालिकों में हड़कंप मच गया था। हालांकि, अब जिलाधिकारी द्वारा जारी नए आदेश ने स्थिति पूरी तरह बदल दी है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि जब तक भूमि अधिग्रहण से जुड़ी अंतिम अधिसूचना और प्रभावित गाटों की स्पष्ट सूची उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक किसी भी प्रकार की रोक व्यावहारिक नहीं है।

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि यह रोक एहतियातन लगाई गई थी, ताकि भविष्य में भूमि अर्जन के दौरान कोई कानूनी विवाद न उत्पन्न हो। लेकिन चूंकि इस समय अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभिक चरण में है, इसलिए आम नागरिकों को अनावश्यक असुविधा से बचाने के लिए निर्णय वापस लिया गया है।

बताया जा रहा है कि बिजनौर जिले में इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की प्रस्तावित लंबाई करीब 56 किलोमीटर है। हालांकि प्रशासन ने यह भी साफ किया है कि अंतिम निर्णय शासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण स्तर पर ही लिया जाएगा।

## क्या गंगा एक्सप्रेसवे की तरह यह योजना भी अंतिम समय में दिशा बदल देगी?



## ग्रामीणों को राहत, सस्पेंस बरकरार

धामपुर क्षेत्र में बैनामों पर लगी रोक हटने के बाद किसानों और जमीन मालिकों ने राहत की सांस ली है। वहीं दूसरी ओर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के धामपुर से होकर गुजरने को लेकर असमंजस की स्थिति अब भी बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि एक दिन में रोक लगना और अगले ही दिन हट जाना यह दर्शाता है कि परियोजना को लेकर अब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। लोग यह जानना चाहते हैं कि आखिर एक्सप्रेसवे का अंतिम मार्ग क्या होगा और किन गांवों की जमीन वास्तव में अधिग्रहित की जाएगी।

## नजरें अब अगली अधिसूचना पर

फिलहाल बैनामों पर लगी रोक हटने के बाद मामला शांत तो हुआ है, लेकिन धामपुर और पूरे बिजनौर जिले की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि क्या यह एक्सप्रेसवे वास्तव में जिले से होकर गुजरेगा या फिर गंगा एक्सप्रेसवे की तरह यह योजना भी अंतिम समय में दिशा बदल लेगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### शिकायत पर गन्ना क्रय केंद्र का निरीक्षण



**चांदपुर।** गांव रूपपुर मे पी.बी.एस फूड्स शुगर मिल का गन्ना क्रय केन्द्र है। आज गांव के कुछ लोग भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ता शीशपाल सिंह के नेतृत्व में सचिव गन्ना समिति जितेन्द्र कुमार से मिले और अपने ही गांव स्थित गन्ना क्रय केन्द्र पर घटतौली की शिकायत की, जिस पर सचिव गन्ना समिति ने तुरंत मौके पर पहुंचकर तौल कांटे का निरीक्षण किया तो तौल कांटा सही पाया। उन्होंने कांटे का निरीक्षण करते समय किसानों को पूरी तरह आश्वस्त करते हुए कहा कि तौल कांटों पर घटतौली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। भाकियू टिकैत कार्यकर्ता शीशपाल सिंह, बलराम सिंह, मौसम मलिक, कविराज सिंह, सीताराम सिंह, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

### अखिलेश यादव से मिले चांदपुर के सपाई



**चांदपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से चांदपुर तहसील के सपा कार्यकर्ताओं की एक टीम उनसे मिली और जनपद के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि जनपद बिजनौर हमारे लिये उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण जनपद है वहां सपा का घर-घर कार्यकर्ता निवास करता है। पूर्व सपा जिला सचिव शेख रईस अहमद ने उनसे सपा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति करने का इशारा किया, जिस पर उन्होंने पूरी तरह आश्वस्त करते कहा कि बिजनौर जनपद में जल्दी ही आप जैसे जिले के सपाईयों की समीक्षा बैठक पश्चात मिली रिपोर्ट के आधार पर पार्टी के प्रति निष्ठा व लगन रखने वाले को ही जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी जायेगी। अखिलेष यादव से मिलने वालों में आसिफ असलम सपा राष्ट्रीय सचिव (लोहिया वाहिनी), मौहम्मद यूनुस उर्फ जाऊ, शेख रईस अहमद आदि शामिल रहे।।

### रामगंगा के संरक्षण पर जोर



**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व में एक दिवसीय रामगंगा कांफ्रेंस रिर्सोट में आयोजित की गयी। इस कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य रामगंगा नदी के संरक्षण एवं सर्वधन के साथ-साथ जलीय जीवों की जैव विविधतता का अध्ययन व संरक्षण, जल गुणवत्ता को बढाना तथा जल प्रदूषण को रोकना एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से रामगंगा नदी एवं उसकी जैव विविधतता का अनुवीक्षण करना तथा जन-सहभागिता के माध्यम से इस पहल को जन-जन तक प्रचारित करना रहा। कांफ्रेंस में भविष्य की रणनीति को लेकर विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञों द्वारा पूर्वाहन में चार सेशन दिये गये। रामगंगा नदी के साथ-साथ उसकी सहायक नदियों के भी विस्तृत सर्वे व क्वालिटी मॉनिटरिंग पर चर्चा की गयी। नदी में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए जनसम्पर्क कर लोगों को जागरूक करना तथा ग्राम पंचायत, नगर पालिका, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर उसको कम करने की मुहिम पर सहमति बनी। डॉ. साकेत बडोला निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व की अध्यक्षता में विशेषज्ञों के साथ एक खुली चर्चा रखी गयी। कांफ्रेंस में तरूण श्रीधरा डीएफओ कालागढ़ टाइगर रिजर्व लैन्सडौन, डॉ. जेए जॉनसन विशेषज्ञ एफडब्लूआईआई, सुरेश बाबू सीनियर डायरेक्टर इकोलोजिकल फूटप्रिंट डब्लूडब्लूएफ, डॉ. मिराज अनवर, कॉर्डिनेटर स्पीसिस कॉन्सर्वेशन डब्लूडब्लूएफ, डॉ. नीलम रावत विशेषज्ञ यूएसएसी, डॉ. एचएस बर्गली डिप्टी डायरेक्ट टीसीएफ, अजय कुमार, अध्यक्ष श्रमयोग, शंकर दत्त संस्थापक सदस्य श्रमयोग, राकेश खर्ती, सुमंथा घोष, एजी अंसारी, शिप्रा वर्मा एसडीओ कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग, अमित ग्वासाकोटी एसडीओ कार्बेट टाइगर रिजर्व प्रभाग रामनगर, अजय सिंह रावत वन क्षेत्राधिकारी मंदाल रेंज, मोहन आदि उपस्थित रहें।

# गन्ने के खेत में दिखा गुलदार

## ग्रामीणों में दहशत, वन्यजीव के मूवमेंट पर निगरानी कर रही वन विभाग की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मंडोरी में पूर्व प्रधान के गन्ने के खेत में गुलदार घुसता हुआ देख काम कर कर रहे किसानों में हड़कंप मच गया। दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने गन्ने के खेत घेराबंदी करते हुए वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंची।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज प्रात: करीब 10 बजे ग्राम मंडोरी निवासी पूर्व प्रधान घनश्याम सिंह के गन्ने के खेत में अचानक एक गुलदार घुस गया। खेत स्वामी और वहां मौजूद ग्रामीण निपेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, नितिन कुमार, प्रिंस कुमार, मुकुल कुमार, अमन सिंह और गजेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, बाला देवी तथा कविता देवी आदि ने गुलदार को खेत में घुसते हुए देखा। गुलदार को देखते ही ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और हिम्मत दिखाते हुए लाठी-डंडों के साथ खेत को चारों तरफ से घेर लिया ताकि वह आबादी की ओर न आ सके। ग्रामीणों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस और वन विभाग को दी। गुलदार की सूचना मिलते ही आनन-फानन में दोनों विभागों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल वन विभाग की टीम व ग्रामीण खेत के आसपास गश्त कर रहे हैं और गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू करने या जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास में जुट गए। वन विभाग ने ग्रामीणों को अकेले खेतों में न जाने और सतर्क रहने की सलाह दी है। गांव में अभी भी दहशत की स्थिति बनी हुई है।

# रविदास जयंती पर अमन कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना प्रांगण में संत रविदास जयंती जुलूस एवं कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार ने की, जबकि बैठक में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में नगर के गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं आयोजन से जुड़े जिम्मेदार लोगों ने सहभागिता की। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों की समस्याओं, सुझावों और व्यवस्थाओं से संबंधित बिंदुओं को गंभीरता से सुना गया।



### जुलूस की समस्याओं और नई परंपराओं पर चर्चा

नायब तहसीलदार ने कहा कि शासन द्वारा जारी निर्देशों व गाइडलाइन का पालन सभी के लिए अनिवार्य है और प्रशासन जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेगा।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि संत रविदास जयंती जुलूस और कांवड़ यात्रा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। उन्होंने जुलूस मार्ग समय निर्धारण डीजे की ध्वनि सीमा यातायात व्यवस्था तथा अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रशासन एवं आमजन के बीच आपसी समन्वय भाईचारा और एक दूसरे का साथ निभाने की भावना को मजबूत करने पर विशेष चर्चा हुई। दोनों अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगा और जनता की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और शांतिपूर्ण सफल आयोजन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### गीता भवन मंदिर में माघ महात्म्य गौ कथा

**नजीबाबाद।** मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में माघ मास के दौरान माघ महात्म्य गौ कथा का आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में आयोजित कथा में कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री ने जया एकादशी और गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। पंडित शास्त्री ने बताया कि माघ शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ तुलसी का पूजन अत्यंत लाभकारी माना जाता है। उन्होंने कहा कि यह एकादशी बहुत ही पुण्यदायी और लाभकारी होती है। नियमपूर्वक पूजा-अर्चना और व्रत करने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी नौ ग्रहों को अनुकूल करते हैं, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सनातन धर्म में एकादशी व्रत और गौ-सेवा दोनों को ही अत्यंत पुण्यकारी बताया गया है। गौ कथा के माध्यम से जीवन में पवित्रता और ईश्वर की कृपा की अनुभूति होती है, जो आत्मा को शुद्ध करने वाला माना जाता है। पंडित शास्त्री ने जोर देकर कहा कि जिसने भी गौ सेवा में अपना जीवन समर्पित किया है, गौ माता ने उसे उतना ही ऊंचा उठाया है। कथा के समापन पर आरती की गई और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर नीरा भारद्वाज, राखी प्रजापति, रजनी, नीलम हांडा आदि मौजूद थी।

### गन्ने से लदे ट्रैक्टर से टकराया ट्रक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** मुजफ्फरनगर से इन्वर्टर व अन्य सामान लेकर मुरादाबाद की ओर जा रहा ट्रक जैसे ही अम्हेड़ा गांव के पास पहुंचा, सामने से आ रहे गन्ने से लदे ट्रैक्टर से टकरा गया। टक्कर के बाद ट्रक सड़क से उतरकर पास में बने परचून खोखे से जा टकराया। हादसे के समय खोखे पर गांव निवासी जयपाल सिंह मौजूद थे, जबकि ट्रैक्टर गांव जलालपुर भूड़ निवासी मुंशी मोहन चला रहे थे। दोनों को चोटें आईं। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रक को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री मौ. जाहिद पुत्र श्री मौ. शाहिद मौहल्ला बांसफोडान,** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती फात्मा पत्नी श्री शरीफ अहमद पुत्री श्री महबूब खां** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 39 बांसफोडान, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री राजेश कुमार तागरा व श्री महेश कुमार तागरा पुत्रगण स्व. श्री मुलखराज तागरा मौहल्ला मजीदगंज** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **स्व. श्री मुलखराज तागरा पुत्र श्री देवी दित्तामल** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड वसीयतनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 23/1(27) मजीदगंज, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पंचायत बढ़ापुर (बिजनौर)**

पत्रांक:-33/न.पं. बढ़ापुर/2025-26

दिनांक:-23/01/2026

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भवन/भूमि का निम्नानुसार नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुआ है। यदि किसी व्यक्ति को नाम परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर लिखित में कार्यालय नगर पंचायत बढ़ापुर, बिजनौर में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं, एक माह के पश्चात कोई सुनवाई नहीं होगी। 1. क्रेता का नाम श्री अंशु कुमार पुत्र निर्मल कुमार निवासी मौहल्ला बाजार, कस्बा बढ़ापुर। विक्रेता का नाम श्रीमती कमलेश गुप्ता पत्नी श्री दिनेश गुप्ता निवासी ग्राम भोगपुर, बढ़ापुर। क्रय भूमि का मौहल्ला/स्थान मौहल्ला बाजार दक्षिण बढ़ापुर। 2. क्रेता का नाम श्रीमती मुमताज बेगम पत्नी श्री बुन्दू पुत्र श्री शब्बीर निवासी मौहल्ला नौमी उत्तरी, कस्बा व परगना बढ़ापुर। विक्रेता का नाम श्री मकसूद अहमद पुत्र श्री महबूब अहमद निवासी मौहल्ला नौमी उत्तरी, कस्बा व परगना बढ़ापुर। क्रय भूमि का मौहल्ला/स्थान मौहल्ला नौमी उत्तरी बढ़ापुर। 3. क्रेता का नाम श्री मौ. हामिद पुत्र मौ. जाकिर निवासी मौहल्ला फूलबाग, कस्बा बढ़ापुर। विक्रेता का नाम श्रीमती सुमित्रा पत्नी श्री शमीम अहमद, पुत्री चन्द्रप्रकाश निवासी मौहल्ला पठानपुरा नजीबाबाद। क्रय भूमि का मौहल्ला/स्थान मौहल्ला भजड़ावाला बढ़ापुर। 4. क्रेता का नाम श्री मौ. उसमान पुत्र मौ. फारूख निवासी मौहल्ला सत्तियान, कस्बा बढ़ापुर। विक्रेता का नाम श्रीमती सुमित्रा पत्नी श्री शमीम अहमद, पुत्री चन्द्रप्रकाश निवासी मौहल्ला पठानपुरा नजीबाबाद। क्रय भूमि का मौहल्ला/ स्थान मौहल्ला भजड़ावाला बढ़ापुर।

**अधिशासी अधिकारी**


## एक नजर

### यूजीसी के नए नियमों पर रोक से हर्ष



**धामपुर।** यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद धामपुर में सवर्ण समाज के लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला। बीती देर शाम नेता जी सुभाष तिराहे के पास यशवीर गीतम के प्रतिष्ठान पर समाज से जुड़े लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता जताई। बताया गया कि इससे एक दिन पूर्व बुधवार को यूजीसी के नए नियमों के विरोध में धामपुर में सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपते हुए नए नियमों पर रोक लगाने की मांग की गई थी। महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के नगराध्यक्ष यशवीर सिंह गीतम ने कहा कि यूजीसी के नए नियम समाज में विभाजन पैदा करने वाले हैं और इससे सवर्ण समाज के छात्रख्रछात्राओं के उत्पीड़न की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता बनाए रखने के लिए ऐसे नियमों पर रोक लगना आवश्यक है। इस अवसर पर यशवीर सिंह गीतम, नरेश वत्स, हरिराज सिंह, रविंद्र राजपूत, पूनम चौहान, राकेश चौहान, लोकेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, निर्दोष कुमार, अजय कुमार, राजपाल सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### किशोरी बालिका स्वास्थ्य अभियान



**झालू।** नगर के पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में किशोरी बालिका माध्यमिक कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित चार दिवसीय सेमिनार श्रृंखला के दूसरे दिन शुक्रवार को भव्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता रही और पूरे परिसर में स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर जागरूकता का माहौल बना रहा। सेमिनार में चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अरविंद चौधरी, डॉ. उषा सिंह, डॉ. हेमेन्द्र सिंह एवं डॉ. आयुषी भारद्वाज ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मान. सिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों पर विस्तार से जानकारी दी। चिकित्सकों ने सरल भाषा में छात्राओं को समझाते हुए बताया कि इस आयु में शरीर में होने वाले बदलाव स्वाभाविक हैं। जिनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, स्वच्छता और सकारात्मक सोच को स्वस्थ जीवन की बुनियाद बताया तथा छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बेझिझक समाधान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या श्रीमती चारु ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरावस्था में विशेषकर महावारी के दौरान स्वच्छता अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सही जानकारी और स्वच्छ आदतें न केवल बीमारियों से बचाती हैं, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। प्रधानाचार्या ने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का सही उपयोग करने की अपील की। सेमिनार की रूपरेखा एवं प्रभावशाली संचालन श्रीमती रजनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उन्होंने किशोरी बालिकाओं को सैनिटरी पैड्स के सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल निस्तारण के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही विद्यालय में स्थापित वेंडिंग मशीन एवं इंसीनरेटर के प्रयोग की प्रक्रिया को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। जिससे छात्राओं में व्यावहारिक समझ विकसित हो सकी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पूरे मनोयोग से विषयों को सुना और सक्रिय सहभागिता दिखाई। स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्म-जागरूकता से जुड़ा यह सेमिनार छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।


**खोया-पाया सूचना**

मेरे मकान नं. 349, आवास विकास बिजनौर के बैनामा बही सं. 1 जिल्द संख्या 13691 के पृष्ठ 191 से 212 तक क्रमांक 14465 पर दिनांक 12-09-2024 को रजिस्ट्रीकृत कर नाम किया गया है। उक्त मकान के पूर्व के दो बैनामें बही सं. 1 जिल्द संख्या 1853 के पृष्ठ 325-356 पर क्रम संख्या 6563/6564 पर दिनांक 21-09-2002, बिजनौर व बही संख्या 1 जिल्द संख्या 1802 पृष्ठ संख्या 103 से 130 पर क्रमांक 10567 दिनांक 29-09-2009 फोटो स्टेट कराने जाते समय बिजनौर जजी के पास कही गिरकर गुम हो गए हैं। इसके साथ मकान का एलाटमेन्ट लेटर (Allotment Letter) और मकान का पजेशन लैटर (Passession Letter) भी गिरकर कही गुम हो गये है। **नेहा शर्मा पुत्री जयप्रकाश शर्मा निवासी आवास विकास, बिजनौर।**

**Abdul Sami Memorial law College**

Vill. Gauspur Rai, Najibabad Road, Kiratpur, District Bijnor

**Required for Law Faculty**

1. History - 01
2. Law - 03

Qualification & salary as per U.G.C. Regulation Norms. Apply With documents and recent photograph within 15 days from the date of Publication of advertisement.

Email Id - asmlawcollege@gmail.com
Contact No. - 7088640006

Manager

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर (बिजनौर)**

पत्रांक:- 976 (2)/ न.पा.परि.चांदपुर/नि.सू./ 2026 दिनांक :- 30 जनवरी, 2026

**निविदा सूचना (द्वारा ई-टेण्डर)**

समस्त ठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद चांदपुर द्वारा राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से 06 कार्यों को कराने हेतु दिनांक 31.01.2026 से समय प्रात: 10.00 बजे से दिनांक 20.02.2026 समय 06.00 बजे सायं तक www.etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 31.01.2026 प्रात: 10.00 बजे से दिनांक 20.02.2026 तक सायं 06.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 22.02.2026 को सायं 06.00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरे डाल सकते है। निविदाओं को दिनांक 21.02.2026 को समय 11:00 बजे दिन को खोला जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Refrence Number | |
| Publish date and time for RFP | 31-01-2026 को प्रात: 10:00 बजे |
| Last date and time for submission of E-Tender | 20-02-2026 को सायं 06:00 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 21-02-2026 को प्रात: 11:00 बजे से |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Palika Parishad Chandpur (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value. |
| E-Tender Document processing | As per Tender List. |

नोट:- (1) निविदाकर्ता को निविदा के साथ प्रत्येक कार्य के सापेक्ष पृथक-पृथक 10 प्रतिशत धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी./ डाकघर की बचत पासबुक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, चांदपुर के नाम बंधक कराकर निविदा के साथ मूल प्रति से स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है अथवा नगर पालिका परिषद, चांदपुर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा चांदपुर में खाता संख्या 38989775664 (IFSC Code SBIN0001599) में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से भी जमा कर सकते है।

**(कु. सलमा नूर हमीदी)** लेखाकार अके.

**(अजय कुमार)** अवर अभियंता (सिविल)

**(कुनाल रस्तौगी (I.A.S.))** अधिशासी अधिकारी/ ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट

**(जीनत परवीन)** अध्यक्ष

**कार्यालय नगर पंचायत झालू, जनपद-बिजनौर**

पत्रांक: 621/न.पं.झालू/ 2025-26 दिनांक:- 30.01.2026

**-:: ई-टेण्डर सूचना::-**

निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ के पत्र संख्या: तक. सेल/07/निदे./2019 दिनांक: 28 जून, 2019 के क्रम में यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्ट्रर्ड बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/ बेन्डर्स को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत झालू जनपद-बिजनौर में टाउन फण्ड, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, नगरीय झील, तालाब पोखर योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत झालू जनपद-बिजनौर में निर्माण कार्य कराने हेतु ऑनलाईन निविदा दिनांक 16 फरवरी, 2026 तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित तिथि को सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 3/E-Tender/2025-26 |
| Publish Date and time for ref. | 29 January, 2026 on 10:00 AM |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 16 February, 2026 on 02:00 PM |
| Date and time of Opening Tender | 17 February, 2026 on 03:00 PM |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar panchayat Jhalu |
| E-Tender Security | 10% |
| E-Tender document processing | As per Tender |

**अवर अभियन्ता** नगर पंचायत झालू जनपद-बिजनौर

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत झालू जनपद-बिजनौर

**अध्यक्ष** नगर पंचायत झालू जनपद-बिजनौर

# महिला ने की आत्महत्या



## फांसी पर लटका मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आदर्श नगर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला की पहचान रूपाली राजपूत, पत्नी अंकित राजपूत के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार यह घटना तब सामने आई जब रूपाली के बच्चे स्कूल से घर लौटे और उन्होंने कमरे का दरवाजा बंद पाया। मौहल्ले वालों की मदद से दरवाजा खोला गया, तो रूपाली राजपूत फांसी पर लटकी मिलीं। उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रूपाली राजपूत के पति अंकित राजपूत रेलवे में कर्मचारी हैं। उनकी शादी को लगभग 15 वर्ष हो चुके थे। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# महाशिवरात्रि-कांवड़ यात्रा की तैयारी तेज

## महाशिवरात्रि पर सुरक्षा, सुविधा और शांतिपूर्ण आयोजन के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्वयंभू मोटा महादेव परिसर में महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी जसजीत कौर ने की और उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि यात्रा को सुरक्षात्मक, सुविधाजनक और शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का आदेश दिए। उन्होंने नगर पालिकाओं को सफाई, पेयजल व्यवस्था और मोबाइल टॉयलेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग को नियमित रूप से खाद्य सामग्री की जांच और सैंपलिंग करने का निर्देश भी दिया गया।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की टीमों को मुख्य शिविरों और निर्धारित स्थानों पर



दवाओं सहित मौजूद रहने के निर्देश दिए। बिजली विभाग को लटके तारों और झुके खंभों को ठीक करने का आदेश दिया गया, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान कोई समस्या उत्पन्न न हो। वन और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को यात्रा मार्गों पर विशेष सांकेतिक साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए गए, जिनमें संबद्ध अधिकारियों के मोबाइल नंबर उपलब्ध होंगे। इसका उद्देश्य किसी आपदा की स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा, नेशनल हाईवे, पीडब्ल्यूडी और पुलिस अधिकारियों को कांवड़ यात्रियों के पड़ावों, पुलिस बल और रूट डायवर्जन की तैयारियों की पूर्व समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कांवड़ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और संवेदनशील स्थलों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा यात्रा में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की किसी भी कोशिश को रोकने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने शिविरों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक कृष्ण गोपाल, सीओ नितेश प्रताप सिंह, चांदपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह, बिजनौर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, नजीबाबाद ब्लॉक अधिकारी दीपक तेवतिया, समाज कल्याण विभाग के अतुल कुमार, एसडीएम शैलेंद्र कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से अपील की कि वे समय-समय पर मार्गों और शिविरों का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि कांवड़ यात्रा सुचारू, सुरक्षित और भक्तों के लिए सहज अनुभवपूर्ण रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**किरतपुर।** संत रविदास जयंती के अवसर पर प्रस्तावित शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस क्षेत्राधिकारी नीतेश प्रताप सिंह ने कस्बा किरतपुर में पुलिस बल के साथ रूट निरीक्षण एवं पैदल गश्त कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से त्वरित रूप से निपटने के निर्देश दिए। साथ ही आम नागरिकों से शांति, सौहार्द और सहयोग बनाए रखने की अपील की। थाना किरतपुर प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने भी पुलिस बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि संत रविदास जयंती की शोभायात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार निगरानी रखी जाएगी। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह मय पुलिस बल के उपस्थित रहे।

### रामपाल सिंह का जन्म दिवस मनाया



**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज में शिक्षाविद पूर्व प्रबंधक, प्रधानाचार्य रामपाल सिंह के जन्मदिन पर प्रतिभा सम्मान एवं शैक्षिक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मां सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित के साथ समस्त विद्यालय परिवार ने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 11 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र सचिन राजपूत की तरफ से हर वर्ष की भांति प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को नकद राशि प्रदान की। यह राशि विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेश चंद राजपूत द्वारा वितरित की गई। इस अवसर पर प्रबंधक कावेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड., अध्यक्ष यशवीर सिंह, प्रधानाचार्य राजीव चौहान, केशवशरण, सत्य पाल सिंह, जाकिर हुसैन, जीतेन्द्र कुमार, विजेन्द्र सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा, डॉ. नयपाल सिंह, हरवीर सिंह, संजय कुमार, दीपक कुमार, लोकेश पटेल, भीमसेन हल्दिया एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### रावली में जागरूकता कार्यक्रम

**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में रेडियो संदेश स्थित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट की टीम द्वारा रावली ग्राम में एक जागरूकता कार्यक्रम व नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेहत सही, लाभ कई विषय के अंतर्गत छोटे बच्चों में कुपोषण की समस्या एवं उनके लिए उचित भोजन, फलाहार, आयरन-कैल्शियम का महत्व तथा शिशु जन्म के बाद मां एवं नवजात की सही देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। टीम कोऑर्डिनेटर सुनील भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, टीकाकरण, नियमित जांच, साफ-सफाई तथा जन्म के बाद नवजात की पोषण आवश्यकताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया। साथ ही स्वस्थ समाज निर्माण में मातृ व शिशु स्वास्थ्य की भूमिका पर चर्चा की गई।

### अवध शुगर मिल ने सीएचसी में लगवाया आरओ



**स्योहारा।** अवध शुगर मिल स्योहारा द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) फंड के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुद्ध पेयजल हेतु आरओ प्लांट लगवाया गया तथा यहां संचालित हेल्थ एटीएम के लिए आवश्यक कंज्यूमेबल किट्स दान की गई। इस अवसर पर सीएचसी स्योहारा परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अवध शुगर मिल के जनरल मैनेजर सुखवीर सिंह के निर्देशन में मिल की पूरी प्रबंधन टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षण पर आए अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य मंडल मुरादाबाद डॉ. आशु अग्रवाल ने कहा कि चीनी मिलें अपने सीएसआर फंड के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी अधिनियम 2013 के तहत कंपनियों को अपने लाभ का 2 प्रतिशत CSR कार्यों में खर्च करना अनिवार्य है। ऐसे कार्यों से आमजन को सीधा लाभ मिलता है। कार्यक्रम में नगर के प्रमुख समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने अवध शुगर मिल द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। सीएचसी के अधीक्षक डॉ बी.के स्नेही ने बताया कि कोविड काल के दौरान भी अवध शुगर मिल स्योहारा द्वारा ऑक्सीजन प्लांट, कोविड जांच केंद्र प्रतीक्षालय सहित कई महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर स्योहारा में चर्चाओं का दौर, लाभार्थियों में असमंजस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रदेश व देश का कोई भी पात्र नागरिक कच्ची छत के नीचे जीवन न गुजारे। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत लाभार्थियों को सीधा उनके बैंक खातों में धनराशि भेजी जा रही है। इस योजना से लाखों परिवारों को स्थायी आवास का सपना साकार हुआ है। सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा लगातार यह संदेश दिया जा रहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी प्रकार की दलाली, सिफारिश या अवैध वसूली को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लाभार्थियों से अपील की गई है कि यदि कोई व्यक्ति योजना के नाम पर धन की मांग करता है तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

इसी बीच नगर स्योहारा में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि योजना के शुरुआती दौर में कुछ कथित दलाल सक्रिय हो गए थे। आरोप है कि उस समय कुछ जनप्रति. निधियों एवं उनसे जुड़े लोगों द्वारा लाभार्थियों से 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की गई । इन चर्चाओं ने नगर में माहौल गर्म कर दिया है और इस बार ऐसे लोगों को किसी प्रकार का भी लाभ मिलने की संभावना नहीं हो रही है जैसे कि पूर्व में हुआ है और कुछ लोगों द्वारा पक्के मकान होने के बावजूद भी अपनी अलग पड़ी जमीनों में कुछ तो लाभार्थी से दलाली के रूप में उगाई कर ली और कुछ सरकार की योजना का लाभ लेकर उसने अपने पक्के और बेहतर मकान अलग से और बना लिए है। इन्हीं तमाम बातों को लेकर नगर में अब खूब चर्चाएं हो रही हैं, जिसको लेकर शिकायत और आरोपों का सिलसिला लगातार चर्चाओं का विषय बना हुआ है। जबकि वर्तमान में सरकार द्वारा योजना को सख्ती और पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है और धनराशि सीधे पात्र लाभार्थियों के खातों में भेजी जा रही है तो कुछ लोग असंतोष की स्थिति में नजर आ रहे हैं। इन्हीं हालातों के चलते लाभार्थियों के खिलाफ शिकायतें किए जाने और उन्हें डराने धमकाने जैसी बातों की भी चर्चाएं सामने आ रही हैं।

# बस स्टैंड व आधुनिक सुविधाओं को लेकर सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी की सिफारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** विकास को नई दिशा देते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने नगर पालिका परिषद स्योहारा में प्रस्तावित बस स्टैंड, सब्जी-फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से शीघ्र कार्रवाई की सिफारिश की है। यह पहल नगर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका ने मुरादाबाद रोड स्थित सरकारी भूमि पर स्थायी बस स्टैंड निर्माण हेतु 05 बीघा तथा सब्जी-फल मंडी अंडरग्राउंड पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए 12



## पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी के प्रयास तेज

बीघा सरकारी भूमि का विधिवत प्रस्ताव पारित कर जिला प्रशासन एवं राजस्व विभाग को अनुमोदन के लिए प्रेषित कर दिया है। पत्र में यह भी बताया गया है कि प्रस्तावित भूमि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे न केवल यह जनहितकारी परियोजना प्रभावित हो रही है बल्कि भविष्य में भूमि विवाद एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। सांसद ने सरकार से अनुरोध किया है कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराते हुए निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।

नगर के विकास कार्यों को लेकर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी लगातार प्रयासरत हैं। उनके नेतृत्व में पालिका द्वारा ऐसी योजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिनसे स्योहारा को आधुनिक शहरी सुविधाओं से जोड़ा जा सक।

## एक नजर

### शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज परिसर मे शासन के आदेशानुसार अमर शहीदों की पावन स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत शांत एवं गरिमामय वातावरण में किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रधानाचार्या रेखा रानी ने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने विद्यार्थियों को देशभक्ति, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मौन धारण कर देश की रक्षा हेतु अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं पूर्ण अनुशासन के साथ उपस्थित रहे।

### कई घंटे रही विद्युत आपूर्ति बंद

**नांगल सोती।** सौफतपुर बिजली घर पर तकनीकी कार्य के चलते 6 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को सौफतपुर बिजली घर पर तकनीकी कार्य किया गया, जिसके चलते सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप्प रही। शाम को बिजली आपूर्ति सुचारू होने के बाद उपभोक्ताओं ने राहत ली। जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि बिजली घर पर कार्य चल रहा था। कार्य पूर्ण होने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई।

### भागवत कथा में श्रोता भाव-विभोर




**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद में स्थित बड़े शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और वैराग्य से ओतप्रोत वातावरण बना रहा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में आना-जाना शुरू हो गया, जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। कथा वाचक पंडित जितेन्द्र वशिष्ठ ने अपने प्रभावशाली वाणी प्रवाह से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने शुकदेवजी के आगमन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार शुकदेवजी ने राजा परीक्षित को भागवत कथा का उपदेश देकर उन्हें मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर किया। इस प्रसंग में जीवन की नश्वरता, कर्म के फल और ईश्वर स्मरण के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई गई, जिसमें बालक ध्रुव की अटूट भक्ति, कठोर तपस्या और भगवान विष्णु की कृपा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। पंडित वशिष्ठ ने कहा कि ध्रुव चरित्र मानव जीवन में धैर्य, संकल्प और सच्ची भक्ति का श्रेष्ठ उदाहरण है। भक्ति रस से परिपूर्ण इस कथा को सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे और 'जय विष्णु भगवान' के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। कथा के दौरान भगवान विष्णु की महिमा, सती प्रसंग तथा भक्ति के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ता ने बताया कि सती प्रसंग से वैराग्य और आत्मसम्मान की शिक्षा मिलती है, जबकि भगवान विष्णु की उपासना से जीवन में शांति, सद्बुद्धि और कल्याण की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि यह दिन ज्ञान, वैराग्य और भक्ति के त्रिवेणी संगम का प्रतीक है, जो मानव को सांसारिक मोह से ऊपर उठकर ईश्वर की ओर ले जाता है। कथा श्रवण के लिए आकाश प्रजापति, काशी गगनदीप चौहान, नितिन चौहान, सौरभ शर्मा, तरुण, वीर सिंह, जीतेन्द्र राजपूत, शेखर चौहान, संदीप चौहान, सदन सिंह, रोहिताश सिंह, चंचल चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में विधिवत आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को लेकर गांव में धार्मिक उत्साह और सकारात्मक वातावरण बना हुआ।

# जनपद स्तरीय ग्राम समिति सम्मेलन

## किसानों की समस्याओं के समाधान का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में जनपद स्तरीय ग्राम समिति सम्मेलन का आयोजन जेबीएस रिजॉर्ट में किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, किसान कार्यकर्ता एवं पूर्व सैनिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष राजकुमार की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री सुरेश कुमार के संचालन में दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ किया गया। अखिल भारतीय अध्यक्ष के.साई रेड्डी के बिजनौर में प्रथम आगमन पर उनका भव्य स्वागत हाजीपुर मंडावर में किया गया, जिसके उपरांत सभी कार्यकर्ता जेबीएस रिजॉर्ट पहुंचे। यहां बंगाली समाज की महिलाओं, किसान संघ



कार्यकर्ताओं द्वारा शंखनाद कर स्वागत किया गया। जिला महिला प्रमुख श्रीमती सीमा त्यागी ने साथियों सहित तिलक लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया, जबकि खंड अध्यक्षों व पूर्व सैनिकों ने पुष्प भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अध्यक्ष के. साई रेड्डी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरपाल नागर तथा प्रदेश संगठन मंत्री शिवाकांत दीक्षित का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अखिल भारतीय अध्यक्ष ने जिले में अंडरपास की मांग को लेकर कहा कि किसानों की हर समस्या का समाधान अवश्य किया जाएगा। वहीं प्रदेश संगठन मंत्री शिवाकांत दीक्षित ने अंडरपास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा धरना हटाने की कार्रवाई को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा कि किसान संघ के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं और अपना हक लेकर रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय, भगवान बलराम की जय एवं भारतीय किसान संघ जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगे। सम्मेलन में जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र, महिला प्रमुख सीमा त्यागी, जिला प्रचार प्रमुख ईश्वर सिंह, कल्याण सिंह, प्रीतम, बलराम, वीरेंद्र, रूपेंद्र, विवेक, अरविंद लांबा सहित प्रांत अध्यक्ष संजीव, प्रांत महामंत्री कुलदीप, प्रांत संगठन मंत्री सुनील समेत अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रविदास जयंती शांतिपूर्ण मनाने के लिए निर्देश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** रविदास जयंती के अवसर पर निकलने वाले जुलूस को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर थाना प्रांगण में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रविदास जयंती जुलूस कमेटी के पदाधिकारी, क्षेत्र के ग्राम प्रधान तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए एसपी सिटी ने कहा कि रविदास जयंती आपसी भाईचारे का पर्व है, जिसे सभी लोग मिल-जुलकर शांति व अनुशासन के साथ मनाएं।



उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए और कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में न ले। एसपी सिटी ने जुलूस मार्ग, समय-सारिणी, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग तथा यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आयोजकों से प्रशासन का पूरा सहयोग करने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों व जुलूस कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि रविदास जयंती का जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाला जाएगा। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने का भरोसा भी दिलाया गया। इस मौके पर बिजली विभाग, नगर पालिका व राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत में शिक्षा चौपाल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से हासिल करने और जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ग्राम पंचायत रायपुर मलूक के कम्पोजिट विद्यालय में ग्राम प्रधान अलीहसन की अध्यक्षता तथा विवेक बंसल के संचालन में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया काया।

शिक्षा चौपाल का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्ना लाल द्विवेदी, एडीओ पंचायत अनिल कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। शिक्षा चौपाल में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्ना लाल त्रिवेदी ने बताया की शिक्षा चौपाल का उद्देश्य शिक्षकों छात्र-छात्राओं अभिभावकों और जनसमुदाय के बीच संवाद को मजबूत कर शिक्षा की गुणवत्ता मे



सुधार लाना है तथा शिक्षा विभाग द्वारा सभी प्राथमिक स्तर तक की सरकारी शिक्षा योजनाओं की जानकारी देना था। उन्होंने बताया कि शिक्षा चौपाल में बाल वाटिका के प्रभावी संचालन बच्चों के नामांकन व नियमित उपस्थिति में शिक्षा के दीर्घकालिक महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया।

शिक्षा चौपाल में उपस्थित एडीओ पंचायत, अनिल कुमार ने आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों को मिलने वाले अनुदान की धन राशि से परिषदीय विद्यालयों में कराये गये कार्य जैसे, कमरों का ट्रालीकरण, शौचालय निर्माण, किचन शैड, बच्चों के फर्नीचर, कम्प्यूटर की व्यवस्था, आदि कार्यों की जानकारी दी गयी। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव योगराज सिंह, डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह, अध्यापक देवेन्द्र वर्मा, मंजू देवी, सन्तू रानी, भागेश, पंकज कुमार, रचना, प्रगति शरण शर्मा टीकम सिंह साक्षी, सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )

वेबसाइट-NPPDHAMPUR.CO.IN दुरभाष नं.- 01344-297070

पत्रांक:-156(1)/2025-26 तददिनांक:- 30-01-2026

**अति-अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद धामपुर, जनपद बिजनौर द्वारा "**पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना**" से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत 01 कार्य ऑनलाईन निविदा के माध्यम से कराये जाने हेतु दिनांक 06.02.2026 समय प्रात: 05:00 बजे तक वेबसाईट पर निविदायें डाल सकते हैं। उक्त कार्य हेतु समस्त ठेकेदार, बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स, बेन्डर्स एवं शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी./2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलैक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/ बेन्डर्स आदि प्रतिभाग कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| Tender reference | Ltr.No न.पा.प.धा./निविदा/2025-26 |
| Publish and Time for RFP | 31-01-2026 11:00 AM |
| Last date and time for submission of Tender | 06-02-2026 05:00 PM |
| Date of time of opening tender | 07-02-2026 11:00 AM |
| Place of opening of Tender | Office Nagar Palika Parishad Dhampur |
| Tender Security | 10% of Tender Value |
| Tender Document processing | As per tender List |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद धामपुर,जिला-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद धामपुर, जिला-बिजनौर**








सम्भल। मतदान के लिए मतदान कक्ष के लिए खड़े अधिवक्ताओं से शाहनवाज राना के पक्ष में मतदान की अपील करते शकील त्यागी, मतदान के लिए अपने साथियों को फोन करके बुलाते अधिवक्ता, मतदान के लिए आते अधिवक्ताओं को अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए वोट देने को प्रेरित करते समर्थक।








सम्भल। गुन्नौर में मतदान के लिए अपनी बारी का इंतेजार में लाइन में खड़े अधिवक्ता, बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज राना के कार्यालय पर बैठे समर्थक अधिवक्ता, मतदान शुरू होने से पूर्व प्रचार को झंडिया लगाते समर्थक।

# बार काउंसिल सदस्य पद के चुनाव में पड़े 221 वोट

**○न्यायालय भवन में बने मतदान केन्द्र में सुबह-सुबह मतदान की गति रही धीमी, दोपहर को मतदान में आई तेजी, पचास प्रतिशत से अधिक पड़े मत, न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था रही काफी कड़ी**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एक माह की भागदौड़ के बाद आखिर वह घड़ी आ ही गई जिसका बार काउंसिल के प्रत्याशियों को इंतेजार था। सुबह आठ बजे से सांय पांच बजे तक हुआ मतदान शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया। कुल मतदाताओं में पचास प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपनी-अपनी पसंद के अधिवक्ताओं को अपने मत का दान किया।

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव में के चौथे चरण के पहले दिन सुबह दस बजे से मतदान का कार्य शुरू कराया गया। अपर सिविल जज की अदालत में शुरू हुए मतदान की गति सुबह कुछ धीमी। रही। कम ही संख्या में अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। लेकिन जैसे-जैसे दिन का पारा चढ़ता गया वैसे-वैसे मतदान की गति में तेजी आती गई। जबकि अधिवक्ताओं में भी मतदान करने और साथी अधिवक्ताओं का अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने के लिए जुटे रहे। जैसे ही कोई अधिवक्ता मतदता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचते वैसे ही प्रत्याशियों के सर्मथक अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करने के लिए दौड़ पड़ते। सम्भल में 421 मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करना था मगर पूरे समय मात्र 421 अधिवक्ता ही अपनी-अपनी पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर सके। हालांकि जिस तरह से सुबह-सवेरे कोहरा छाये रहने से मतदान की संख्या काफी कम होने की सम्भावनाएं जतायी जा रही थींलेंकिन कोहरा छंटते ही और धूप निकलते ही अधिवक्ता बड़ी संख्या में अपने मत का प्रयोग करने आते रहे। सांय पांच बजे तक 421 में 221 अधिवक्ता अपने मत वोट डाल सके। सांय पांच बजते ही पीठासीन अधिकारी ने सभी बारों के अध्यक्ष की मौजूदगी में बचे बैलेट पेपरों की जानकारी दी। इस दौरान न्यायालय के बाहर कड़ी सुरक्षा रही। वोट डालने आ रहे अधिवक्ताओं के मताधिकार के लिए अभिलेखों की जांच के बाद बैलेट पेपर दिए गए। जबकि न्यायालय परिसर में भी अधिवक्ता और उनके सर्मथकों का जमावड़ा रहा। लाइन में लगे अधिवक्ताओं को अपनी-अपनी पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करते रहे।

## झलकियां

# गुन्नौर में 245 में 111 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद पर 333 अधिवक्तागण चुनाव मैदान में हैं। गुन्नौर बार वेलफेयर एसोसिएशन के 245 अधिवक्ता अपने मत का मतदान आज और शनिवार को करेंगे। सदस्य पद के चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के एजेंट अथवा परीजन अपने चुनाव में प्रत्याशी को अच्छा मतदान कराने के लिए अधिवक्ताओं से जनसंपर्क शुक्रवार को किया है। बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद हेतु सुबह 10 बजे न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन गुन्नौर में से वोट पड़ने शुरू हुए। जिसमें दोपहर 3 बजे तक 60 अधिवक्ताओं ने अपने-अपने मत का मतदान किया था।जबकि 5 बजे तक 111 वोट पड़े। बता दें कि गुन्नौर बार की लिस्ट में 245 मतदाता हैं। जो दो दिन में अधिवक्तागण मतदान करेंगें। कल शनिवार को सुबह 10 बजे मतदान शुरू होगा और शाम 5 बजे तक चलेगा। बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के अधिवक्ताओं ने बार कौंसिल चुनाव लड़ रहे अपने प्रत्याशियों के समर्थकों ने अपने खर्चे पर अधिवक्ताओं के साथ चाय पकौड़ी की पार्टी चल रही है।

# मुख्य चौराहों से रूट का किया गया डायवर्जन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बार काउंसिल सदस्य पद को लेकर वैसे तो मतदान केन्द्रों पर सदर कोतवाली पुलिस बल को लगाया गया था लेकिन सिविल कोर्ट की ओर जाने वाले मार्ग को पुराना अस्पताल चौराहा और शंकर कॉलेज चौराहे से ही पुलिस अवरोधक लगाकर ई रिक्शा और चार पहिया वाहनों का आवागमन रोक दिया गया। जिससे कई बार जाम लगने की स्थिति बचती रही। सांय पांच बजते ही अवरोधक को हटा लिया गया। जबकि प्रत्याशियों के सर्मथकों जगह-जगह बने अस्थायी कार्यालयों में रखी कुर्सी मेज और अन्य सामान को हटा लिया गया।

# दूसरे दिन आज दस बजे शुरू होगा मतदान का कार्य

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बार काउंसिल सदस्य पद को लेकर हो रहे मतदान के पहले दिन जहां शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया। वहीं बाकी बचे मतदान के लिए शनिवार (आज) सुबह मतदान की प्रक्रिया का कार्य कराया जायेगा।

# बार काउंसिल के निर्देशों का सख्ती से हुआ अमल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बार काउंसिल सदस्य पद को लेकर चुनाव निष्पक्षता व पारदर्शिता बनाने को लेकर पूरी सतर्कता बरती। मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों के बाहर व परिसर में पुलिस फोर्स का भारी जमावड़ा रहा,जबकि बार काउंसिल की ओर से किये गए निष्पक्षता व सुरक्षा के इंतेज़ामों से कोई हंगामा किसी तरह का खड़ा नहीं हो सका। इतना ही नहीं मतदान करने पहुंचे मतदाताओं की सुबह गेट के पास मताधिकार के अभिलेखों को देखकर जाने अंदर जाने दिया। जबकि प्रत्याशियों के सर्मथक अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करते रहे।

## एक नज़र इधर भी

# गार्बेज संग्रहण की हुई मॉनीटरिंग

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** स्वच्छता की जागरूकता एवं डोर टू डोर गार्बेज संग्रहण मॉनिटरिंग की गई।

नगर पंचायत बबराला एवं आईटीसी सुनहरा कल से अर्बन कोआर्डिनेटर द्वारा वार्ड नं 09 मुनीम कालोनी के वासियों के बीच जाकर पम्पलेट के माध्यम से व वॉल स्टीकर चिपका कर स्वच्छता के विषय में विशेष जानकारी दी गई और बताया गया कि होम कम्पोस्टिंग के जरिए आप खुद से ही गीले कचरे का निस्तारण कर जैविक खाद्य के रूप उपयोग कर सकते हैं। जिससे आपके पेड़ एवं पौधों को एक अच्छी ग्रोथ मिलती है। इसके साथ ही डोर टू डोर गार्बेज संग्रहण वाहन मॉनिटरिंग की गई। आईटीसी के कार्डिनेटर करन सिंह ने बताया कि नगर में मॉनिटरिंग की गयी। जांच के दौरान पाया गया कि गीला-सूखा कचरा अलग-अलग मिल रहा। उसका पिट कंपोस्टिंग के माध्यम से समुचित निस्तारण किया जा रहा है।

# गोवर्धन पूजा अहंकार से मुक्ति और प्रकृति संरक्षण का देती है संदेश

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** संतोषी माता मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में गोवर्धन पूजा उत्सव मनाया गया। वृंदावन के कथा व्यास गौरव देव शर्मा ने कहा कि प्रकृति से प्रेम कीजिये। गोवर्धन पूजा अहंकार से मुक्ति और प्रकृति संरक्षण का संदेश देती है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर इंद्र के अहंकार को नष्ट किया था और प्रकृति गोवर्धन पर्वत व गाय की पूजा का महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों की रक्षा के लिए 7 दिनों तक कनिष्ठा उंगली पर पर्वत उठाकर इंद्र की भारी वर्षा रोकी। और इंद्र के कोप से ब्रज की रक्षा की। उन्होंने कहा कि इंद्र को अपनी शक्ति पर बहुत घमंड था। भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र की जगह प्रकृति यानी गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए कहा तो क्रोधित होकर इंद्र ने मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। भगवान श्रीकृष्ण ने सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों, पशु-पक्षियों को मूसलाधार बारिश से बचाया तो इंद्र का घमंड टूट गया तो सातवें दिन भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को वापस रखा। इसके बाद गोप-गोपिकाओं ने मिलकर 56 भोग लगाया, जिसे गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया गया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति के प्रति आभारी होना सिखाती है। प्रकृति से प्रेम करें। ईश्वर अहंकार को नहीं, बल्कि प्रेम को स्वीकार करते हैं। इस दौरान पंडित श्याम बिहारी महाराज,संजय शर्मा,अजय गोयल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 26वें दिन भी धरने पर डटे रहे भाकियू कार्यकर्ता

**सम्भल ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक का धरना आन्दोलन 26 वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर ब्लाक गुन्नौर तहसील से आये अधिकारियो ने भूमाफियाओ से सरकारी जमीन बचाकर पशु चिकित्सालय की जमीन पर पोलगाड कर सुरक्षित किया गया। आन्दोलन स्थल पर होने वाली राष्ट्रीय पंचायत की सभी तेयारिया पूरी करली गई है। ल आज राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. हरपालसिह किसानो को सम्बोधित करेंगे पंचायत मे बोलते हुए बहादुरसिह यादव ने कहा पंचायत मे आम जनता को सहयोग करना चाहिए। अपनी समस्याओ के लिए खुद ही लडना पडेगा अभी नही तो कभी नही महावा नदी को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए आदि मागों का समर्थन करने हेतु सपरिवार आकर अपना समर्थन प्रदान करे। इस मौके पर नेत्रदान चन्द्रकेश यादव दिनेश श्रृषिपाल सिह यादव गजराम सिह सन्तोष जीतपाल हरिश्चंद्र रामबीर चन्द्रयान आदि किसान मौजूद रहे।

# बारिश से कोतवाली हुइ पानी-पानी

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर गुन्नौर की कोतवाली बरसात होने से परिसर पानी-पानी हो गया। गेट पर पानी होने से अंदर आने-जाने में परेशानी का सामना फरियादियों व पुलिस कमियों को करना पड़ा। शुक्रवार को नगर क्षेत्र में हुई बारिश से गुन्नौर कोतवाली में जल भराव हो गया। जिसके चलते कोतवाली में आना-मुश्किल हो गया। गुन्नौर कोतवाली में बरसात होने पर जल भराव हो जाता है लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जल भराव के दौरान आवागमन बंद हो जाता है। जबकि पीड़ितों को अंद जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा नगर के कर्ठ स्थानों पर भर बरसात में जल भराव की स्थिति का सामना करना पड़ा है। परन्तु नगर में जल भराव की समस्या को दूर करने के कोई प्रयास नहीं किये जाते हैं।

# डीएम ने वीवीपेट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा शहजादी सराय स्थित ई.वी.एम.वी.वी.पैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाऊस की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया। जिलाधिकारी ने साफ सफाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रामानुज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका डा. मणिभूषण तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल , तरीन कैंपस, संभल में सीबीएसई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, देहरादून के तत्वावधान में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय हलर्निंग आउटकम्स, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण, प्रभावी अधिगम परिणामों तथा नवीन शिक्षण विधियों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विल्सन राजन के स्वागत संबोधन द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए आमंत्रित रिसोर्स पर्सन डा. रीता शर्मा एवं सुश्री निधि कौशिक का परिचय करा कर स्वागत किया। प्रोग्राम समन्वयक जिया उल्लाह खान ने सभी शिक्षकों का स्वागत किया। एकेडमिक कोआर्डिनेटर फैजान अली ने सभी शिक्षकों को बताया कि कार्यक्रम दो भागों में विभाजित है प्रथम भाग डा. रितु शर्मा के द्वारा और द्वितीय भाग निधि कौशिक जी के द्वारा आयोजित किया जाएगा।प्रधानाचार्य विल्सन राजन ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण, प्रभावी अधिगम परिणामों तथा नवीन शिक्षण विधियों से अवगत कराना था।इस अवसर पर डा. रीता शर्मा ने लर्निंग आउटकम्स पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार स्पष्ट अधिगम परिणाम निर्धारित कर शिक्षण को उद्देश्यपूर्ण और परिणामोन्मुख बनाया जा सकता है।

# गोरखनाथ ने किलिष्ट योगमार्ग को सहयोग में बदलकर बनाया कल्याणकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा आयोजित भगवानश्रीगोरखनाथ जी के 46 बें प्रकटोत्सव के अवसर पर प्राचीन मंदिर बाबा गोरखनाथ महाकालेश्वर आलम सराय में सभी गुरुदेव सहित सभी देव प्रतिमाओ को जलाभिषेक पंचाभिषेक अभिषेक षडोपचार पूजन अर्चन कर आधयात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली द्वारा लिखित अथ श्रीगोरखनाथ अमर गाथा का अखंड पाठ शुभारम्भ किया।पूजन अभिषेक डा. सुरेशचन्द्र सैनी व डा. योगी नागेन्द्रमोहन श्रीमाली आनंद सैनी पार्थ शर्मा लोकेश श्रीमाली लक्ष्मन सैनी द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर श्रीमाली ने कहा की हमे गर्व है। की हम भारतीय है और हमारे राष्ट्र भारत में ही सनातन संस्कृति,की रक्षा को प्रभु ने एक नहीं अनेको बार अवतार धारण कर इस धारा को अधरमियो से मुक्त किया है।

# आरक्षण ओर यूजीसी बिल पर आक्रोशित हुआ सामान्य वर्ग

**○सवर्ण समाज ने राष्ट्रपति को सम्बोधित डीएम को सौंपा ज्ञापन बिल को पूरी तरह से निरस्त करने की मांग**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के तत्वावधान में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन, सवर्णो के मान-सम्मान की सुरक्षा, एवं यू जी सी कानून के खिलाफ जिलाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि सामान्य वर्ग के लोगों के विचारों पर एक लंबे समय से कुठाराघात किया जाता रहा है लेकिन अन्य समाज की भाँति, हमारे द्वारा कभी आक्रामक रुख नहीं अपनाया, बल्कि शान्ति से ही अपनी बात को रखने का इतिहास बनाए रखा है। आज यूजीसी कानून लाकर समाज में गहरी खाई पैदा करने का काम किया जा रहा है, ऐसे में सवर्ण समाज में बहुत अधिक आक्रोश व्याप्त है। इससे सामान्य वर्ग के बच्चों को मानसिक अशांति एवं भय के माहौल में जीने को मजबूर होना पड़ेगा। छात्र-छात्राओं में भी भेदभाव की भावना पनपेगी। हालाँकि एक लंबे समय से आरक्षण की व्यवस्था से सामान्य वर्ग प्रताड़ित होता चला आ रहा है, आज सामान्य वर्ग अल्पसंख्यकों जैसी स्थिति में है ऐसे में सामान्य वर्ग को सुरक्षा की भी आवश्यकता है। मण्डल महामंत्री भुवनेश कुमार शर्मा ने कहा कि भारत देश विभिन्नता में एकता का प्रतीक रहा है, ऐसे में अपने देश को बाँटने की साजिश, किसी भी सरकार द्वारा नहीं होनी चाहिए क्योंकि राष्ट्र सर्वोपरि है। हम राष्ट्र को बनाने वाले लोग हैं, ऐसे में यदि देशवासियों के बीच खाई पैदा होती है तो यह शर्म का विषय है। राकेश वार्ष्णीय ने माँग करते हुए कहा कि वर्तमान यूजीसी बिल को निरस्त करते हुए, आरक्षण की व्यवस्था को भी समाप्त करना चाहिए या फिर केवल आर्थिक आधार पर होना चाहिए ताकि सभी को समान अधिकार मिल सकें, समान रोजगार मिल सकें और बच्चों को समान शिक्षा मिल सकें। ज्ञापन सौंपते समय,जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा मयंक शर्मा, महेश शर्मा, शुभम राघव,भुवनेश कुमार शर्मा, शिवओम, अरविंद पाठक, कुँवरपाल शर्मा, राहुल शर्मा, दीपक गुप्ता, आलोक राठौर, कुलदीप शर्मा, खेलेंद्र कुमार, प्रमोद शर्मा, केशव, शिवम, सुधांशु, कुलदीप पाठक, अभिषेक, रवि शर्मा, उदय गौड, आयुष, रिशांत, अमित आदि उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर बापू को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर स्वतंत्रा संग्राम के महानायक महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

शहर कांग्रेस कमेटी चौधरी सराय स्थित तारीन पर कार्यक्रम का आरंभ बापू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। तत्पश्चात 2 मिनट के लिए मौन धारण करके सभी कांग्रेस जनों ने शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिव किशोर गौतम जी ने कहा कि गांधी जी का पूरा जीवन एक आदर्श है और जीवन को व्यतीत करने के लिए महत्वपूर्ण मूल्यों का प्रतीक है परंतु जो अडिगता, बलिदान, सहनशीलता संयमता उनके आंदोलनों में विशेषतया नमक कानून तोड़ो आंदोलन,डांडी यात्रा, असहयोग आंदोलन, चंपारण सत्याग्रह आदि के अंदर देखने को मिली वह संपूर्ण भारत के समस्त वासियों के लिए एक अमूल्य धरोहर है और सदैव रहेगी। कांग्रेस प्रवक्ता फाजिल अंसारी ने कहा कि गांधी कोई व्यक्ति नहीं है वह एक विचार हैं। व्यक्ति को समाप्त किया जा सकता है लेकिन विचार को समाप्त नहीं किया जा सकता। गांधी जी एक विचार और एक आदर्श के रूप में हमेशा हमारे जीवन शैली के अंदर अमर रहेंगे। उनका सत्य और अहिंसा का सिद्धांत युगों युगों तक भारतवर्ष को शक्ति प्रदान करता रहेगा। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुशीर खान तरीन ने कहा कि गांधी जी ने जब यह देखा कि उनके देशवासियों पर कपड़े नहीं है तो उन्होंने खुद के वस्त्र को त्याग दिया। यह विशेषता किसी राजनेता की नहीं है बल्कि एक मसीहा की है और उन जैसे मसीहा सदियों में पैदा होते हैं और हमेशा हमेशा के लिए प्रेरणा के स्रोत बन जाते हैं।इस अवसर पर शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुशीर खान तरीन, फाजिल अंसारी इरफान खान,शफी सैफी, मोअज्जम, रईस मसूदी, दानिश जी,डा. मरगूब, डा. फरहत,रिजवान आदि मौजूद रहे।



सम्भल-बापू की पुण्य तिथि पर श्रृद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी।

# डीएम के निरीक्षण में जिला प्रोबेशन अधिकारी व अधीनस्थ अनुपस्थित मिलने पर स्पष्टीकरण तलब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय कलक्ट्रेट, कलक्ट्रेट के कंट्रोल रूम, राजकीय कृषि रक्षा ईकाई, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, बाल कल्याण समिति, खनन विभाग,जिला विकास अधिकारी कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी बहजोई कार्यालय,जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय,परियोजना निदेशक डीआरडीए कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय,तथा वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित पंजिका का निरीक्षण किया। जबकि वन स्टाप सेन्टर के निरीक्षण दौरान साफ सफाई ठीक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित को साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। वन स्टाप सेन्टर के टूटे फर्श की मरम्मत, बिस्तर एवं चादरें तथा फर्नीचर की साफ सफाई को लेकर भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि वन स्टाप सेन्टर पर रात के समय प्रवास करने वाली किशोरियों, युवतियों, व महिलाओं को सर्दी के कारण कोई परेशानी न हो।जिलाधिकारी द्वारा जिला पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अधीनस्थ अधिकारियों के अनुपस्थित रहने, खण्ड विकास अधिकारी एवं अधीनस्थ, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं उनके अधीनस्थों के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।

# तेंदुए ने किया बछड़े पर हमला किसानों में फैली दहशत



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** खेतों में घूम रहे हैं लावारिस बछड़े पर तेंदूए ने हमला कर दिया और खींचकर खेत में ले गया गन्ना छीलल रहे किसानों में दहशत फैल गई उन्होंने शोर मचाया तो तेंदुआ बछड़े को छोड़कर भाग गया किसानो की सूचना पर बन पुलिस ने भी मौके का निरीक्षण किया है। फाजिलाबाद के जंगल में किसान राजीव का परिवार गन्ना छिलाई कर रहा था वहीं पर एक लावारिस बछड़ा घूम रहा था अचानक गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने बछड़े पर हमला कर दिया और उसे खींचकर खेत में ले गया अचानक हुए हमले को देखकर किसान घबरा गए उन्होंने शोर मचाया तो तेंदुआ भाग गया अंदर जाकर किसानों ने देखा तो बछड़े की हालत खराब थी किसान जैसे ही वहां से हटे तेंदुए ने फिर बछड़े को खाना शुरू कर दिया इस हमले में बछड़े की मौत हो गई किसानों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी वन विभाग से आए पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने निरीक्षण किया किसानों का कहना था कि तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाए लेकिन वन विभाग के कर्मचारी इसकी जिम्मेदारी रेंजर पर डालने की बात कह कर चले गए।

उन्होंने कहा कि पिंजरा लगाना ना लगाना रेंजर के हाथ में है हम तो बस सूचना मिलने पर यहां आकर अधिकारियों को पूरी घटना की जानकारी दे सकते हैं। किसानों ने तेंदुआ पकड़वाकर उन्हें निजाद दिलाए जाने की मांग की है।

# आधा दर्जन गांवों में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अभिनय चौधरी का स्वागत



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रवाना में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव अभिनय चौधरी का ग्रामवासियों द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल किसानों, मजदूरों और युवाओं की सशक्त आवाज है। इस पार्टी की नींव भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह ने रखी थी, जिसे श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह ने आगे बढ़ाया और आज राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी देश के किसानों और नौजवानों के हित में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

अभिनय चौधरी ने ग्रामवा. सियों से हर सुख-दुख में साथ देने का वादा करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को और अधिक मजबूत करना होगा। कार्यक्रम का आयोजन रशीद अंसारी द्वारा किया गया। इस मौके पर जमील प्रधान, समसुल जरीफ ठेकेदार, जितेंद्र चौधरी, राजवीर सिंह, आकांक्षा, अरशद अंसारी, लइक प्रधान, शेखर कश्यप, जयपाल प्रजापति एवं नोमान आदि मौजूद रहे। इसके अलावा मुंडाला जेवड़ा हमीनपुर नयागांव फरीदपुर और बेगमपुर में भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

## एक नजर

### विश्व हिंदू परिषद में रजनीश गर्ग को मिली जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी/मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) मेरठ प्रांत की कार्यसमिति के हालिया निर्णय के तहत ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद की जिला कार्यसमिति का पुनर्गठन किया गया है। इस पुनर्गठन में बिलारी नगर अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे रजनीश गर्ग को संगठन ने पदोन्नति देते हुए जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। नए दायित्व की घोषणा के बाद बिलारी आगमन पर रजनीश गर्ग का विश्व हिंदू परिषद एवं विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें माल्यार्पण कर बधाई दी और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र गांधी, परमेश्वर नाथ गोस्वामी, राजेंद्र सिंह, सुनील शर्मा, राहुल शर्मा, सुरजीत चौधरी, राजकुमार सागर, नितिन अग्रवाल, भूराज सिंह, कंचन कश्यप, उरमिंदर मौर्य, अनूप राणा, किशन लाल सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, जनसंपर्क विस्तार और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।

### पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट में गांधी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, नगलिया जट (बिलारी) में 30 जनवरी 2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके राष्ट्र के प्रति योगदान और बलिदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक अर्जुन सिंह ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए विभिन्न आंदोलनों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं शिक्षिका सीमा रानी ने गांधी जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए सत्य, अहिंसा और प्रेम के मार्ग पर चलकर आदर्श नागरिक बनने का संदेश दिया। इसके उपरांत विद्यालय में कुष्ठ रोग निवारण दिवस के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंकज सक्सेना एवं ताराचंद ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग माइक्रोबैक्टीरियम लेप्रे नामक जीवाणु से होता है, यह न तो अनुवांशिक है और न ही किसी पाप का परिणाम। समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक है। समय पर पहचान और पूर्ण उपचार से इस रोग को समाप्त किया जा सकता है। विद्यार्थियों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे रोग निवारण कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। अक्षय भटनागर ने बताया कि भारत सरकार वर्ष 2030 तक देश से कुष्ठ रोग उन्मूलन के लक्ष्य की दिशा में कार्यरत है। इस अवसर पर जिलाधिकारी का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया तथा " भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करें" विषय पर सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन नीतू ने किया। इस दौरान मोहम्मद अजीम, शादाब आलम, चिराग शर्मा, कुमारी मनीषा, शिवम कुमार, संदीप सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### शिक्षा प्रसार समिति के आजीवन सदस्य के निधन पर दो मिनट का रखा मौन



**कांठ ( शाह टाइम्स )** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज की शिक्षा प्रसार समिति के आजीवन सदस्य मास्टर सुशील कुमार माहेश्वरी का आकस्मिक निधन हो गया इसकी सूचना मिलते ही शोक की लहर फैल गई कॉलेज में उनकी आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और इसके बाद अवकाश घोषित किया गया नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने भी उनके आवास पर जाकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की और दुखी परिवार को ढांढस बंधाया।

# कस्तूरबा गांधी छात्रावास हुआ अनदेखी का शिकार



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** डायट परिसर में बना कस्तूरबा गांधी छात्रावास अनदेखी का शिकार हो गया है जिससे इस भवन में सीलन और अन्य कारणों के चलते नुकसान भी हो रहा है। लेकिन इस और किसी का ध्यान नहीं है। बतादे की डायट परिसर में ही कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बना हुआ है जिसमें ग्राउंड तल पर बच्चों की पढ़ाई होती है और प्रथम तल पर बच्चों के रहने की व्यवस्था है। लेकिन इन छात्रों के रहने के लिए विभाग ने इसी परिसर में एक कस्तूरबा गांधी छात्रावास की स्थापना कराई जिसकी बिल्डिंग को तैयार होने में बरसों लग गए बच्चों के खाने के लिए इसी के बराबर में रसोई का निर्माण भी हुआ मगर इसमें आज तक भी बच्चों को स्थानांतरित नहीं किया गया। भवन और उसके कमरों में ताले पड़े रहने के कारण यह भवन अनदेखी का शिकार हो गया इसके आसपास बड़ी-बड़ी घास उगी और दीवारों में लगी सीलन के कारण सीमेंट छुट कर गिरने लगा रसोई घर के सामने तो फर्श भी बैठ गया।

इसकी देखरेख कोई नहीं कर पाया इस अनदेखी के चलते भवन इस्तेमाल में आने से पहले ही क्षतिग्रस्त होने लगा है आखिर सरकार द्वारा लगाए गए धन के दुरुपयोग का जिम्मेदार कौन है।

# राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बिलारी सीएचसी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।




कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यह समझाना था कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है और समय पर इलाज न मिलने पर ही यह घातक रूप ले सकता है। चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को बताया कि कुष्ठ रोग के शुरुआती लक्षणों में त्वचा पर हल्के रंग के सुन्न दाग या चकत्ते, प्रभावित स्थान पर पसीना न आना, बाल झड़ना, हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन, तथा नसों में मोटापन शामिल हैं। ऐसे किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में जांच करानी चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि बहु-औषधि उपचार पद्धति (डक्ज) के माध्यम से एक ही खुराक से 99.9 प्रतिशत तक जीवाणु नष्ट हो जाते हैं और नियमित दवा से रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है।

जिन मरीजों के शरीर पर कम निशान होते हैं उनका उपचार लगभग 6 माह में, जबकि अधिक प्रभावित मरीजों का उपचार लगभग एक वर्ष में पूरा हो जाता है। डॉक्टरों ने यह भी बताया कि कुष्ठ रोग की जांच और दवाएं जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं। समय पर उपचार से विकलांगता रोकी जा सकती है। जरूरत पड़ने पर पुनर्निर्माण सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है, तथा विकलांगता से पीड़ित व्यक्तियों को सरकार की पेंशन योजनाओं का लाभ भी मिल सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की कि कुष्ठ रोग से जुड़े भ्रम और भेदभाव को दूर करें और संदेश फैलाएं "एमडीटी खाओ, कुष्ठ मिटाओ।"

कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मी, आशा कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## रामरचा सेवा ट्रस्ट द्वारा निकाली गई पालकी यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडीबाँश स्थित अग्रवाल भवन से मंदिर श्री रामरचा सेवा ट्रस्ट द्वारा पंडित राघवेंद्र जोशी जी के नेतृत्व में एक विशाल पालकी यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो भक्त मौजूद रहे पालकी यात्रा का उद्देश्य समस्त हिंदू समाज को एकत्रित करना यात्रा में देवी माँ का भव्य डोला सजाया गया।पंडित राघवेंद्र जोशी ने बताया कि कल 2:00 बजे से विशाल भजन संध्या होगी जिसमें बाहर के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे तत्पश्चात विशाल हवन होगा उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी है।

आज की पालकी यात्रा मंडी बाँश से मंडी चौक अमरोहा गेट बर्तन बाजार होती हुई दिनदारपुरा पर संपन्न हुई कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि के रूप में गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री श्रीमान दीपक गोयल दिनकर गोयल व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के महामंत्री विपिन गुप्ता कमलदीप सुमित ऋषि गौरांग अमित छोटू आदि अनेक भक्तों ने यात्रा में भाग लिया।

# टीएमयू की क्रिकेट बायोमैकेनिक्स वर्कशॉप में स्टुडेंट्स को समझाया खेल चोटों का प्रबंधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से आईआईसी के तत्वावधान में क्रिकेट में उन्नत बायोमैकेनिकल मूल्यांकन तकनीकों पर कार्यशाला में यूपीसीए की अंडर-19 टीम की चयनित महिला क्रिकेटर्स- मनीषा चौधरी, शुभ चौधरी और पलक पर हुआ डेमो तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से आईआईसी के तत्वावधान में क्रिकेट में उन्नत बायोमैकेनिकल मूल्यांकन तकनीकों पर कार्यशाला में विशेष रूप से क्रिकेट खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स फील्ड पर खेल चोटों के प्रबंधन और गति तंत्र विश्लेषण की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। मुजफ्फरनगर की जानी-मानी स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. शिवानी लाल ने सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक जीवन के अनुप्रयोग से जोड़ा। यूपीसीए की अंडर-19 टीम की चयनित महिला





क्रिकेटर्स- मनीषा चौधरी, शुभ चौधरी और पलक पर डॉ. लाल ने व्यावहारिक बायोमैकेनिकल का डेमो दिया। उन्होंने वास्तविक समय में मूल्यांकन तकनीकों का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों के गति पैटर्न और चोट के जोखिम कारकों पर व्यक्तिगत फीडबैक प्रदान किया। इससे पूर्व स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. लाल ने विभागाध्यक्ष डॉ. शिवानी एम. कौल के संग दीप प्रज्ज्वलित करके वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। वक्ताओं ने खेल फिजियोथेरेपी के महत्व और इस कार्यशाला की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने खेल बायोमैकेनिक्स और चोट की रोकथाम के विभिन्न पहलुओं पर सवाल पूछे।

डॉ. लाल ने स्टुडेंट्स की जिज्ञासा को शांत किया। अंत में डॉ. शिवानी लाल को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री हरीश शर्मा, श्रीमती हिमानी, डॉ. कंचन खोलिया, सुश्री समर्पिता सेनापति, श्रीमती शिप्रा गंगवार, सुश्री सिमरन सरफराज के संग-संग फिजियो थेरेपी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# गांधी पार्क, बिलारी में मनाया गया महात्मा गांधी का शहीदी दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मुरादाबाद रोड स्थित गांधी पार्क में नागरिक एकता परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पमालाएं अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया गया।



वक्ताओं ने बापू की शहादत को याद करते हुए कहा कि उनकी हत्या केवल उनके शरीर को समाप्त कर सकी, लेकिन उनकी विचारधारा आज भी देश और दुनिया में जीवित है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी की मूर्तियां विश्व के अनेक देशों में स्थापित हैं, जो उनके महान व्यक्तित्व और वैश्विक सम्मान को दर्शाती हैं। कार्यक्रम के दौरान कई स्कूली बच्चों ने देशभक्ति एवं गांधीजी के जीवन से जुड़े विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। संगठन संचालक एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. राकेश रफीक ने अपने संबोधन में कहा कि गांधीजी गांवों की आत्मनिर्भरता और न्यायपूर्ण व्यवस्था के पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान नौकरशाही व्यवस्था में ग्रामीणों को न्याय मिलने में कठिनाई होती है, जबकि बापू का सपना अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गांधीजी के बारे में यह भ्रम फैलाया जाता है कि उन्होंने देश का बंटवारा कराया, जबकि वास्तविकता यह है कि वे भारत-पाक विभाजन के सख्त विरोधी थे। शहीदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर ही प्रेम कुमार ने उपवास रखा। कार्यक्रम में धर्मेंद्र गांधी, राकेश जैन, उदयपाल सिंह, एडवोकेट अब्दुल कुद्दुस, कफील अहमद, राजपाल सिंह, शमशाद अली, शकील साबरी, मौ. कासिम, कमरुल हसन, मुन्ना श्रोती, रंजीत यादव, डॉ. मीनाक्षी सखी, गजेंद्र कुमार, प्रेमपाल सिंह, अनुराग शर्मा, प्रमोद शर्मा, सौरभ चौधरी, मुकेश भटनागर, सुशील अग्रवाल,संजय सक्सेना, सुनील मित्तल, विशाल कुमार, अजीत कुमार, शिवांश सिंह, रूबी चौधरी, सना, पूजा यादव, अनमोल, जैद, अजफरीन, परी, वंशिका, आलिम, अलीना सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

मंच संचालन डॉ. जितेंद्र दक्ष द्वारा किया गया।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र अनुराग भारती व पुत्रवधू श्रीमती मुस्कान को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। हरद्वारी पुत्र गिरधारी व श्रीमती सुमन पत्नी हरद्वारी निवासीगण शिव मंदिर के पास कटघर वीर शाह हजारी थाना कटघर शहर व जिला मुरादाबाद।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नन्हे से बदलकर **नन्हे हसन** रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पढ़ा जाएं। **नन्हे हसन पुत्र मियां जान निवासी संभल रोड मस्जिद ग्राम असालत नगर बघा पोस्ट मैनाठेर, तहसील बिलारी, जनपद मुरादाबाद। मोबाइल नं०-9811531244**

**खोया-पाया सूचना**

मेरा मकान का पूर्व मूल बयनामा जो बही संख्या-1, जिल्द संख्या 3448, पृष्ठ संख्या 147 से 174, क्रमांक 6097 दिनांक 02.07. 2001 को उप निबंधक कार्यालय मुरादाबाद में पंजीकृत है। जिसको रामगोपाल आदि द्वारा मौहम्मद अनीस के पक्ष में पंजीकृत किया था, वास्तव में कहीं खो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा। **मौहम्मद हलीम पुत्र जाफर हुसैन निवासी मकान नंबर 95 ग्राम दौलरा पोस्ट दौलारी तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहम्मद इस्माईल को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मोहम्मद इस्माईल के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती रुखसाना पत्नी मोहम्मद यामीन निवासी मोहल्ला कायस्थान पूर्वी नगर कुंदरकी तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल वाद सं०:** 353/2025
**तारीख पेशी:** 20.02.2026
**श्रीमति बानो आदि बनाम पुनीत आदि।**
**बनाम**

1. पुनीत पुत्र स्व. डोरीलाल, 2. भूरे सिंह पुत्र श्री भोले सिंह निवासीगण ग्राम गांगन वाली मैनाठेर तहसील व जिला मुरादाबाद, 3. सत्य प्रकाश पुत्र राम सरन निवासी ग्राम मौअज्जमपुर अकबर चितौरी तहसील चंदौसी जिला सम्भल, 4. राम प्रकाश आर्य पुत्र श्री हरस्वरूप निवासी मौहल्ला बाजार नूरूल्ला कुन्दरकी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद, 5. आशुतोष आनन्द पुत्र श्री कमल आनन्द निवासी मौ0 सिकरी गेट कस्बा व तह.चन्दौसी जिला सम्भल-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 20.02.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 29.01. 2026 दिवस को निकाली गई।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

# प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र निवासी एक युवती को अमरोहा जनपद के गजरौला निवासी युवक ने सोशल मीडिया के जरिए प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म और धर्मांतरण का दबाव बनाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने इंस्टाग्राम पर फर्जी नाम और पहचान का इस्तेमाल कर युवती से दोस्ती की और बाद में उसे ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार अमरोहा के गजरौला निवासी शाहरुख ने इंस्टाग्राम पर खुद को "आशीष" बताकर फर्जी आईडी बनाई थी। इसी आईडी के जरिए उसने करीब दो साल पहले सिविल लाइंस क्षेत्र की युवती से संपर्क किया और धीरे-धीरे प्रेम संबंध बना लिए। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। बाद में जब युवती को पता चला कि आरोपी का असली नाम शाहरुख है, तो उसने उससे दूरी बना ली। इसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।गुरुवार को आरोपी युवती को धमकाकर कटघर थाना क्षेत्र के पीतलनगरी इलाके में बुला ले गया। आरोप है कि वहां एक मकान में ले जाकर उसने फिर से दुष्कर्म किया और युवती पर धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बनाया। पुलिस ने युवती के परिजनों को बुलाया, जिसके बाद पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शाहरुख के खिलाफ दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।इस मामले में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# नहर में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप



**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के पारसनाथ डिग्री कॉलेज के निकट नहर में गोधी निवासी 45 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। युवक 27 जनवरी से लापता बताया जा रहा था। गांव गोधी निवासी अख्तर अली 27 जनवरी को करीब तीन बजे घर से रामपुर दोराहे से दुकान का समान लेने की बात कहकर निकला था। लेकिन वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे आसपास के गांवों एवं रिश्तेदारों में ढूंढा पर उसका कोई सुराग नही मिला। बुधवार को युवक के भाई अफसर अली ने भोजपुर थाने में भाई की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को पारसनाथ डिग्री कॉलेज के पास में नहर में ग्रामीणों को शव दिखाई दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकाल कर शव की पहचान कराई। मृतक के परिजनों ने शव की पहचान अख्तर अली के रूप में की। तीन दिन से लापता युवक का शव मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि अख्तर अली की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और जिस तरह उसका शव नहर में मिला है, उससे यह मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

## एक नजर

### अहमदनगर जेतबाड़ा में कांग्रेस का सदस्यता समारोह, चुनावी तैयारियों पर जोर



**कुंदरकी।** शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव अहमदनगर जेतबाड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सदस्यता समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने आगामी चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति और नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आम जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष करती आई है और आने वाले चुनाव में जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया तथा कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। सदस्यता समारोह में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर, गुड्डू पाशा, ब्लॉक अध्यक्ष मुनीफ तुर्की, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अयाज खान, ज्याबुल पाशा, चौधरी एहसान खान, आफताब, फुरकान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

### प्रयोगात्मक परीक्षा की तारीख घोषित

**कुंदरकी।** प्रयोगात्मक परीक्षा की तारीख घोषित फरवरी माह में शिक्षण संस्थानों में इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आरंभ होने जा रही है जिसके पश्चात बोर्ड की परीक्षाएं होंगी। एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज कुंद. रकी मुरादाबाद में इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा वर्ष 2026 निम्न कार्यक्रम अनुसार संपादित होगी जानकारी देते हुए कॉलेज प्रवक्ता नजबुल हसन ने बताया कि 2,3 फरवरी 2026 को रसायन विज्ञान 4,5 फरवरी 2026 को भौतिक विज्ञान की 4 ,5 फरवरी 2026 को जीव विज्ञान की परीक्षा सभी परीक्षाओं का समय सुबह 10:00 बजे होगा।

### कैशलैस चिकित्सा योजना के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने प्रदेश सरकार का जताया आभार

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के लगभग 15 लाख शिक्षकों एवं कार्मिकों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के ऐतिहासिक निर्णय पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने जोरदार अभिनंदन किया। शुक्रवार को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में माध्यमिक, बेसिक व संस्कृत शिक्षा परिषद के 14 लाख शिक्षकों तथा एक



लाख रसोइयों को पांच लाख रुपये तक की कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने के निर्णय पर खुशी जताते हुए मिष्ठान वितरण किया गया।बैठक में प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि यह निर्णय शिक्षकों के स्वास्थ्य व सुरक्षा की दृष्टि से ऐतिहा. सिक है। उन्होंने बताया कि यह महासंघ की वर्षों पुरानी मांग थी, जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 9 नवंबर 2023 को आश्वासन दिया था, जो अब कैबिनेट की स्वीकृति से पूरा हुआ है। मंडल उपाध्यक्ष मेजर सुदेश कुमार भटनागर ने इसे शिक्षक हितैषी कदम बताया।

जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव मोहन सिंह ने कहा कि इससे शिक्षकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। जिला महामंत्री डॉ. मधुबाला त्यागी ने इसे महासंघ की बड़ी उपलब्धि बताया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के डॉ. राजीव कुमार को प्ध्थ्त्म का सदस्य निर्वाचित होने पर सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन डॉ. विशेष कुमार शर्मा ने किया।

### लड़की को बहला फुसला कर ले जाने में दो पर एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना छजलैट के गांव फोल्डा पट्टी निवासी की पुत्री घर से कृष्णा पब्लिक स्कूल मधुंआ खालसा गई थी जहां उसे दो युवक मिल गए और उन्होंने उसे बहला फुसलाकर अपने साथ कर लिया पीड़ित का कहना था की लड़की घर नहीं पहुंची तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल पाया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक अगवानपुर के कैशियर व मैनेजर के दुर्व्यवहार से नाराज ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगवानपुर।** किसान यूनियन भानू के प्रदेश प्रमुख महासचिव ,चौधरी जाहिद हुसैन बैंक मैनेजर और उनके स्टाफ पर जमकर बरसे , उन्होंने बताया कि मेरा भाई दो लाख रुपए बैंक में लेने आया था लेकिन कैशियर ने तीन दिन से टाल रखा है कि कल मिलेंगे आखिर में मुझे बताया तो मैं बैंक में कैशियर के पास आया तो उन्होंने मुझसे भी सही ढंग से बात नही की और मेरे साथ भी दुर्व्यवहार किया। इसकी शिकायत जब बैंक मैनेजर से की तो वो भी उल्टा सीधा बोलने लगे। तब यूनियन के पदाधिकारी ग्रामीण बैंक के के विरुद्ध नारे लगाते हुए कैशियर को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने की मांग की। उन्होंने बैंक मैनेजर सहित अन्य स्टाफ पर भी पब्लिक के साथ उपेक्षा पूर्ण व्यवहार किए जाने के आरोप लगाए हैं,

उनके द्वारा इसकी लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी




और मुख्य मंत्री पोर्टल पर भी की गई है। उनका आरोप है कि बैंक मैनेजर और उनके स्टाफ द्वारा ग्रामीणों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने बैंक मैनेजर कौशेन्दर मिश्रा को तुरंत हटाए जाने की मांग भी की है। प्रदर्शन करने वालों में किसान यूनियन भानू के प्रदेश प्रमुख महासर्चिव चौधरी जाहिद हुसैन सहित, प्रदेश अध्यक्ष तौफीक उर्फ भूरा, उपाध्यक्ष ओमकार सिंह, मंडल महामंत्री तबरेज आलम,मंडल उपाध्यक्ष गजनफरुल्ला, मंडल महामंत्री फरमान अली मोहम्मद आरिफ, मौहम्मद शफी , मौहल्ला रफीक आदि लोग मौजूद रहे।

# वन विभाग की मिली भगत से फलदार पेड़ों अवैध कटान जारी



**ठाकुरद्वारा।** डिलारी थाना क्षेत्र मे लगातार माफिया फलदार पेड़ों को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला वीरूवाला से जुड़ा है जहां शुक्रवार की तड़के कटान माफिया ने आम के फलदार पेड़ व एक अन्य हरे पेड़ को निशाना बनाते हुए काट लिया।

सूत्रों की मानें तो कटान माफिया की करतूत की खबर कुछ लोगों द्वारा वन विभाग को दी गई,जिसके बाद पहले तो वन विभाग की टीम ने संज्ञान मे न होने की बात कही लेकिन बाद मे काटे गए पेड़ की वीडियो उपलब्ध कराने के बाद वन विभाग हरकत मे आया। खबर है कि वन विभाग की टीम ने जुर्माना डाला है। ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र मे लकड़ी माफियाओं द्वारा कई बार अवैध तरीके से कटान किए जाने का मामला उजागर हो चुका है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि हर बार स्थानीय लोगों व पत्रकारों द्वारा वन विभाग को अवैध कटान से अवगत कराया जाता है।

जिसके बाद मजबूरन या फिर फजीहत होने के डर से वन विभाग को कार्यवाही करनी पड़ती है। ऐसे मे सवाल उठता है कि आखिर वन विभाग को अवैध कटान की भनक क्यों नही लगती,इसका मतलब तो ये है कि यदि वन विभाग को आम लोगों द्वारा अवैध कटान की सूचना न दी जाए तो हरे फलदार पेड़ों का कटान धड़ल्ले से होता रहेगा।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत निकाली गई रैली






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 23 यूपी बटालियन एनसीसी मुरादाबाद एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2026 के अवसर पर शुक्रवार को एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह एवं 23 यूपी बटालियन के मेजर राजीव ढल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रारंभ होकर सिविल लाइंस थाना, जिला अस्पताल, पीली कोठी, जैन मंदिर व डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क से होती हुई पुन: सीएमओ कार्यालय पर समाप्त हुई। इस दौरान महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज मुरादाबाद की एनसीसी सब यूनिट के कैडेट "ठाना है कुष्ठ मुक्त भारत बनाना है" और "महात्मा गांधी का एक ही सपना, कुष्ठ मुक्त हो भारत अपना" जैसे नारों के साथ जागरूकता फैलाते नजर आए। सड़क पर चल रहे लोगों ने तालियां बजाकर कैडेटों का उत्साहवर्धन किया।रैली के समापन पर मेजर राजीव ढल व डॉ. कुलदीप सिंह ने एनसीसी कैडेटों को कुष्ठ रोग निवारण अभियान में सहयोग की शपथ दिलाई। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि यह अभियान महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह साध्य है और समय पर पहचान व उपचार से इसे खत्म किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. रामानंद बाजपेई ने कुष्ठ रोग के कारण व उपचार, जबकि डॉ. भास्कर अग्रवाल ने सरकार व स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।

## भारी भीड़ के बीच एक हफ्ते में 2000 मामलों का निस्तारण

**ठाकुरद्वारा।** विधानसभा क्षेत्र में ईआरओ (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) द्वारा चल रही नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई दूसरे चरण में भी जारी है। हालांकि सुनवाई केंद्रों पर भारी भीड़ और धीमी प्रक्रिया के चलते एक सप्ताह में केवल करीब 2000 मतदाताओं के नोटिस पर ही सुनवाई हो सकी है। जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में चुनाव आयोग के मानकों के अनुरूप दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर 13,940 मतदाताओं को नो मैपिंग की श्रेणी में रखा गया था। इनमें से चिन्हित 12,000 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। एसडीएम ने बताया कि अब तक लगभग 2000 मतदाताओं ने नोटिस के आधार पर सुनवाई के दौरान अपने पक्ष में आवश्यक दस्तावेज ईआरओ के समक्ष प्रस्तुत कर दिए हैं। इन दस्तावेजों को सत्यापन के बाद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि शेष मतदाताओं की सुनवाई भी चरणबद्ध तरीके से जारी है। प्रशासन का प्रयास है कि सभी मामलों का निस्तारण समय सीमा के भीतर कर पारदर्शी और शुद्ध मतदाता सूची तैयार की जा सके।

## पेड़ लगाने के विवाद में महिला व पति से मारपीट, थाने में दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** पेड़ लगाने को लेकर हुए विवाद में महिला और उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम लालापुर पीपलसाना निवासी शीला देवी पत्नी विक्रम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने खेत पर मौजूद आराजी गाटा संख्या 623 पर काम कर रही थीं। आरोप है कि गांव के ही ओमप्रकाश पुत्र शंकर सिंह ने जबरन रास्ते में पॉपलर के पेड़ लगाने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने धमकी दी कि पेड़ यहीं लगाए जाएंगे और जो करना है कर लो। पीड़िता के अनुसार 30 जनवरी 2026 की सुबह करीब 10 बजे वह और उनके पति ओमप्रकाश के घर के पास से गुजर रहे थे। तभी सुमन पत्नी ओमप्रकाश ने उन पर टिप्पणी की। विरोध करने पर सुमन ने अपने परिजनों को बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद ओमप्रकाश, रामवीर, रेखा और शिवम सहित कई लोगों ने मिलकर दोनों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान पीड़िता के पति को जमीन पर गिराकर पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर दोनों को बचाया। जाते समय आरोपी भविष्य में अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

एस.सी.जे.पी. 6 न0 33 हेतु सदर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)
न्यायालय माननीय सिविल जज (जू.डि.)/ एफ.टी.सी. मुरादाबाद।
**विविध वाद सं.** 124/2025
**तारीख पेशी:** 09.02.2026
**श्रीमती कान्ति देवी**
**बनाम ओमप्रकाश आदि।**
1/1-श्रीमती राजवती उम्र लगभग 50 वर्ष पत्नी स्व. ओमप्रकाश 1/2-श्रीमती माया देवी उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्री स्व. ओमप्रकाश पत्नी धीरज, 2. राम कुमार उम्र 60 वर्ष 3. कृपाल उम्र 40 वर्ष, 4. हरि सिंह उम्र 35 वर्ष पुत्रगण बॉकेलाल समस्त निवासीगण ग्राम मझरा भानपुर गजरौला तहसील व जिला मुरादाबाद। चूँकि उपरिनामांकित प्रार्थनी/वादनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 2026 के माह 02 के दिवस 09 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रुपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा ऊपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 माह 01 दिवस 23 को निकाली गई।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**(जू.डि.) एफटीसी, मुरादाबाद।**

# घने कोहरे और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित, धूप निकलने पर मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार की सुबह घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। शीतलहर के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया और सड़कें देर तक कोहरे की चादर में ढकी रहीं। हालांकि दोपहर बाद धूप निकलने पर लोगों ने कुछ राहत महसूस की। जनवरी के अंतिम सप्ताह में क्षेत्रवासी शीतलहर से राहत की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन मंगलवार और बुधवार की बारिश के बाद ठंड और बढ़ गई। शुक्रवार की सुबह हालात ऐसे रहे कि सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। सुबह टहलने निकलने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गलन इतनी तेज थी कि लोगों के हाथ-पैर सुन्न पड़ गए और वे ठिठुरते रहे। ठंड से बचने के लिए लोगों ने जगह-जगह अलाव और हीटर का सहारा लिया। शीतल हवाओं ने बुजुर्गों और बच्चों की परेशानी और बढ़ा दी। दोपहर करीब एक बजे सूरज निकलने पर बाजारों और चौराहों पर चहल-पहल बढ़ी और लोग धूप सेंकते नजर आए। हालांकि धूप निकलने के बावजूद ठंडी हवाओं का असर पूरे दिन बना रहा। शाम ढलते ही तापमान में फिर गिरावट दर्ज की गई और गलन बढ़ गई। नगर पालिका परिषद की ओर से अलाव जलाने की व्यवस्था औपचारिक ही नजर आई। लगातार पड़ रही ठंड के चलते जनजीवन अब भी अस्त-व्यस्त बना हुआ है।

# चोरी हुए छोटा हाथी के साथ जीजा साला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** चंदौसी कोतवाली क्षेत्र में चोरी हुए छोटा हाथी को पुलिस ने किया बरामद, छोटा हाथी के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार, दोनों अभियुक्त आपस में जीजा साले है 28 जनवरी को कोतवाली चंदौसी पर मोहम्मद जुबेर पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद नजर निवासी मोहल्ला कुरैशियां थाना चंदौसी द्वारा बताया गया कि 7:30 बजे अपना छोटा हाथी रजि0 नं यूपी 24ज 7512 को मोहल्ला जा रही गेट स्थित अपने गोदाम में खड़ा करने गया था 25 जनवरी को सुबह 7:00 बजे देखने पर छोटा हाथी गोदाम पर न मिलने भाग्य चोरों द्वारा उक्त छोटा हाथी को चोरी कर लेने के संबंध में तहरीर दी थी जिसकी विवेचना उप निरीक्षक नितिन गौतम द्वारा की जा रही थी जिसमें उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से जांच पड़ताल कर छोटा हाथी के साथ दो अभियुक्त आरिफ पुत्र अबरार हुसैनव उसका साला



हुसैनुद्दीन उर्फ हुसैन पुत्र आबिद निवासी थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार किया गया है पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि हम दोनों छोटा हाथी से किराए पर सामान ढोने का काम करते हैं हम दोनों के द्वारा 25 तारीख को मोहल्ला जा रही गेट गोदाम से एक छोटा हाथी को चोरी किया था उसे दिन में और मेरा साला हुसैनुद्दीन स्विफ्ट वीडीआई कर से चंदौसी आए थे यह स्विफ्ट कर मेरे परिचित मशहूर पुत्र महबूब अली निवासी दुधपुरा सिविल लाइन जनपद अलीगढ़ की है जिन्होंने यह स्विफ्ट कर मुझे उनकी पत्नी व बच्चों को चंदौसी लेकर आने के लिए दी थी चंदौसी आने पर मोहल्ला जा रही गेट गोदाम पर मुझे वह मेरे साले को एक छोटा हाथी खड़ा हुआ दिखाई दिया मुझे वह मेरे साले को किराए पर माल ढोने के लिए एक छोटा हाथी की जरूरत थी इस वजह से हम दोनों ने सोचा कि इसको चोरी कर लेते हैं जिस पर मेरे द्वारा कर से उतरकर छोटा हाथी को अपने पास रखी एक चाबी से लॉक खोलकर उसको चला कर वापस चंदौसी स्टेशन को जाने वाली रोड पर चल दिए मैं छोटा हाथी को चल रहा था और मेरा साला 7 साल शिफ्ट वी कर लेकर चल रहा था थोड़ी दूर जाने के बाद मैं छोटा हाथी को लेकर अलीगढ़ के लिए निकल गया और मेरा साला हुसैन वही चंदौसी में रुक गया और फिर दिन होने पर मसूर के बीवी व बच्चों को लेकर दोपहर तक अलीगढ़ वापस आ गया सब हम दोनों जिए सालों ने मिलकर छोटा हाथी को चोरी किया था पुलिस का खुलासा करने में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर उप निरीक्षक नितिन गौतम कांस्टेबल जितेंद्र कुमार कांस्टेबल अरुण कुमार कांस्टेबल मोहित कुमार मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# कोई सबालेंका को हरा सकता है तो वे हैं रायबाकिना

## आज ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए खेलने वाली आखिरी दो खिलाड़ी होंगी

**मेलबर्न, वार्ता।** आर्यना सबालेंका और एलेना रायबाकिना डब्ल्यूटीए टूर पर सबसे दमदार खिलाड़ियों में से दो हैं, और शनिवार को वे अपनी पसंदीदा सतह पर ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए खेलने वाली आखिरी दो खिलाड़ी होंगी। रॉड लेवर एरिना के ऊपर छत है, लेकिन नंबर 1 आर्यना सबालेंका और नंबर 5 एलेना रायबाकिना के बीच यह जोरदार मुकाबला मेलबर्न पार्क के गर्मी के नियमों को लागू करवा सकता है। इसे थंडर डाउन अंडर कह सकते हैं। उन्होंने इस पखवाड़े में अपने सभी 12 सेट जीते हैं। ऐसा आखिरी बार किसी ग्रैंड स्लैम में 17 साल से भी पहले हुआ था। सबालेंका, अपने लगातार चौथे ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंची हैं - ऐसा ओपन युग में पहले केवल इवोन गुलागोंग और मार्टिना हिगिस ने किया था - और ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनका रिकॉर्ड 34-6 है। गुरुवार को सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-3 से हराने के बाद सबालेंका ने पत्रकारों से कहा कि मुझे यह जगह बहुत पसंद है। मुझे यह स्टेडियम बहुत पसंद है। जब भी मैं वहां खेलती हूं, मुझे बहुत अच्छा लगता है। जेसिका पेगुला पर 6-3, 7-6 (7) से जीत के बाद मेलबर्न में रायबाकिना का रिकॉर्ड 20-6 का है। वह 2023 में यहां फाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्हें सबालेंका से 4-6, 6-3, 6-4 से हार मिली थी, जिन्होंने अपने चार बड़े खिताबों में से पहला खिताब जीता था। रायबाकिना ने अपना एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब 2022 में विबलडन में जीता था, और वह ऑस्ट्रेलियाई मुकाबला उनका दूसरा बड़ा फाइनल था। तीन साल बाद, वह अपने तीसरे फाइनल में हैं। रायबाकिना ने कहा कि निश्चित रूप से फिर से फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। मैं दूसरे सालों, सीजन में करीब थी, जब मैंने दूसरे स्लैम में सेमीफाइनल खेला था, लेकिन हां, अब मैं और करीब हूं, जो बहुत अच्छा है। बस एक कदम और बाकी है। तो, असल में गेंद को सबसे जोर से कौन मारता है? कहना मुश्किल है, लेकिन सबालेंका ने फाइनल से पहले अपनी प्रतिद्वंद्वी की तारीफ की। सबालेंका ने कहा कि उनके शॉट भारी, गहरे, सपाट होते हैं। उनके साथ खेलना आसान नहीं है, लेकिन हां, हमारा एक शानदार इतिहास रहा है। वह एक अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं। मैं इस पावर का मुकाबला करने के लिए उत्सुक हूं। हेड-टू-हेड मुकाबलों में सबालेंका 8-6 से आगे हैं। लेकिन, हमेशा की तरह, इन नंबरों को अलग-अलग तरीकों से देखा जा सकता है। आउटडोर हार्ड कोर्ट पर सबालेंका 5-4 से आगे हैं, लेकिन रायबाकिना ने उनके चार चैंपियनशिप मैचों में से तीन जीते हैं, जिसमें उनकी आखिरी मुलाकात भी शामिल है-2025 डब्ल्यूटीए फाइनल टाइटल मैच में रायबाकिना की 6-3, 7-6 (0) से जीत। सबालेंका चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने की कोशिश कर रही।

# ज्वेरेव को हराकर कार्लोस अल्काराज पहली बार फाइनल में

**अल्काराज नाटकीय अंदाज में ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7(3), 6-7(4), 7-5 से हराकर पहले बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहुंचे**



**मेलबर्न, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज शुक्रवार दोपहर को नाटकीय अंदाज में अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने शारीरिक समस्याओं से उबरते हुए और हार के कगार से वापसी करते हुए अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ एक मैराथन सेमीफाइनल जीत हासिल की। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर 3 ज्वेरेव को 6-4, 7-6(5), 6-7(3), 6-7(4), 7-5 से हराया। यह मैच रॉड लेवर एरिना में पांच घंटे, 27 मिनट तक चला, जो टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल था। तीसरे सेट के आखिर में दाहिने ऊपरी पैर की चोट से उबरने के बाद, स्पेनिश खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मेलबर्न में अपना पहला फाइनल मुकाबला पक्का किया।

मैच जीतने के बारे में पूछे जाने पर अल्काराज ने कोर्ट पर इंटरव्यू में कहा कि हर समय विश्वास रखना।मैं हमेशा कहता हूं कि आपको खुद पर विश्वास रखना होगा, चाहे आप मुश्किल में हों या आपने कुछ भी झेला हो। किसी भी चीज की परवाह किए बिना, आपको हर समय खुद पर विश्वास रखना होगा। मैं तीसरे सेट के बीच में संघर्ष कर रहा था। शारीरिक रूप से यह मेरे छोटे से करियर में खेले गए सबसे मुश्किल मैचों में से एक था। मैं इस तरह की स्थितियों में रहा हूं और मुझे पता था कि मुझे क्या करना है। मुझे मैच में अपना दिल लगाना था। मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया और आखिरी गेंद तक लड़ा। मुझे पता था कि मुझे मौके मिलेंगे। जिस तरह से मैं लड़ा और पांचवें सेट में वापसी की, उस पर मुझे खुद पर बहुत गर्व है। अपनी जीत के साथ, अल्काराज करियर ग्रैंड स्लैम (चारों मेजर में सिंगल्स टाइटल जीतने) को पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। अगर वह रविवार के फ़ाइनल में सिनर या जोकोविच को हरा देते हैं, तो अल्काराज यह रिकॉर्ड अपने देश के राफेल नडाल से छीन लेंगे। हालांकि, अल्काराज और इतिहास रचने के बीच उनके एक बड़े प्रतिद्वंद्वी के साथ एक जबरदस्त मुकाबला है। वर्ल्ड नंबर 2 सिनर मेलबर्न पार्क में दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन हैं, जबकि जोकोविच रिकॉर्ड 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के विजेता हैं। अल्काराज, जिन्होंने मेलबर्न में अपने शुरुआती पांच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा था, ज्वेरेव के खिलाफ दो सेट की बढ़त बनाने के बाद अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की राह पर दिख रहे थे। टॉप सीड खिलाड़ी ने जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब शानदार टेनिस खेला, खासकर जब उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरा सेट जीता। तीसरे सेट में 4-4, 15/15 पर असली ड्रामा शुरू हुआ। तीसरे सेट में 4-4 पर सर्व करते समय अल्काराज को दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में चोट लगी और उन्हें परेशानी होने लगी। उन्हें टूर्नामेंट के फ़िजियो से दो बार इलाज मिला, और वह ज्वेरेव को मैच में वापस आने से नहीं रोक पाए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## विराट कोहली का इंस्टग्राम अकाउंट फिर से चालू

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट शुक्रवार सुबह फिर से चालू हो गया, जिससे उनके 274 मिलियन फॉलोअर्स के बीच घंटों से चल रही उलझन और अटकलों का अंत हो गया, क्योंकि प्रोफ़ाइल रात भर रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। कोहली के अकाउंट के कुछ देर के लिए बंद होने से सोशल मीडिया पर काफी उत्सुकता और चिता फैल गई, फैंस ने चिता भरे मैसेज, थ्योरी और मी मेसेज सभी प्लेटफॉर्म पर शेयर किए। हालांकि, कोहली या उनकी मैनेजमेंट टीम की ओर से कोई ऑफिशियल सफाई नहीं आई है कि अकाउंट जानबूझकर गायब किया गया था या किसी टेक्निकल गड़बड़ी का नतीजा था।

## आईओए अध्यक्ष पीटी उषा के पति वेंगलिल का निधन

**कोझिकोड, वार्ता।** राज्यसभा सांसद और इंडियन आईओए अध्यक्ष पी-टी- उषा के पति, वेंगलिल श्रीनिवासन (67) का शुक्रवार सुबह कोझिकोड जिले में अपने घर पर गिरने के बाद निधन हो गया, परिवार के सूत्रों ने बताया। पोन्नानी के रहने वाले श्रीनिवासन, थिक्कोडी के पेरुमलपुरम में अपने घर पर सुबह करीब 12-30 बजे गिर गए।

उन्हें तुरंत पेरुमलपुरम के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी और बेटा, डा. उज्ज्वल विग्नेश हैं। महान पूर्व एथलीट और मौजूदा राज्यसभा मेंबर डा. उषा, अभी नई दिल्ली में चल रहे पार्लियामेंट सेशन में शामिल हो रही हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक जताया है।

# ईशारानी थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में

● **ईशारानी बरुआ ने चीनी ताइपे की शटलर सुंग को हराया, बैडमिंटन रैंकिंग में वह 48 वें स्थान पर है**



**थाईलैंड, वार्ता।** भारत की ईशारानी बरुआ ने चीनी ताइपे की शटलर सुंग को हराकर थाईलैंड मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। बैडमिंटन रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय भारतीय शटलर ने गुरुवार को खेले गए मुकाबले में 34वें स्थान पर काबिज ताइपे की प्रतिद्वंद्वी सुंग को 21-13, 14-21, 21-14 से हराकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में अगले दौर में जगह बनाई।

पहला गेम बेहद करीबी रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ी 11-11 के स्कोर पर बराबरी पर थे, जिसके बाद भारतीय शटलर ने 14-13 की बढ़त बना ली। इसके बाद ईशारानी ने अपनी रफ्तार बढ़ाते हुए लगातार सात अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सुंग ने वापसी का प्रयास किया, जो एक बार फिर 13-13 के स्कोर तक बराबरी पर रहा। इस बार, ताइपे की शटलर ने शानदार वापसी करते हुए अगले आठ में से सात अंक जीतकर गेम को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। हालांकि, तीसरा गेम पूरी तरह से भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी के नाम रहा, जो इससे पहले 2023 गुवाहाटी मास्टर्स में सुंग से हार गई थी। इससे पहले दोनों के बीच केवल एक ही मुकाबला हुआ था। महिला एकल के एक अन्य मुकाबले में देविका सिंहाग ने दूसरे राउंड में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को 32 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14, 21-14 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। 51वीं रैंकिंग पर काबिज अनमोल खरब को महिला एकल मुकाबले में हुआंग यू-सुन से 10-21, 21-19, 21-19 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला एकल खिलाड़ी श्रीयांशी वालीशेट्टी को करुपथेवन लेटशाना ने 17-21, 22-20, 19-21 से हराया।

## तमिलनाडु, रेलवे हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सेमीफाइनल में

**हैदराबाद, वार्ता।** 72वीं महिला सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मैचों में इंडियन रेलवे, हरियाणा, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बालायोगी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में डिफेंडिग चैंपियन इंडियन रेलवे ने पहले क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र को 58-23 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। साक्षी ने रेलवे के लिए 10 पॉइंट्स के साथ सबसे ज्यादा स्कोर किया, जबकि पूजा ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन में नौ पॉइंट्स का योगदान दिया। सोनाली शिगाटे और मंदिरा संपत कोमकर ने महत्वपूर्ण डिफेंसिव पॉइंट्स जोड़े, जिससे रेलवे ने पूरे मैच में महाराष्ट्र पर दबाव बनाए रखा। दूसरे क्वार्टर फाइनल में हरियाणा ने नॉकआउट स्टेज के सबसे शानदार प्रदर्शनों में से एक किया, जिसमें उसने मध्य प्रदेश को 63-16 से हराया। राज रानी 17 पॉइंट्स के साथ सबसे बेहतरीन खिलाड़ी रहीं।

# कुलदीप के स्कूल आएगी विश्व कप की चमचमाती ट्रॉफी

● **इस अवसर पर कुलदीप और उनके कोच कपिल पांडे के अलावा यूपी क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों की कमी अखरेगी**



**कानपुर, वार्ता।** भारत भ्रमण पर निकली टी-20 विश्वकप की चमचमाती ट्राफी शनिवार को भारतीय टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के कानपुर स्थित स्कूल केडीएमए पहुंचेगी हालांकि इस अवसर पर खुद कुलदीप और उनके कोच कपिल पांडे के अलावा उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के पदाधिकारियों की कमी अखरेगी। कुलदीप इन दिनो न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में व्यस्त है और शनिवार को खेले जाने वाले सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच के लिए तिरुवंतपुरम में होंगे वहीं गेंदबाज के नियमित कोच कपिल पांडे का नाम केडीएमए की अतिथि सूची में नहीं है जिसकी पुष्टि खुद कपिल ने यूनीवार्ता से की है। केडीएमए के चेयरमैन संजय कपूर ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि ट्राफी के स्वागत के लिए सभी तैयारियां मुक्कमल की जा चुकी है। इस अवसर पर अकादमी के सभी होनहार युवा खिलाड़ी और छात्र मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर कुलदीप के पिता का सम्मान किया जाएगा। आखिर वह भी केडीएमए परिवार का हिस्सा हैं। टी-20 ट्राफी युवा प्रतिभाओं का खेल के प्रति उत्साहवर्धन करेगी। निसंदेह यह पूरे परिवार के लिए रोमांच का मौका होगा। डा कपूर कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अलावा यूपी टी-20 लीग के भी चेयरमैन हैं। कपिल ने कहा मुझे कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया है। मुझे इसका मलाल नहीं है। एक कोच के लिए उसका बच्चा अच्छा प्रदर्शन करे,यही संतोष का विषय होता है। कुलदीप भारतीय टीम में अहम गेंदबाज की भूमिका निभा रहा है और विश्वकप में भी उसकी यही निरंतरता भारत को विश्वकप दिलाने में मदद करेगी। यह भी सच है कि कुलदीप ने उनकी सलाह पर ही केडीएमए में दाखिला लिया था।

# उधार के बल्ले से डी कॉक ने ठोका शतक

**सेंचुरियन, वार्ता।** वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टी 20 में आतिशी शतक ठोकने वाले क्विटन डी कॉक ने खुलासा किया है कि वह ऐसा कारनामा उधार के बल्ले से कर पाए। डी कॉक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे नहीं पता कि इस सवाल का जवाब कैसे दूं। जब मैंने देखा तो मुझे थोड़ा अजीब लगा। पिछले एक साल में मेरे पास बहुत सारे बैग हो गए हैं, इसलिए मैं सभी चीजें देख रहा था, और मैं बस ब्लैंक हो गया। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे नहीं पता। मैं उन्हें भूल गया था।

जब मुझे एहसास हुआ तो मेरा चेहरा पीला पड़ गया, और बस निकलने से आधे घंटे पहले मुझे एक-दो फोन करने पड़े। यानी, जोहान्सबर्ग में टीम होटल से निकलकर सेंचुरियन में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी-20 खेलने के लिए। इस दौरान, डी कॉक के बल्ले उनसे 1,000 किलोमीटर दूर नाइस्ना में उनके घर पर थे - उन्हें मंगलवार को पार्ल में सीरीज के पहले मैच के लिए आराम दिया गया था। उन्होंने कहा कि चेंजिग रूम में जाने से पहले मैं डेवाल्ड ब्रेविस और रिक्स (रायन रिकेल्टन) के पास गया, और मैंने ब्रेवी के बैग से एक बल्ला निकाला। मैंने कहा, 'मैं आज इसी का इस्तेमाल करूंगा।' ब्रेवी ने कहा, 'ठीक है। यह तुम्हारे लिए अच्छा बल्ला है क्योंकि यह बाएं हाथ का है। डी कॉक ने सिर हिलाते हुए कहा आजकल के युवा। वह अभी भी इस बात पर अड़ा हुआ है। लेकिन इसने आज रात अपना काम कर दिया। और कैसे। डी कॉक ने 49 गेंदों में 115 रन बनाए, जिसमें उन्होंने अपने लगभग तीन-चौथाई रन चौकों और छक्कों से बनाए। उनकी यह पारी दक्षिण अफ्रीका के लिए 222 रनों के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने में अहम थी। वे सात विकेट से जीत गए और 15 गेंदें बाकी रहते हुए सीरीज अपने नाम कर ली।

वह उधार लिया हुआ बल्ला पक्का डी कॉक के किटबैग में ही रहेगा, है ना? उन्होंने कहा कि यह ब्रेविस के पास वापस जा रहा है। मुझे यह पसंद नहीं आया। इसका वजन मेरे लिए सही नहीं था। यह उन युवाओं के लिए है जो जोर से बल्ला घुमाते हैं। इसलिए मैं इसे जल्द ही वापस नहीं लेने वाला। जब तक, बेशक, उनके अपने बल्ले वांडरर्स में शनिवार के मैच के लिए समय पर नहीं आ जाते। ब्रेवी। तुम्हारा वह बाएं हाथ का बल्ला कहां है। डी कॉक जोर से नहीं बल्कि खूबसूरती से बल्ला घुमाते हैं, गेंद को उसके अपने अंदाज में खेलते हैं और उसे एक पैराबोलिक अंदाज में भेज देते हैं। उनका बल्ला - या किसी और का उनके कंधों के बीच आराम से टिका रहता है( उसकी ताकत अंदरूनी आत्मविश्वास के साथ दिखाई देती है। इसलिए यह हैरानी की बात है कि गुरुवार का प्रदर्शन 100 टी-20 पारियों में उनका सिर्फ़ दूसरा शतक था। उन्होंने इस फॉर्मेट में कुल आठ शतक बनाए हैं, लेकिन इस सीजन के एसए 20 में टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी होने के बावजूद वे तीन अंकों तक नहीं पहुंच पाए।




● **डी कॉक ने 49 गेंदों में 115 रन बनाए जिसमें उन्होंने अपने लगभग तीन-चौथाई रन चौकों और छक्कों से बनाए**

# दिल्ली दंगल वॉरियर्स रोमांचक 5-4 की जीत के साथ सेमीफाइनल में

## मुकाबले में निर्णायक जीत के साथ दूसरे स्थान पर रही दिल्ली दंगल वॉरियर्स

**नोएडा, वार्ता।** दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने प्रो रेसलिग लीग 2026 के अंतिम लीग मुकाबले में पंजाब रॉयल्स को गुरूवार रात 5-4 से हराकर शानदार अंदाज में सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने निर्णायक जीत दर्ज कर दूसरे स्थान पर रहते हुए अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की और किसी भी तरह की तकनीकी गणना की आवश्यकता को समाप्त कर दिया। दिल्ली के लिए निर्णायक क्षण मुकाबले के आठवें बाउट में आया, जहां प्लेयर ऑफ द मैच तुरान बायरामोव ने अंडर-23 एशियन चैंपियन चंद्रमोहन के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 4-4 से बराबर कर दिया, जिससे दिल्ली की सेमीफाइनल योग्यता सुनिश्चित हो गई। इससे पहले, फाइटर ऑफ द मैच एना गोडिनेज ने महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में उच्च गुणवत्ता की जीत दर्ज कर पंजाब को मुकाबले में बनाए रखा और मैच को आखर्री क्षण तक रोमांचक बनाए रखा। छह अंकों के साथ पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी पंजाब रॉयल्स ने मुकाबले की शुरुआत महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में की, जहां प्रिया मलिक ने अनुशासित और रणनीतिक मुकाबले में अनस्तासिया अल्पएवा को 2-0 से हराया। दिल्ली ने 86 किग्रा पुरुष वर्ग में वफ़ाएईपुर हादी बख्तियार के जरिये जोरदार जवाब दिया, जिन्होंने संदीप मान को 20-7 से मात देकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद दिल्ली ने बढ़त बना ली, जब कप्तान सुजीत कलकल ने 65 किग्रा पुरुष वर्ग में अनुज कुमार को 10-1 से हराया। शुभम कौशिक ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 65 किग्रा पुरुष वर्ग में चिराग छिक्कारा के खिलाफ 9-0 की एकतरफ़ा जीत दर्ज कर दिल्ली की बढ़त 3-1 कर दी। पंजाब ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में वापसी की, जहां रजनीता जांगड़ा ने कार्ला गोडिनेज गोंजालेज पर 5-1 से जीत दर्ज की। इसके बाद महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में मुकाबले की सबसे रोमांचक बाउट देखने को मिली। एना गोडिनेज ने पहले पीरियड में शानदार पांच अंकों का थ्रो लगाकर बढ़त बनाई और दूसरे पीरियड में अंजली के कड़े प्रतिरोध के बावजूद 11-7 से जीत दर्ज कर टीम स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया।

# तिरुवनंतपुरम को संजू सैमसन की फॉर्म का इंतजार




**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** क्रिकेट में कहानियां बुनने का एक अलग ही तरीका होता है जो रन और विकेट से परे होती हैं, और शनिवार को ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला 5वां टी-20 मैच भी ऐसी ही एक कहानी है। सभी की निगाहें निश्चित रूप से संजू सैमसन पर होंगी, जो इस सीरीज में पहली बार अपने गृह राज्य लौट रहे हैं। बेहतरीन टाइमिग और शानदार स्ट्रोक प्ले वाले सैमसन के पास अब फैंस को खुश करने का मौका है और, इससे भी ज्यादा जरूरी, इस सीरीज के फाइनल मैच की कहानी में अपना नाम लिखने का मौका है। भारत इस मैच में थोड़े मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ आ रहा है, क्योंकि उसने अब तक चार में से तीन टी-20 मैच जीते हैं, लेकिन चौथे मैच में 50 रन की हार ने यह साफ कर दिया कि आधुनिक टी-20 क्रिकेट में कुछ भी पक्का नहीं माना जा सकता। उनकी गेंदबाजी, खासकर पावरप्ले में, कमजोर दिखी है। जसप्रीत का प्रदर्शन औसत रहा है, जब वरुण चक्रवर्ती नहीं खेले हैं तो स्पिनरों में निरंतरता की कमी रही है, और हार्दिक पंड्या, हालांकि उपयोगी रहे हैं, लेकिन उनसे कम समय में बहुत ज्यादा करने की उम्मीद की गई है।

कल की चुनौती आक्रामकता और समझदारी के बीच संतुलन बनाना होगा, खासकर ऐसी परिस्थितियों में जहां दूसरी पारी में ओस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बल्लेबाजी के नजरिए से, भारत की लाइनअप में क्लासिकल स्ट्रोक बनाने वाले और विस्फोटक बल्लेबाजों का मिश्रण है। सूर्यकुमार यादव शानदार फॉर्म में हैं, शिवम दुबे ने कुछ ही ओवरों में मैच का रुख बदलने की क्षमता दिखाई है, और रिकू सिंह फिनिशिग टच देते हैं। लेकिन कहानी साफ है: सभी की निगाहें सैमसन पर हैं। तकनीक के मामले में, उनमें गैप ढूंढने और स्लोग ओवरों में तेजी से रन बनाने की क्षमता है, स्वभाव के मामले में, घरेलू फैंस के सामने खेलना या तो उन्हें प्रेरित कर सकता है या उन पर दबाव डाल सकता है। यहीं पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट एक खिलाड़ी के हौसले की परीक्षा लेता है। अगर सैमसन चल जाते हैं, तो भारत के पास एक बड़ा स्कोर बनाने या उसका पीछा करने का शानदार मौका होगा जो सीरीज को 4-1 से सील कर देगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में अपनी क्लास की झलक दिखाई, जिसमें टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे और डेरिल मिशेल ने शानदार प्रदर्शन किया जिसने भारत की लय बिगाड़ दी। हालांकि, उनकी बॉलिंग चिता का विषय बनी हुई है। मैट हेनरी शुरुआत में विकेट ले सकते हैं, काइल जैमीसन बाउंस देते हैं, लेकिन स्पिनर्स अभी तक सबकॉन्टिनेंटल कंडीशंस में लगातार दबाव बनाए रखने में कामयाब नहीं हुए हैं। अगर न्यूजीलैंड को आखिरी समय में जीत हासिल करनी है तो मिशेल सेंटनर और ईश सोढ़ी को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ग्रीनफील्ड की पिच बैलेंस्ड है: यह स्ट्रोकप्ले के लिए अच्छी है लेकिन अनुशासित तेज बॉलिंग करने वालों को फायदा मिलता है, पहली पारी का औसत स्कोर 165-170 के आसपास रहता है। टॉस निर्णायक हो सकता है। दोनों टीमों ने ऐतिहासिक रूप से पहले बैटिंग या बॉलिंग करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन शाम को ओस का फैक्टर पहले बॉलिंग करने वाली टीम के पक्ष में पलड़ा झुका सकता है। कल का मुकाबला सिर्फ एक मैच से कहीं ज्यादा है, यह एक ऐसी सीरीज का नतीजा है जिसमें कई उतार-चढ़ाव आए हैं। क्या सैमसन अपने घरेलू दर्शकों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे? क्या भारत एक दुर्लभ टी-20 हार के बाद अपनी लय और दबदबे को वापस हासिल कर पाएगा? या क्या न्यूजीलैंड, अपनी पिछली जीत के आत्मविश्वास से उत्साहित होकर, पासा पलट देगा?

# डिलारी पुलिस ने अवैध शराब तस्करी का किया भंडाफोड़, पांच शराब तस्कर गिरफ्तार



**मुरादाबाद।** जनपद के डिलारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए पांच शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। यह कार्रवाई रामगंगा नदी किनारे बसे खादर क्षेत्र के गांव बढ़ेराखचटकाली के पास गुरुवार देर रात पुलिस टीम द्वारा की गई।सूचना मिलते ही थाना डिलारी पुलिस ने देहात क्षेत्र की इंटरनल सड़क की घेराबंदी की और शराब से भरी दो कारों को रोक लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने कई कुंतल अवैध शराब, भारी मात्रा में स्पिरिट, नकली ढक्कन, खाली शीशियां, क्यूआर कोड और शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए। मौके से पकड़े गए आरोपियों में हिस्ट्रीशीटर संजय राघव निवासी थाना पंवासा जनपद संभल, नरेश कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, सचिन थाना गजरौला जिला अमरोहा, चंद्रशेखर जिला अमरोहा और कैलाश थाना कटघर जनपद मुरादाबाद शामिल हैं।एसपी देहात कुँवर आकाश सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि है कि वह हरियाणा से सस्ती शराब खरीदकर यूपी और उत्तराखंड में महंगे दामों पर सप्लाई करते थे। पुलिस से बचने के लिए वह कारों पर फर्जी नंबर प्लेट बदल-बदलकर लगाते थे। बरामदगी में करीब 100 बल्क लीटर स्पिरिट, वजीर, नैना, रॉयल, ओल्ड मंक व रॉयल स्टैग ब्रांड की सैकड़ों बोतलें, 1026 नकली क्यूआर कोड, 15 बोरे प्लास्टिक और दो कारें शामिल हैं।थाना अध्यक्ष ने बताया कि यह राज्य स्तरीय संगठित गैंग है, जिसके खिलाफ विभिन्न राज्यों के थानों में गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# लाइनपार मंडी में अवैध ठेलों के विरोध में सब्जी व्यापारियों ने किया जमकर हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र के लाइन पार स्थित नवीन मंडी परिसर में शुक्रवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब सब्जी व्यापारियों ने मंडी में लगाए जा रहे अवैध ठेलों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित व्यापारियों ने मंडी सचिव कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की और सब्जियों के बोरे फेंककर अपना विरोध दर्ज कराया।व्यापारियों ने बताया कि मंडी परिसर में लंबे समय से अवैध रूप से ठेले लगाए जा रहे हैं, जिससे मंडी के पंजीकृत व्यापारियों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि ठेलों के कारण ग्राहकों का सीधा संपर्क व्यापारियों से नहीं हो पा रहा है और मंडी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इससे न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि मंडी में अव्यवस्था भी फैल रही है।प्रदर्शन से पहले व्यापारियों ने मंडी परिसर में एक बैठक कर आगे की रणनीति तय की, जिसके बाद बड़ी संख्या में व्यापारी मंडी सचिव



कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने टमाटर, आलू और प्याज के बोरे फेंकते हुए मंडी प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। व्यापारियों ने मंडी सचिव पर अवैध ठेलों को संरक्षण देने के आरोप भी लगाए।व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि मंडी परिसर से अवैध ठेलों को तत्काल नहीं हटाया गया तो वह उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। हंगामे के दौरान मंडी परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मौके पर मौजूद मंडी कर्मचारियों ने स्थिति संभालने का प्रयास किया।फिलहाल मंडी समिति की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। व्यापारियों का कहना है कि वह अपनी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखेंगे।

## एक नजर

### एबीसी केंद्र संचालन व श्वान संरक्षण को लेकर बैठक आयोजित



**चन्दौसी।** नगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग में सुप्रीम कोर्ट के आद. ेशों के क्रम में एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) केंद्र की स्थापना एवं उसके संचालन को लेकर पशु प्रेमियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने की एवं वेटरनरी डॉक्टर अजय सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में श्वानों के संरक्षण के लिए शीघ्र ही आश्रय गृह के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया, जिससे आवारा श्वानों का उपचार, देखभाल एवं नसबंदी कर उनकी बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण किया जा सके। इस अवसर पर सफाई खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह ने पशु प्रेमियों से अपील की कि वे जनता को जागरूक करें, ताकि लोग सड़कों पर भोजन न फेंकें और पशुओं को चिन्हित स्थानों पर ही भोजन दें। बैठक में मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सुनील कुमार सहित नरेश कुमार, राजकुमार, हिना गोयल, मोहित शर्मा, मनीष वार्ष्णेय, प्रिंस सैनी, युवराज वर्मा व शिवांग गौड़ आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों ने ली सुरक्षित यातायात की शपथ




**चन्दौसी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चन्दौसी में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर छात्रों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई, जिसमें हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाना तथा मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे विषयों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस के छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस प्रकार के आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

### शबे बरात के मद्देनजर रेलवे फाटक बंद न करने की मांग



**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं ऑल इंडिया उलेमा माशयख बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से उत्तर रेलवे के सहायक मंडल अभियंता डॉ. सुभाष श्रीवास्तव को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि रेलवे द्वारा लाइन मरम्मत कार्य के चलते 35बी रेलवे फाटक को 2 एवं 3 फरवरी को बंद किया जाना प्रस्तावित है। व्यापार मंडल ने बताया कि 3 फरवरी को शबे बरात का पर्व मनाया जाएगा, जिसको लेकर बड़ी संख्या में मुस्लिम व्यापारी व नागरिक 35बी रेलवे फाटक के समीप स्थित कब्रिस्तान में इबादत के लिए जाएंगे। ऐसे में जारई गेट, वेयरहाउस, सीकरी गेट, लक्ष्मणगंज सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी भीड़ रहने की संभावना है। फाटक बंद होने की स्थिति में बदायूं की ओर जाने वाला यातायात इसी मार्ग से गुजरेगा, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होगी और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित होंगी। सहायक मंडल अभियंता ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर मरम्मत कार्य को 4 या 5 फरवरी को कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में शाहआलम मंसूरी, सागर गुप्ता, मोहित सक्सेना, सचिन शर्मा, सौरभ अग्रवाल, मतीन अशरफी, सूफी अबरार व आदि शामिल रहे।

### तबलीगी जमात की गतिविधियों की जांच व प्रतिबंध की मांग को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**चन्दौसी।** हिंदू नेता सिमरन गुप्ता पुत्र शहीद कर्नल सुरेश गुप्ता द्वारा भारत की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में तबलीगी जमात की गतिविधियों की जांच कराए जाने तथा आवश्यक होने पर संगठन पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि तबलीगी जमात की स्थापना वर्ष 1926 में हरियाणा के नूह-मेवात क्षेत्र में बताई जाती है और यह संगठन देश-विदेश के अनेक क्षेत्रों में सक्रिय है। ज्ञापन के अनुसार, उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान, सऊदी अरब और रूस जैसे कुछ देशों में इस संगठन पर प्रतिबंध लगाए जाने की जानकारी सार्वजनिक स्रोतों में उपलब्ध है।

भारत में हालांकि अब तक तबलीगी जमात को प्रतिबंधित घोषित नहीं किया गया है, लेकिन कोविड-19 महामारी सहित विभिन्न अवसरों पर इसकी गतिविधियां चर्चा में रही हैं। प्रार्थी ने ज्ञापन में यह भी मांग की है कि हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात सहित अन्य राज्यों में संचालित मस्जिदों, मदरसों और मरकजों की गतिविधियों, आयोजनों, विदेशी नागरिकों की आवा. जाही तथा वित्तीय लेन-देन की निष्पक्ष जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और अन्य सक्षम सुरक्षा एजेंसियों से कराई जाए।

साथ ही ज्ञापन की प्रतिलिपि उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिवों एवं पुलिस महानिदेशकों को भी भेजी गई है। मामले में अब सरकार और संबंधित एजेंसियों द्वारा तथ्यों के आधार पर जांच एवं आवश्यक निर्णय लिया जाना अपेक्षित है।

### एएम वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में जीते स्वर्ण पदक

**चन्दौसी।** ए.एम. वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 में विद्यालय के दो होन हार छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। कक्षा 03 की छात्रा शताक्षी शैलानी राय ने गोल्ड मेडल व राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान व कक्षा 06 के छात्र आंजनेय शर्मा ने गोल्ड मेडल व हिंदी बालश्रेष्ठ सम्मान प्राप्त कर अपनी हिंदी भाषा ज्ञान एवं प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधन ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण रहा। शिक्षकों व छात्रों ने विजेता विद्यार्थियों का तालियों के साथ स्वागत किया।

# तहसीलदार को हटाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन वकीलों ने एसडीएम को सौंपा

**कांठ (शाह टाइम्स)।** तहस. ीलदार के खिलाफ 21 दिनों से चले आ रहे विरोध प्रदर्शन के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई न होने पर आज वकीलों में आक्रोश फूट गया और उन्होंने तहसीलदार को हटाने की मांग सहित 14 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित करते हुए एसडीएम सांतदार पवार को सौंपा। ज्ञापन में तहसीलदार पर विभिन्न आरोप लगाए गए कहना था कि तहसीलदार द्वारा नामांतरण जाति निवास आदि के मामलों में सुविधा शुल्क लिया जाता है अन्यथा उन्हें टाल दिया जाता है बैनामे के आधार पर 35 दिन में नियमानुसार होने वाला नामांतरण दो-तीन माह में किया जा रहा है। काश्तकारों को मिलने वाली खतौनी पर 15 के स्थान पर 20 और कंप्यूटर से मिलने



वाला खसरे पर भी 20 की वसूली होती है तहसीलदार तहसील मुख्यालय पर निवास ना करके मुरादाबाद रहते हैं और इसमें गाड़ी से रोज आने जाने पर सरकार के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन की तरफ से मिलने वाले दो गार्ड ही तहसील में रहते हैं बाकी से वह अपने निवास पर सेवा ले रहे हैं उन्होंने बाल्मिक एवं हरिजन समाज को हिंदू न मानने की बात कहने का तहसीलदार पर आरोप लगाया उन्होंने कहा कि तहसीलदार ने काठ में रहकर कम समय में ही काफी संपत्ति अर्जित की है। उन पर लोक सेवा के दायित्व का खुला उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया तहसीलदार पर प्राइवेट आदमी रखकर सरकारी वसूली करने तथा गोपनीय दस्तावेज उनके हाथ में दिए जाने का आरोप लगाया गया। कहा कि किसी काम को कहने पर वह एस आई आर की बात कहते हैं और कहते हैं कि जब तक एसआईआर चलेगी मेरा तबादला नहीं हो सकता इसलिए उनका तबा. दला कराया जाए तहसीलदार पर मिली भगत करते हुए खुलेआम अवैध खनन के आरोप लगाए गए ज्ञापन में कहा गया कि उनके क्रिया कलापों की सीआईडी क्राइम ब्रांच से गोपनीय जांच करते हुए इन्हें यहां से हटाया जाए। इस मौके पर दीपक बिश्नोई यशवीर सिंह डॉक्टर विनीत नैन दीप सिंह सुगम पवार कोमल सिंह विजयवीर सिंह इकबाल अहमद मोहम्मद अयूब सहित काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अवैध साइलेंसर वाली बुलेट बाइकों पर सिविल लाइंस व यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 9 बाइकें सीज

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आदेश पर थाना सिविल लाइंस पुलिस एवं यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध साइलेंसर लगाकर पटाखों जैसी तेज आवाज निकालने वाले बुलेट बाइक सवार युवकों के खिलाफ सख्त कदम उठाया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 9 बुलेट बाइक सवार युवकों को रोककर जांच की, जिसमें सभी बाइकों में अवैध साइलेंसर लगे पाए गए।

पुलिस के अनुसार ये युवक सड़कों पर तेज आवाज करते हुए न केवल ध्वनि प्रदूषण फैला रहे थे, बल्कि यातायात व्यवस्था में भी बाधा उत्पन्न कर रहे थे। इससे आम नागरिकों, बुजुर्गों, बच्चों एवं मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जांच के बाद पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सभी 9 बुलेट बाइकों को सीज कर दिया और संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों में किसी भी तरह का अवैध संशोधन न करें और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही साइलेंसर का उपयोग करें।यातायात पुलिस ने चेतावनी दी कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सहदेव माली की स्मृति में तहरी भोज

## प्रेस क्लब में पत्रकारों का जमावड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/ लखनऊ।** यू0 पी0 प्रेस क्लब और यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा पत्रकार स्व0 सहदेव माली की स्मृति में प्रेस क्लब में आयोजित तहरी भोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह , मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद , समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप , सपा के प्रदेश सचिव दीपक रंजन ,राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे , पूर्व राज्यसभा सदस्य अरविंद सिंह, मुकेश सिंह अध्यक्ष यूपी कोऑर्डिनेशन कमिटी इंडो अमेरिकन चौंबर ऑफ कॉमर्स , उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के



प्रवक्ता अंशु अवस्थी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मुकेश सिंह चौहान, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत ,यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, महामंत्री देवराज सिंह ,लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिव शरण सिंह , यू0पी0 प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र सिंह पत्रकार एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# कारण यही कि अब तक गणतंत्र जिंदा है

**मुरादाबाद/लखनऊ।** यू पी प्रेस क्लब व उ प्र साहित्य सभा के पारंपरिक साहित्यिक समारोह 'सृजन' के 165 वें अंक का आयोजन आज सम्पन्न हुआ। सच्चिदानंद शलभ की अध्यक्षता, हसीब सिद्दीकी, शिवशरण सिंह की उपस्थिति में डॉ सुरभि सिंह के संयोजन में रश्मि शरद के संचालन में पूजा श्रीवास्तव की वाणी वंदना से प्रारंभ हुये काव्य समारोह में गणतंत्र दिवस विषयक आधारित रचनाओं का पाठ हुआ। सृजन के संस्थापक सर्वेश अस्थाना ने कहा- गणतंत्र का अर्थ समानता है दीवार नही साहित्यकार को समानता का साम्राज्य स्थापित करना है। डॉ रुद्रमणि ने पढ़ा-देवभूमि भारत का गौरव गान सुनाने आया हूँ, धूमिल जो आदर्श पड़े हैं, या दिलाने आया हूँ। योगी योगेश ने -जन जन में देश के हित मधु मंत्र जिंदा है कारण यही कि




अब तक गणतंत्र जिंदा है। इसके अतिरिक्त समारोह में रत्ना बापले, प्रो जहाँ आरा,रेनू वर्मा, शकुंतला श्री, दीपिका, पूजा श्रीवास्तव, सीमा मिश्रा, वर्षा श्रीवास्तव, अजिता गुप्ता, प्रो बलवंत सिंह, योगी योगेश शुक्ल, सुभाष रसिया, अरविंद झा, उत्तम शोला, अच्युतानंद जायसवाल, सुनील शर्मा, प्रमोद तिवारी, अतीक कासगंजवी, राम जी 'प्रवीण' , रजनी बाला, मनस्वी श्वेता, गिरधर खरे, पारसनाथ श्री, हेमलता त्रिपाठी, उमा लखनवी, मधु पाठक मांझी डॉ राक. ेश प्रताप सिंह, शैलेश सचान, श्याम किशोर वर्मा, शिवा सिंह, शत्रुघ्न, उपमा आर्य, दीनबंधु आर्य, डॉ रुद्रमणि व डॉ अवधि हरि ने शानदार काव्यपाठ किया।

# भूड़ी चौराहे पर जल निकासी न होने से दलदल, राहगीरों का निकलना हुआ मुश्किल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** तहसील चन्दौसी अंतर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के भूड़ी चौराहे पर जलनिकासी की व्यवस्था न होने के कारण मार्ग पर भारी दलदल और फिसलन की स्थिति बन गई है। भूड़ी को जाने वाले मार्ग पर ईंट भट्टों के लिए खनन कर लाई गई मिट्टी बूंदाबांदी के बाद कीचड़ में तब्दील हो गई, जिससे पैदल यात्रियों व दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दलदल में फिसलकर बाइकें गिर रही हैं, जिससे कई लोग चोटिल हो चुके हैं। इसी क्रम में मुडिघ्याखेड़ा निवासी राममोहन मिश्रा बाइक से ड्यूटी के लिए चन्दौसी जा रहे थे, तभी भूड़ी चौराहे के पास दलदल में बाइक फिसलने से वह घायल हो गए। राममोहन मिश्रा गांव मुडिघ्याखेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र हैं और विद्यालय अवकाश के बाद शाम को चन्दौसी में नाइट ड्यूटी करने जाते हैं। भूड़ी चौराहा जनपद बदायूं व संभल की सीमा पर स्थित है, जहां से बदायूं, शाहबाद, रामपुर, बिलारी व मुरादाबाद की ओर जाने वाले सैकड़ों लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मार्ग की शीघ्र मरम्मत व जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।



# चन्दौसी में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य चुनाव का पहला चरण शांतिपूर्ण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य चुनाव को लेकर जनपद न्यायालय में 30 एवं 31 जनवरी को मतदान होना पूर्व निर्धारित था। इसी क्रम में शुक्रवार 30 जनवरी को जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा मतदान किया गया। मतदान प्रक्रिया सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 05 बजे तक चली। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य के लिए प्रदेश भर में चुनाव प्रक्रिया चल रही है। जनपद संभल सहित कई जिलों में 30 व 31 जनवरी को मतदान कराया जा रहा है। संभल जिले के चन्दौसी स्थित जिला न्यायालय परिसर में बने बार रूम में पीठासीन अधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की देखरेख में पहले दिन का मतदान संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार चन्दौसी बार के 1252 अधिवक्ताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल बताया गया जिसमें 509 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। चन्दौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाने की अपील की। वहीं प्रत्याशियों द्वारा जनपद न्यायालय परिसर के बाहर अपने-अपने स्टाल लगाए गए, जहां अधिवक्ताओं से संपर्क कर समर्थन मांगा गया।



# 26वां वार्षिकोत्सव 31 जनवरी से 1 फरवरी तक


**मुरादाबाद।** श्री वैष्णो देवी बुआदाती संकीर्तन मंडल बुद्धि विहार मुरादाबाद की बैठक मझोला स्थित मुख्य सेवादार सरदार जगजीत सिंह के निवास पर हुई। अध्यक्षता सरदार जगजीत सिंह ने की संचालन किशन आहूजा ने किया। बैठक में संकीर्तन मंडल का 26वां वार्षिकोत्सव बुद्धि विहार स्थित श्री बुआ दाती पार्क में शनिवार को 31 जनवरी एवं रविवार 1 फरवरी को मनाया जायेगा जिसकी तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अध्यक्षीय सम्बोधन में सरदार जगजीत सिंह ने बताया कि 26वां वार्षिकोत्सव दो दिन लगेगा पहले दिन दोपहर दो बजे शोभायात्रा निकलेगी जो बुद्धि विहार स्थित श्री बुआ दाती पार्क से प्रारंभ होकर तालाब के सामने श्री बुआ दाती मंदिर पर संपन्न होकर शाम चार बजे आरती होकर विर्सजीत होगी। 1 फरवरी को प्रात: 10 बजे पूजा व हवन के बाद मां भगवती की जोत का प्रकाश दोपहर 12 बजे इसके बाद सांय छह बजे तक संकीर्तन होगा जिसका समापन आरती एवं भण्डारे से होगा। बैठक में रमेश शर्मा, सुशील सक्सेना, राजेश सहगल, किशन आहूजा, विजय सहगल, सुनील कुमार, कमल, अनिल यादव, बोबी सक्सेना, मनीष त्यागी, हरिओम, अविनाश गुप्ता, अतुल जौहरी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सराहनीय फैसला

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने गरीब, लाचार बच्चियों को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जिसमें उसने सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सेनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। साथ ही यह भी कहा कि लड़कियों के लिए अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। कोर्ट ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को यह भी निर्देश दिया कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएंगे। असल में सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी, याचिका में लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई गई थी। याचिका में यह भी कहा गया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर पैसे खर्च करने के लिए नहीं होते। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए यह सुविधा नहीं है इसलिए उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोसल की सुविधा भी नहीं होती, इसलिए भी लड़कियां स्कूल नहीं जा पातीं। याचिका में मांग की गई थी कि मेन्स्ट्रुअल हाईजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट का फैसला बताता है कि जया ठाकुर ने जिन बिन्दुओं को अपनी याचिका में उठाया, कोर्ट ने उन सभी को सही माना। कोर्ट ने कहा भी अगर स्कूलों में गर्ल्स के लिए अलग से टॉयलेट नहीं है तो यह संविधान 14 का उल्लंघन है। कोर्ट ने यह भी माना कि लड़कियों को सेनेटरी पैड नहीं मिलते, तो वह लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई व गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। कोर्ट के अनुसार मासिक धर्म के दौरान सम्माजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 का हिस्सा है। हालांकि कोर्ट ने स्कूलों की मजबूरी की तरफ भी ध्यान दिया। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े नहीं है, यह आदेश उन क्लासरूम के लिए भी जहां लड़कियां मदद को झिझकती हैं और यह उन टीचर्स के लिए भी है जो मदद करना चाहते हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कुछ नहीं कर पाते हैं। उन्होंने माता-पिता के लिए भी जो लड़कियों की चुप्पी को नहीं समझ पाते। कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की कि यह फैसला समाज के लिए भी है ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। बात सही भी है, देखने में यह बात बेहद मामूली सी लगती है विशेषकर संपन्न वर्ग के लिए। लेकिन अगर हम भारतीय समाज की गहराई में जाएं तो अभी भी गरीबी बहुत गहराई तक समाज में बनी हुई है। ऐसी लड़कियों की कमी नहीं है, जो सैनेटरी पैड खरीदने में सक्षम नहीं हैं और शर्म के चलते किसी से कह भी नहीं सकती। जाहिर है, वह स्कूल जाने से भी कतराती हैं। जिससे पढ़ाई व अन्य गतिविधियां प्रभावित होती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला सराहनीय है।

## सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता



योगी सरकार को गोमाता की रक्षा के लिए अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए 40 दिनों का समय दिया जा रहा है, यदि इस अवधि में गोमाता को राज्यमाता का दर्जा नहीं दिया गया और गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो परिणाम गंभीर होंगे, जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिंदू कहलाने का कोई अधिकार नहीं है, विशेष रूप से उस योगी को, तो बिल्कुल नहीं, जो गुरु गोरक्षनाथ की पवित्र गद्दी का महंत होने का दावा करता है, हमसे योगी ने हमारा प्रमाण-पत्र मांग लिया था, हमने सहज भाव से दे दिया, क्योंकि सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता, अब समय आपके हिंदू होने का प्रमाण देने का है, हिंदू होना भाषणों या भगवा तक सीमित नहीं है, इसकी कसौटी गो-सेवा और धर्म-रक्षा है।

**-स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य, ज्योतिषपीठ**

# क्या उप्र के मुसलमान एआईएमआईएम के राजनीतिक नारों का समर्थन करेंगे





**एम हसन**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश में एक बार फिर गरमागरम राजनीतिक चर्चा में है, जहां 2027 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सोशल मीडिया और खासकर यूट्यूबर उत्तर प्रदेश में एआईएमआईएम की संभावनाओं पर गरमागरम बहस छेड़ने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी नवंबर 2025 में बिहार की पांच विधानसभा सीटों और महाराष्ट्र की हाल ही में संपन्न 29 नगर निगमों में 125 पार्षद सीटों पर पार्टी की जीत के बाद काफी उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश के लिए एआईएमआईएम की योजना पर हाल ही में समाजवादी पार्टी के सांसदों के सम्मेलन में चर्चा हुई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने की। कुछ मुस्लिम सांसदों का मानना था कि एआईएमआईएम के राज्य में संभावित प्रभाव का मुकाबला करने के लिए एक कार्य योजना की आवश्यकता है, जो 2027 के चुनावों में हानिकारक साबित हो सकता है। ष्एसपी को देख लेंगेष के मूड में चल रहे ओवैसी ने मुस्लिम समुदाय को भावनात्मक रूप से एकजुट करने का सहारा लिया है। विशेष रूप से ष्धार्मिक अवसरों के लिए बनाए गए नारों के बीच, एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश में अपना आधार बढ़ाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है। मुंबई नगर निगम चुनावों के दौरान एआईएमआईएम द्वारा लगाए गए ये नारे सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं और एक जवाबी कहानी पेश कर रहे हैं। मुंबई में विजय जुलूस के दौरान एआईएमआईएम की विजेता सहर शेख, उनके पिता यूसुफ शेख और अन्य लोगों द्वारा लगाए गए धार्मिक नारे उत्तर प्रदेश में चर्चा का विषय बन गए हैं। इसने उत्तर प्रदेश में गैर-भाजपा विपक्ष को भी चेतावनी दी है। मीडिया में मुस्लिम वोटों को बांटने के लिए खूब प्रचार किया जा रहा है, वहीं मुस्लिम समुदाय चुपचाप घटनाक्रम देख रहा है। यह कहना मुश्किल है कि मुस्लिम समुदाय एआईएमआईएम के मुस्लिम समर्थक बयानों से प्रभावित होगा या गैर-भाजपा विपक्षी दलों के साथ ही रहेगा। हालांकि, ओवैसी को इंडिया ब्लॉक या बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) में जगह मिलने की संभावना कम ही लगती है, क्योंकि ए पार्टियां अन्य मतदाताओं पर भी निर्भर करती हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों ही दल एआईएमआईएम से किसी भी तरह का संबंध रखने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि इससे उल्टा असर पड़ सकता है और अन्य वर्ग उनसे दूर हो सकते हैं। बीएसपी प्रमुख मायावती पहले ही उत्तर प्रदेश चुनाव में अकेले लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं। एसपी के पीडीए संगठन में मुस्लिम हैं, वहीं बीएसपी उन्हें वापस अपने पाले में लाने के प्रयास कर रही है। महाराष्ट्र में 2869 पार्षदों के मुकाबले 125 सीटों पर एआईएमआईएम की नगर निगम चुनाव जीत महत्वहीन है और इसकी तुलना उत्तर प्रदेश के विशाल विधानसभा क्षेत्रों से नहीं की जा सकती, जबकि बिहार में एआईएमआईएम का वोट प्रतिशत 1.85 था।

दरअसल, बिहार में मुसलमानों की राजनीतिक स्थिति उत्तर प्रदेश से अलग है। पिछले दो दशकों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सत्ता में रहने और समुदाय को संरक्षण प्रदान करने के कारण, समुदाय एआईएमआईएम की व्यवहार्यता को परखने और कुछ सीटें देने का जोखिम उठा सकता था, लेकिन उत्तर प्रदेश की स्थिति बिल्कुल अलग है। मुसलमान नीतीश कुमार की जनता दल (यू) को भी वोट देते रहे हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश में समुदाय एआईएमआईएम का समर्थन करने में काफी सतर्क रहा है। हालांकि एआईएमआईएम को लेकर सपा नेताओं में चिंता है, फिर भी नेतृत्व को पूरा भरोसा है कि मुस्लिम समुदाय में पार्टी को अभी भी व्यापक समर्थन प्राप्त है। पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने कहा कि मुस्लिम समुदाय पूरी तरह से सपा के साथ है। नेतृत्व ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों को लामबंद करने के लिए पार्टी की कैराना सांसद इकरा हसन को भी तैनात किया है। सौम्य और विनम्र स्वभाव वाली इकरा हसन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काफी लोकप्रिय हैं। यह वही क्षेत्र है जहां एआईएमआईएम सपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के प्रयास कर रही है।

बसपा ने भी मुस्लिम समुदाय तक पहुंचने के लिए मुस्लिम भाईचारा समिति सम्मेलन शुरू किए हैं। पार्टी के युवा चेहरे आकाश आनंद (मायावती के भतीजे) अगले महीने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अभियान शुरू करने वाले हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के बीच एक व्यापक गठबंधन बना था, जिसमें कुछ छोटे दल भी शामिल थे। हालांकि, कांग्रेस केवल दो सीटें ही जीत सकी और आरएलडी ने आठ सीटें (2.9 प्रतिशत वोट) जीतने के बाद भाजपा में शामिल हो गई। सपा ने लगभग 33 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए 111 सीटें जीतीं। वहीं एआईएमआईएम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। मुस्लिम समुदाय, जो सपा के प्रति पूरी तरह से समर्पित था, ने एआईएमआईएम को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया। एआईएमआईएम ने 103 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट जीतने में असफल रही और उसे केवल 0.49 प्रतिशत वोट मिले। उसे सबसे अधिक 36460 वोट (16.27 प्रतिशत) आजमगढ़ के मुबारकपुर से मिले, जहां से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली चुनाव लड़ रहे थे। गुड्डू जमाली विधानसभा में बसपा के विपक्ष के नेता थे और चुनाव से पहले सपा में शामिल हो गए थे, लेकिन सपा का टिकट न मिलने पर वे एआईएमआईएम में शामिल हो गए। गुड्डू जमाली की व्यक्तिगत छवि ने एआईएमआईएम को भारी संख्या में वोट दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इसलिए एआईएमआईएम के सामने चुनौती कठिन है क्योंकि उसे शक्तिशाली सपा के सामने मुसलमानों को अपनी व्यवहार्यता का आश्वासन देना होगा, जिसका वर्तमान में समुदाय पर अण्डाकार नियंत्रण है। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान की लंबी कैद और रामपुर में उनकी उच्च शिक्षा योजना को हुए नुकसान ने समुदाय के लिए काफी भावनात्मक प्रभाव डाला है। इसलिए, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एआईएमआईएम, चाहे गठबंधन में हो या अकेले, मुस्लिम वोटों को विभाजित करने में सक्षम होगी, जिससे उत्तर प्रदेश में 2027 के चुनावी मुकाबले की ओर बढ़ते हुए हिंदुत्व समर्थक ताकतों को मजबूत करने में मदद मिल सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बैक्टीरिया के घर से कम नहीं है स्मार्टफोन

**विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में हफ्ते में कम से कम एक बार फोन की सफाई की जानी चाहिए। यदि आप फोन को अस्पताल, सार्वजनिक परिवहन या जिम जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों पर ले जाते हैं, तो सफाई की आवृत्ति बढ़ा देनी चाहिए। अगर आप स्वच्छता को लेकर गंभीर हैं, तो न सिर्फ अपने हाथों की बल्कि उन चीजों की भी सफाई करना जरूरी है जिन्हें आप रोजाना सबसे ज्यादा छूते हैं। गलत तरीके से सफाई करने पर आपका फोन धीरे-धीरे खराब हो सकता है। लेकिन इसे सही तरीके से साफ करना आसान, किफायती है और इसमें ज्यादा समय भी नहीं लगता।**

हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं, लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं।

**आपका मोबाइल फोन**

विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं।

**फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव**

अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

**गलत सफाई से फोन को हो सकता है नुकसान**

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि फोन की सफाई के लिए यदि गलत उत्पादों या औजारों का इस्तेमाल किया गया, तो इससे उसके वाटरप्रूफ सील, टच सेंसिटिविटी और सतही कोटिंग को नुकसान पहुंच सकता है। एप्पल और सैमसंग जैसी कंपनियां ब्लीच, हाइड्रोजन परॉक्साइड, सिरका, एयरोसोल स्प्रे, विंडो क्लीनर या 70 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की सलाह नहीं देतीं, क्योंकि यह फोन की ओलेयोफोबिक कोटिंग को हटा सकते हैं। ओलेयोफोबिक कोटिंग एक बेहद पतली फिल्म होती है जो उंगलियों के निशान और धूल से स्क्रीन की रक्षा करती है। अल्कोहल, एसीटोन या अमोनिया आधारित क्लीन इस कोटिंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सिरका जैसे घरेलू उपाय भी एल्युमिनियम या प्लास्टिक को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जबकि ब्लीच और हाइड्रोजन परॉक्साइड जैसे रसायन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए अत्यधिक कठोर माने जाते हैं।

**कैसे करें फोन की सही सफाई**

फोन को प्रभावी और सुरक्षित तरीके से साफ करने के लिए कुछ सुझावों का पालन करें। सफाई से पहले फोन को चार्जर और कवर से अलग करें। सफाई के लिए 70 फीसदी आइसोप्रोपिल अल्कोहल वाले वाइप्स या माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। चार्जिंग पोर्ट, स्पीकर ग्रिल जैसे नाजुक हिस्सों की सफाई के लिए एंटी-स्टैटिक ब्रश (नायलॉन, हॉर्सहेयर या गोट हेयर) का उपयोग करें। सीधे फोन पर किसी भी प्रकार का तरल न छिड़कें।



इससे नमी फोन के अंदर जा सकती है और शॉर्ट सर्किट या जंग लगने का खतरा हो सकता है। टिशू पेपर या खुरदरे कपड़े का प्रयोग न करें, यह स्क्रैच छोड़ सकते हैं। एप्पल और सैमसंग दोनों ही कंपनियों ने कोविड-19 महामारी के दौरान साफ-सफाई के दिशानिर्देशों में कुछ संशोधन किए थे और 70 फीसदी अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की अनुमति दी थी, लेकिन हल्के हाथों से पोंछने की सलाह दी थी।

# उम्मीद पर दुनिया कायम: फिर से पनप सकते हैं रिश्ते

हर रिश्ता अपनी एक खास कहानी कहता है, कुछ मीठे पल, कुछ उलझनें, और कई बार वो सवाल जो मन में चुपचाप घर कर जाते हैं। चाहे प्यार नया हो या सालों पुराना, कुछ दुविधाएं ऐसी होती हैं जो लगभग हर जोड़े को छूती हैं। वजहें भले ही अलग हों, लेकिन परेशानियां अक्सर एक जैसी लगती हैं। इसी सोच के साथ हमने कुछ अनुभवी कपल्स थेरेपिस्ट से बातचीत की और जानने की कोशिश की, ऐसे कौन से जज्बात हैं, कौन-से सबक हैं, जिन्हें वो हर जोड़े को बार-बार समझाते हैं? क्या ऐसा कोई सच है जो वे चाहते हैं कि हर रिश्ता समय रहते समझ जाए?

**मतभेद तो होंगे ही, उन्हें संभालना आना चाहिए**

हर रिश्ते में टकराव आता है लेकिन बात यह नहीं कि मतभेद हैं या नहीं, असली बात यह है कि हम उन्हें कैसे संभालते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के फैमिली इंस्टिट्यूट से जुड़े मनोवैज्ञानिक डॉ. एंथनी चेम्बर्स मानते हैं कि एक खुशहाल रिश्ता वो नहीं होता जिसमें कभी झगड़ा न हो, बल्कि वो होता है जिसमें दोनों साथी झगड़े को समझदारी से हैंडल करना जानते हों। उनके मुताबिक, रिश्ते में मतभेद चाहे छोटे-छोटे रोज के झंझटों को लेकर हों या गहरी उम्मीदों और अलग सोच से जुड़े हों, उन्हें सुलझाने के लिए तीन चीजें जरूरी हैं- लचीलापन, जिज्ञासा, और विनम्रता।

डॉ. चेम्बर्स कहते हैं, अगर आप बातचीत में इस इरादे से जाते हैं कि आप ही सही हैं और आपका पार्टनर गलत, तो समाधान मुश्किल होगा, लेकिन अगर आप यह मानते हैं कि हम अपने मतभेदों को कई तरीकों से सुलझा सकते हैं, तो रिश्ता मजबूत बनता है। मतभेद तो हर किसी के होते हैं, लेकिन जो जोड़े उन्हें समझदारी से संभालते हैं, वहीं रिश्ते में सच्ची संतुष्टि पाते हैं।

**टूटने के बाद जुड़ना भी एक कला है**

हर झगडे के बाद जो सबसे जरूरी चीज होती है, वो है वापसी यानी फिर से एक-दूसरे से जुड़ना। मिनेसोटा की सेक्स थेरेपिस्ट डॉ. लॉरेन फोगेल मर्सी के मुताबिक, रिश्ते की असली ताकत इस बात में होती है कि आप किसी मतभेद के बाद दोबारा कैसे जुड़ते हैं। मरम्मत कोई जादू नहीं, बल्कि एक सीखने लायक स्किल है। माफी कैसे मांगनी है, किस पल बात करनी है, कब चुप रहना है, यह सब समझदारी और अभ्यास से आता है।

हर इंसान की जुड़ने की भाषा अलग होती है। कोई गले लगने से शांत होता है, तो किसी को थोड़ा वक्त चाहिए होता है। कोई खुलकर बात करना पसंद करता है, तो कोई बस एक सॉरी सुनना चाहता है। रिश्ते में यही समझ जरूरी है कि हम सिर्फ बहस से नहीं, बल्कि बहस के बाद भी एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें।

**सही-गलत से ज्यादा जरूरी है, क्या महसूस हो रहा है**

कई बार जब बहस होती है, तो हमें लगता है कि हमें अपनी बात साबित करनी है, लेकिन यही सोच हमें ऐसे मोड पर ला देती है जहां बातचीत की जगह बहस होने लगती है और बहस से दूरी। मनोवैज्ञानिक और लेखिका डॉ. एलेक्जेंड्रा सोलोमन कहती हैं, जब हम सिर्फ तथ्यों पर अटक जाते हैं, तो वो बातचीत नहीं रह जाती, वो मुकाबला बन जाती है, मैं बनाम तुम, लेकिन अगर हम रुककर यह सोचें कि सामने वाला क्या महसूस कर रहा है? क्यों वो उस हालात को हमसे अलग देख रहा है? तो वहीं से रिश्ते में गहराई आती है। जब आप भावना को समझते हैं, तो आप सुलह की ओर बढते हैं। रिश्ते में सही होने से कहीं ज्यादा जरूरी होता है साथ रहना।

**रिश्ते में बारी-बारी की अहमियत मत भूलिए**

बचपन में हमें सिखाया गया था, बारी-बारी से बोलो, खेलो, समझो, लेकिन बड़े होकर हम अक्सर यही भूल जाते हैं। थेरपिस्ट जूली मेनानो कहती हैं कि कई कपल्स बातचीत के दौरान एक-दूसरे को सुनने के बजाय एक-दूसरे पर बोलने लगते हैं। कोई नहीं सुन रहा, सब माइक थामे हुए हैं। रिश्ते में सच्चा संवाद तब होता है जब आप शांत होकर सुनें, समझें और जवाब दें, न कि सिर्फ अपनी बात कहें।

**बह जाना और तय करना, एक जैसा नहीं होता**

रिश्ते में बहुत कुछ बस होता चला जाता है। लेकिन क्या वो आपके फैसले थे? थेरपिस्ट गैलेना रोड्स कहती हैं कि जिंदगी में बहने की बजाय सोच-समझकर फैसले लेना रिश्ते को मजबूत बनाता है फिर चाहे वो सेक्स से जुडा हो या साथ रहने के तरीके से। जो जोडे इस फर्क को समझते हैं, वही अपने रिश्ते की दिशा खुद तय करते हैं।

**साथ खेलना सिर्फ बच्चों का काम नहीं है**

हंसी-मजाक, मस्ती, और खेल, यह रिश्ता निभाने के बॉन्डिंग टूल्स हैं। डॉ. स्टीफन मिशेल कहते हैं, खुश जोडे वो हैं जो मस्ती करना कभी नहीं छोड़ते। एक



मजेदार मैसेज, कोई पुराना जोक, या अचानक की गई डेट प्लानिंग ,ए छोटी-छोटी चीजें रिश्तों में जान डाल देती हैं।

**ज्यादातर जवाब आपके अंदर ही होते हैं**

थेरपिस्ट जेफ गुएंथर कहते हैं, आप पहले से जानते हैं कि क्या ठीक है और क्या नहीं। आप किन बातों से बच रहे हैं, कहां समझौता कर रहे हैं, आप जानते हैं। सवाल बस इतना है कि क्या आप वो कदम उठाने को तैयार हैं? कभी खुद से पूछिए, अगर मेरा सबसे अच्छा दोस्त मेरी जगह होता, तो मैं क्या सलाह देता? जवाब शायद वहीं मिल जाए।

**आपका तनाव, आपके रिश्ते को भी तोड सकता है**

जब आप खुद तनाव में होते हैं, तो प्यार करना भी मुश्किल हो जाता है। थेरपिस्ट एल्ट्जबेथ अर्नशॉ कहती हैं कि अनजाना तनाव रिश्तों में चुपचाप घुसकर दूरी बढ़ा सकता है। अगर आप अपने तनाव को पहचानें, समझें और बेहतर तरीके से हैंडल करें, तो आप अपने पार्टनर के लिए एक बेहतर साथ बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




नई दिल्ली। 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत आयोजित विरोध रैली में भाग लेते कांग्रेस नेता जयराम रमेश, अजय माकन, पवन खेड़ा व अन्य।

## अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर एफ-35ए लड़ाकू विमान तैनात किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के साथ बढ़े हाल के तनाव के बीच अपनी पांचवीं पीढ़ी के एफ-35ए लड़ाकू विमानों को यूरोप में तैनात करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इन विमानों का अंतिम गंतव्य फिलहाल स्पष्ट नहीं है। द वॉर ज़ोन पोर्टल ने ओपन-सोर्स डेटा के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये एफ-35ए लड़ाकू विमान पहले वेनेजुएला से जुड़े एक अमेरिकी ऑपरेशन के तहत प्यूर्टो रिको में तैनात थे और अब पुर्तगाल के लाजेस एयर बेस पर उतरे हैं। सोशल मीडिया पर उपलब्ध एक वीडियो में इन विमानों की लैंडिंग देखी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे पहले अमेरिकी एफ/ए-18जी लड़ाकू विमान भी स्पेन की ओर उड़ान भर चुके हैं।

## उम्मीद हैं अमेरिका कनाडा संप्रभुता का सम्मान करेगा: कार्नी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि वह उम्मीद करते हैं कि अमेरिका 'कनाडा की संप्रभुता का सम्मान' करेगा। यह बयान उन मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग करने की वकालत करने वाले एक समूह से मुलाकात की है। कार्नी ने राज्य के प्रमुखों (प्रीमियर) के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उनसे अमेरिकी अधिकारियों और 'अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट' (एपीपी) के बीच हुई बैठकों के बारे में सवाल पूछा गया था। एपीपी वह समूह है, जो प्रांत की स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह के लिए दबाव बना रहा है। कार्नी ने कहा कि मैं अमेरिकी प्रशासन से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने की उम्मीद करता हूं।

# ट्रम्प की धमकी की डेनमार्क पीएम को मिला फायदा

## अमेरिकी राष्ट्रपति को चैलेंज किया था, अब सर्वे में फेडरिकसन की पार्टी को 9 सीटों का फायदा

**वाशिंगटन।** ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर अमेरिका और डेनमार्क के बीच विवाद का फायदा डेनिश पीएम मेट फेडरिक्सन को मिला है। अमेरिकी वेबसाइट द पोलिटिको ने लिखा है कि फेडरिक्सन को राष्ट्रपति ट्रम्प को शुक्रिया कहना चाहिए, क्योंकि उन्होंने उन्हें गहराते राजनीतिक संकट से बाहर निकाल लिया है।

फेडरिकसन की पार्टी के पापुलैरिटी में काफी उछाल आया है। सर्वे में सोशल डेमोक्रेट्स को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिख रही थीं। यानी एक ही महीने में पार्टी की स्थिति में करीब 9 सीटों का उछाल आया है। पिछले साल नवम्बर 2025 में सोशल डेमोक्रेट पार्टी लोकल चुनाव हार गई थी। सबसे बड़ा झटका कोपेनहगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी। स्थिति तब बदलनी शुरू हुई, जब ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को डेनमार्क से छीनकर अपने में मिलाने की धमकी दी। इसके जवाब में डेनमार्क की प्रधानमंत्री फेडरिक्सन ने खुलकर देश की संप्रभुता का बचाव किया। मेटे फेडरिक्सन जून 2019 से डेनमार्क की प्रधानमंत्री



■ सबसे बड़ा झटका कोपेनहेगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी

हैं। वे डेनमार्क की सबसे युवा प्रधानमंत्री भी हैं। डेनमार्क में संसद में कुल 179 सीटें हैं, इनमें से प्रधानमंत्री फेडरिक्सन की सोशल डेमोक्रेट्स के पास 50 सीटें हैं। सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट पार्टी इस समय देश में गठबंधन सरकार चला रही है। इस गठबंधन में दो सेंटर-राइट पार्टियां मार्डरेटर्स और वेनस्टर भी शामिल हैं। मेगाफान नाम की एक डेनिश कंसल्टेंसी के सर्वे में सोशल डेमोक्रेट पार्टी को 22.7 प्रतिशत वोट और संसद की 41 सीटें मिलीं। यह सर्वे 20 से 22 जनवरी के बीच किया गया। दिसम्बर में हुए सर्वे में फेडरिकसन की पार्टी को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिखाई गई थीं। ताजा सर्वे दिखाते हैं कि 41 सीटों के साथ भी वे संसद की सबसे बड़ी पार्टी बनी रहेंगी। इससे वे फिर से गठबंधन सरकार बनाने की बातचीत में सबसे मजबूत स्थिति में आ जाएंगी, हालांकि सत्ता में बने रहने के लिए उन्हें सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा। समर्थन में आई यह बढ़त इसलिए और भी खास मानी जा रही है, क्योंकि नवम्बर में हुए नगर निगम चुनावों में सोशल डेमोक्रेट्स को करारी हार मिली थी। इस चुनाव में पार्टी ने कोपेनहेगन गंवा दिया था, जो बेहद अहम सीट थी और जिसे पार्टी ने पिछले 100 सालों में कभी नहीं खोया था। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमसेन के नेतृत्व वाली माडरेट्स पार्टी ने इस सर्वे में अपना वोट शेयर लगभग तीन गुना कर लिया। पार्टी का वोट 2.2 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत हो गया। यह करीब 12 सीटों के बराबर है। वहीं एक और एजेंसी वाक्समीटर के सोमवार को जारी सर्वे में फेडरिकसन की कैबिनेट को 40.9 प्रतिशत समर्थन मिला, जो दो साल में सबसे ऊंचा स्तर है।

## संक्षिप्त समाचार

### ढाका-कराची सीधी हवाई सेवा शुरू

**ढाका।** बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस ने गुरुवार को ढाका-कराची-ढाका मार्ग पर सीधी उड़ान सेवा शुरू की। उद्घाटन उड़ान बीजी-341 गुरुवार रात 8 बजे ढाका से रवाना हुई। अगस्त 2024 में प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बंगलादेश और पाकिस्तान के बीच संबंधों में नजदीकी देखी जा रही है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रतिनिधिमंडलों सहित विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधिमंडलों का लगातार आदान-प्रदान हो रहा है। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस द्वारा कराची के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत को दोनों देशों को और करीब लाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नजर

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार एशिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नज़र रख रही है। बटलर ने नाइन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस का अब तक कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन अधिकारी दिसम्बर में भारत में शुरू हुए इस प्रकोप से उत्पन्न खतरे को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने इस प्रकोप को नियंत्रित कर लिया है, लेकिन फिर भी हम इस पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहे हैं, क्योंकि यह एक बहुत ही गंभीर वायरस है।

### काबुल में अफगान का पहला कैंसर केंद्र खुला

**अफगानिस्तान।** अफगान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय कैंसर निंदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निंदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा।

# ट्रम्प की धमकी पर ईरान का अल्टीमेटम

## बोला: हमारे 1000 ड्रोन तैयार, जमीन और समुद्र से हमला करने में सक्षम, ईरान की तरफ बढ़ रहे अमेरिकी युद्धपोत

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका की सैन्य धमकी के बीच ईरान ने अपनी ताकत को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी सेना का कहना है कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर और कड़े हमलों की चेतावनी दे चुके हैं। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी युद्धपोत ईरान की तरफ बढ़ रहे हैं।

ईरानी सेना का दावा है कि अगर अमेरिका हमला करता है, तो ड्रोन और मिसाइलों का यह नेटवर्क देश की रक्षा में अहम भूमिका निभा सकता है। पिछले साल जून में अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले किए थे। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा कि पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद ईरान ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है। इसके तहत बड़ी संख्या में ड्रोन तैयार किए गए हैं। हातामी के मुताबिक, ये ड्रोन जमीन और समुद्र दोनों जगहों से आपरेट किए जा सकते हैं।

इसके अलावा ईरान के पास पहले से ही बड़ी संख्या में बैलिस्टिक मिसाइलें मौजूद हैं। ईरान ने संकेत दिए हैं कि वह जून, 2025 की तरह कतर के अमेरिकी ठिकानों और इजरायल पर मिसाइलें और ड्रोन दाग सकता है। पिछले साल जून में ईरान ने कतर स्थित अमेरिकी सेना के बेस पर मिसाइल हमले किए थे। हालांकि अमेरिकी सेना ने इन हमलों को नाकाम करने की बात कही थी। यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। यह फैसला विरोध प्रदर्शनों पर ईरानी सरकार की हिंसक कार्रवाई के चलते लिया गया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड के शीर्ष कमांडरों समेत 15 अधिकारियों और 6 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। इनमें आनलाइन कंटेंट की निगरानी करने वाली संस्थाएं भी हैं। यूरोप में इनकी संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उनकी यात्रा पर रोक लगेगी। ईयू की राजनयिक काजा कलास ने कहा कि दमन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आईआरजीसी को अब अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों के बराबर माना जाएगा। आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका पहले ही आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित कर चुके हैं। हालांकि ब्रिटेन ने अब तक इसे अपनी आतंकी सूची में शामिल नहीं किया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईयू के इस फैसले को 'दिखावटी कदम' और 'बड़ी रणनीतिक गलती' बताया है। उनका कहना है कि यूरोप हालात संभालने के बजाय तनाव बढ़ा रहा है। आईआरजीसी ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य ताकत मानी जाती है। इसकी स्थापना 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद हुई थी। इसके पास करीब 1.90 लाख सक्रिय सैनिक हैं। आईआरजीसी की कमान सीधे सुप्रीम लीडर खामेनेई के हाथ में होती है। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी और मजबूत करते हुए अरब सागर और लाल सागर में विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन, यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट और कई मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत तैनात किए हैं। साथ ही कतर, बहरीन, सऊदी अरब, इराक और जार्डन के सैन्य अड्डों से वायुसेना की सक्रियता बढ़ी है। अमेरिका अब ईरान के परमाणु ठिकानों, सैन्य अड्डों व कमांड सेंटरों पर समुद्र और आसमान दोनों से हमले की स्थिति में आ गया है। ट्रम्प ने 28 जनवरी को ईरान से परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने को कहा था और चेतावनी दी थी कि अगला हमला पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा है कि सेना राष्ट्रपति के किसी भी सैन्य आदेश के लिए तैयार है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार को इस्तांबुल पहुंचे। उन्होंने यहां तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान से मुलाकात की है। इस यात्रा का मकसद अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर बातचीत करना है तुर्की तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश कर रहा है।



■ पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद ईरान ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है: जनरल अमीर हातामी

### आईआरजीसी को आतंकवादी संस्था घोषित करने का फैसला अनुचित: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में ईयू के विदेश मंत्रियों के इस फैसले को अवैध, अनुचित और पाखंडपूर्ण बताते हुए इसे ईरान के खिलाफ कार्रवाई करार दिया। बयान में कहा गया है कि आईआरजीसी ईरान के आधिकारिक सशस्त्र बलों का अभिन्न हिस्सा है। देश के संविधान के तहत ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा बनाए रखने, क्षेत्रीय स्थिरता की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में इसकी भूमिका बेजोड़ और सम्मानजनक रही है। इसने उस आईएसआईएस आतंकवाद का भी मुकाबला किया है, जो कुछ यूरोपीय देशों और अमेरिका की साजिशों का नतीजा था। मंत्रालय ने कहा कि किसी औपचारिक सरकारी संस्था पर 'आतंकवादी' होने का ठप्पा लगाना एक खतरनाक परंपरा है।

## अमेरिका ने क्यूबा को तेल निर्यात करने वाले देशों पर कसा शिकंजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से इस द्वीपीय देश को तेल निर्यात करने वाले देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक कदम बताते हुए गुरुवार को यह कदम उठाया है, जिसके तहत उन सभी देशों से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो क्यूबा को तेल की आपूर्ति करते हैं।

इस आदेश के पीछे तर्क दिया गया है कि क्यूबा अमेरिका के प्रति शत्रुता का रुख रखने वाले रूस, चीन और ईरान जैसे देशों से संबंध रखता है। इसके साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि क्यूबा अमेरिका द्वारा देश के लिए 'घातक' चिन्हित किए गए हिज़्बुल्लाह और हमास जैसे समूहों को भी पनाह देता है। इसके अतिरिक्त तर्क दिया गया है कि क्यूबा सरकार आधारभूत मानवाधिकारों की अवहेलना करती है। इन सभी आरोपों के आधार पर अमेरिका ने क्यूबा के खिलाफ 'राष्ट्रीय आपात' की घोषणा कर दी है और इसके सहयोगी देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। ट्रम्प से गुरुवार

■ ट्रम्प ने अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए

को जब एक पत्रकार ने पूछा कि क्या वह क्यूबा का 'दम घोंटने' की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि दम घोंटना एक बहुत ही कड़ा शब्द है। मैं ऐसी कोशिश नहीं कर रहा हूं, लेकिन ऐसा लगता है कि यह देश अब टिक नहीं पाएगा।

दूसरी ओर, क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने ट्रम्प के इस कार्यकारी आदेश की निंदा करते हुए इसे 'क्यूबा और उसके लोगों के खिलाफ एक क्रूर कृत्य' बताया। उन्होंने कहा कि वहां के लोगों पर अब अत्यंत कठिन परिस्थितियों में रहने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह दूसरे देशों को क्यूबा के खिलाफ अपनी नाकाबंदी नीति में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है। क्यूबा के उप विदेश मंत्री कार्लोस एफ. डी कोसियो ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि अमेरिका दशकों के आर्थिक युद्ध की विफलता के बाद क्यूबा की नाकाबंदी को और सख्त कर रहा है और संप्रभु राष्ट्रों को इस प्रतिबंध में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है।

## बांग्लादेश ने भारत से स्पेशल इकोनॉमिक जोन छीना

**ढाका।** बांग्लादेश ने चटगांव में भारत को दी गई सेज (स्पेशल इकोनामिक जोन) का जमीन आवंटन रद्द कर दिया गया है। यूनुस सरकार ने यह जमीन चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए दे दी है।

लगभग 850 एकड़ में फैली इस जमीन में इस साल के अंत तक प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। चीन ड्रोन टेक्नोलाजी ट्रांसफर करने को भी राजी हो गया है। यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल लिफ्ट वाले ड्रोन बनेंगे। चटगांव प्लांट भारतीय सीमा से 100 किमी दूर है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत-पाकिस्तान के बाद ड्रोन बनाने वाला तीसरा देश बन जाएगा। दूसरी ओर चीन ने बीते साल बांग्लादेश को 20 जे-10सीई फाइटर जेट देने की डील भी की थी। ये सप्लाई भी इस साल के अंत

■ चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए जमीन दी, बांग्लादेश को 20 चीनी फाइटर जेट मिलेंगे

से शुरू हो जाएगी। चीन ने बांग्लादेश को पेमेंट में भी बड़ी मोहलत दी है। भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में एक समझौता हुआ था। पीएम मोदी की ढाका यात्रा के दौरान शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारत के निवेशकों के लिए एक इंडियन इकोनामिक जोन (आईईजेड) स्थापित करने का फैसला लिया गया। यह गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट (जी-2जी) फ्रेमवर्क पर था, जिसमें भारतीय निवेशकों को प्राथमिकता मिलती और भारत की लाइन आफ क्रेडिट (एलओसी) से फंडिंग होती।

## न्यूजीलैंड ने शांति बोर्ड में शामिल होने के ट्रम्प के प्रस्ताव को ठुकराया

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आरएनजेड रेडियो स्टेशन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने बोर्ड के 'वर्तमान स्वरूप' में शामिल न होने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विस्टन पीटर्स ने एक अलग बयान में कहा कि चूंकि कई देश पहले ही इस पहल में शामिल हो चुके हैं, इसलिए 'न्यूजीलैंड इसमें कोई खास योगदान नहीं देगा।' 16 जनवरी को ट्रम्प ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की थी।

# चीन जा रहे पश्चिमी देशों के नेता

## दो महीने में 5 लीडर्स बीजिंग पहुंचे, ट्रम्प की नीतियों से बदल रहा ग्लोबल बैलेंस

**बीजिंग।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर बुधवार को 3 दिन के चीन दौरे पर पहुंचे। पिछले 2 महीने में 5 पश्चिमी देशों के नेता चीन जा चुके हैं। स्टार्मर से पहले फ्रांस, कनाडा, फिनलैंड और आयरलैंड के लीडर्स बीजिंग का दौरा कर चुके हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ की धमकियों ने पश्चिमी देशों को चीन के साथ रिश्ते सुधारने पर मजबूर कर दिया है।

यूनिवर्सिटी आफ सिडनी के अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और अमेरिकी इतिहास के एक्सपर्ट डा स्टुअर्ट रोलोका ने कहा कि ट्रम्प की आक्रमक नीतियों की वजह से ग्लोबल बैलेंस शिफ्ट हो रहा है। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के नाटो पर सवाल उठाने, ग्रीनलैंड पर कब्जे की मांग और गठबंधन की अनदेखी रवैयै ने यूरोपीय सहयोगियों में विश्वास की कमी पैदा की है। इसमें सबसे बड़ा रोल ट्रम्प की टैरिफ धमकियों का है। यूरोप के टैक्स फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने



■ इसमें सबसे बड़ा रोल ट्रम्प की टैरिफ धमकियों का है

दुनियाभर के देशों पर औसतन 10 से 25 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है। इससे व्यापार में अनिश्चितता का खतरा बढ़ गया है। यूरोपीय देशों पर लगे 15 प्रतिशत टैरिफ का सीधे तौर पर फ्रांस और जर्मनी पर पड़ा है। टैरिफ ने इन देशों में वित्तीय संकट और आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ा दी है। ट्रम्प ने इस महीने यूरोप के 8 देशों को 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे का विरोध कर रहे थे। हालांकि ट्रम्प ने बाद में अपना फैसला वापस ले लिया। ट्रम्प ने 23 जनवरी को स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन के मंच से अपने पश्चिमी सहयोगियों के खिलाफ कई विवादित बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब उस ग्लोबल सिस्टम की लीडरशिप नहीं करेगा, जिसे उसने दूसरे विश्व युद्ध के बाद अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर बनाया था। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अब यूरोपीय देशों को अपने बाजार और सैन्य सुरक्षा की सुविधा मुफ्त में नहीं देगा। उनका भाषण कभी आक्रामक, कभी नाराज और कभी खुद की तारीफ से भरा हुआ था। उन्होंने यूरोपीय सहयोगियों को ऐसे देश बताया जो अमेरिका का फायदा उठाते रहे हैं। ट्रम्प ने ये भी कहा कि वे अपने 'ट्रेड वार' को आगे बढ़ाएंगे और टैरिफ को अमेरिकी बाजार में आने की कीमत बताया। अपने भाषण में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया को संभाले हुए है।

# अमेरिका में सस्ती दवाओं के लिए वेबसाइट लॉन्च करेंगे ट्रम्प

## 800 प्रतिशत तक खर्च कम होगा, 16 कंपनियों से समझौता, बदले में 3 साल का टैरिफ छूट दी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन इस महीने 'ट्रम्प-आर' नाम की एक नई सरकारी वेबसाइट लॉन्च करने जा रहा है। इस प्लेटफार्म के जरिए मरीज दवा कंपनियों से सीधे कम दामों पर दवाएं खरीद सकेंगे। प्रशासन का दावा है कि इस पहल से अमेरिकी लोगों के दवा खर्च को 800 प्रतिशत तक कम किया जाएगा।

ट्रम्प प्रशासन ने पिछले साल सितंबर से अब तक 16 बड़ी दवा कंपनियों के साथ समझौते किए हैं। इन समझौतों को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन)' डील्स कहा गया। बदले में दवा कंपनियों को 3 साल तक इम्पोर्टेड दवाओं पर टैरिफ से छूट मिलेगी। यह योजना चुनावी वादों और 'अमेरिका फर्स्ट' हेल्थ पालिसी से जुड़ी मानी जा रही है। ट्रम्प का कहना है कि दूसरे अमीर देश अमेरिका में बनी दवाइयां कम कीमत पर खरीदते हैं, जबकि अमेरिकियों को इसके लिए तीन गुना ज्यादा कीमत चुकाना पड़ता है। यह प्रोग्राम सुनिश्चित करेगा कि दवा कंपनियां उसी दाम पर दवा बेचे जो बाकी देशों में मिल रही है। अमेरिकी कंपनियां दवाओं के रिसर्च, टेस्टिंग, फैक्ट्री करोड़ों-खरबों रुपये खर्च करती है। दुनिया भर में यह दवा बेची जाती है। अमेरिका में यह दवा बहुत महंगी है, जबकि यूरोप, कनाडा, जापान जैसे अमीर देशों में वही दवा बहुत सस्ती मिलती है। दरअसल, उन देशों की सरकार कम कीमत पर दवा खरीदने की मांग करती है और ऐसा न करने पर डील रोकने का खतरा रहता है। बाजार खोने के डर से कंपनियां कम कीमत में दवाइयां मुहैया करवाती है। ट्रम्प का मानना है कि अमेरिकी लोगों के पैसे से ही नई दवाइयां बनती हैं। दूसरे देश कम पैसा देकर इसका फायदा उठाते हैं। ट्रम्प के मुताबिक वह अमेरिका की मेहनत पर श्फ्री राइडश करते हैं। इसलिए इस एमएफएन प्रोग्राम में फैसला किया गया है कि अब अमेरिका में भी दवा की कीमत सबसे कम होगी जो किसी अमीर देश में मिलती है। कंपनियों से कहा गया कि अमेरिका को भी वही सस्ती डील दो।



■ यह योजना चुनावी वादों और 'अमेरिका फर्स्ट' हेल्थ पालिसी से जुड़ी मानी जा रही है

## नियामी हवाई अड्डे पर हमला, जवाबी कार्रवाई में 20 हमलावर ढेर

**नियामी।** दक्षिण अफ्रीकी देश नाइजर के रक्षा-सुरक्षा बल (एफडीएस) ने राजधानी नियामी के डियोरी हमानी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को हुए हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में कम से कम 20 हमलावरों को मार गिराया और 11 अन्य को गिरफ्तार कर लिया। नाइजर के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सुरक्षा बलों ने हमलावरों के पास से भारी मात्रा में युद्ध सामग्री और उनके द्वारा इस्तेमाल की गई कई मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। मंत्रालय के अनुसार यह हमला बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात को हुआ, जब 'भाड़े के सैनिकों' (मर्सनरी) के एक समूह ने हवाई अड्डे के पास स्थित एयर बेस 101 को निशाना बनाया।



